V2U FINANCIALS
(MONEY ALWAYS MATTERS)
Varun Sethi 9540058088
Vishal Sharma 9999168327
Dinesh Gandhi 9971301172
Deals in :
Mutual Funds / Stock Broking / Corporate FD / Health Insurance / General Insurance /
SCO-21, First Floor, Omaxe World Street Sec-79, Greater Faridabad
E-mail : v2ufinacialconsutants@gmail.com Website : www.investmentindia.in

वर्षः 3, अंकः 32,
पलवल,
शुक्रवार,
19 जनवरी 2024
पृष्ठः 12
मूल्यः 4 रुपये


RNI No. HARHIN/2021/81389
www.deshrojana.com

# देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक
बेबाक सच...

सोना (24 कैरेट) ₹ 63,895.00 प्रति 10 ग्राम
चांदी ₹759 प्रति 10 ग्राम

मौसम
सूर्योदय...7:14 (बजे)
सूर्यास्त...5:38 (बजे)
अधिकतम...16⁰ (+2)
न्यूनतम... 7⁰ (+2)



P 12 रोहित शेट्टी ने लगाई 'गोलमाल 5' पर मुहर

**कर्मचारियों की भावना और उनके अनुरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने लिया फैसला**

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश में रहेगी आधे दिन की छुट्टी

- लोगों से घरों में दीपक जलाने और गरीबों को खाना खिलाने की अपील

**एजेंसी, अयोध्या**



अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन पूरे देश में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक देशभर में सरकारी कार्यालयों और केंद्र सरकार के स्कूलों-संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। । ऐसा इसलिए ताकि लोग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकें। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए खत में कहा गया है कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है।

पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों से राम मंदिर को लेकर फीडबैक लिया है।बता दें कि मंत्रियों से कहा गया कि वे 22 जनवरी को अपने घरों में ही दीपक जलाएं और गरीबों को खाना खिलाएं। दीपावली जैसा उत्सव मनाने को कहा गया है। 22 जनवरी के बाद अपने अपने संसदीय क्षेत्रों के लोगों को अयोध्या के लिए ट्रेनों में रवाना करने के लिए भी कहा गया है। इसकी पूरी व्यवस्थान देखने और खुद भी ट्रेन में उनके साथ अयोध्या जाने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि सादगी से यह सब करना है ताकि सौहार्द तथा सद्भाव बना रहे।

### रामलला की मूर्ति तय स्थान पर स्थापित

अयोध्या में आज पूजा-अनुष्ठान के बीच आज रामलला की मूर्ति गर्भगृह के तय स्थान पर स्थापित की गई। शाम को तीर्थ पूजन, जल यात्रा समेत कई और पूजा-पाठ के कार्यक्रम संपन्न हुए। इससे पहले कल भी गर्भगृह में मूर्ति के पहुंचने के बाद पूजा-पाठ का विशेष दौर चला था।

## पीएम ने राम मंदिर पर जारी किए डाक टिकट

- छह डाक टिकट राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी पर आधारित

**देश रोजाना ब्यूरो, अयोध्या**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों की एक पुस्तक जारी की और कहा कि ये श्री राम, माता सीता और रामायण की एक झलक पेश करते हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि डाक टिकट केवल कागज या कलाकृति का एक टुकड़ा भर नहीं हैं बल्कि यह महाकाव्यों और महान विचारों का एक लघु रूप हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई ह्यमंगल भवन अमंगल हारी' सूर्य, सरयू नदी और मंदिर की एवं इसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छह डाक टिकट राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी पर हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि राम, सीता और रामायण का महात्मय समय, समाज, जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से परे है और ये हर किसी को जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामायण ह्यप्रेम की जीत' का संदेश देता है और मानवता को जोड़ते हुए लोगों को सबसे कठिन समय में त्याग, एकता और बहादुरी सिखाता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि महाकाव्य वैश्विक आकर्षण का केंद्र रहा है और हर जगह इसे सम्मान दिया जाता है। डाक टिकट पर आधारित पुस्तक पर भगवान राम की अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को दर्शाया गया है।

**न्यूज Window**

### ज्ञानवापी परिसर के बेसमेंट की चाभी डीएम को सौंपने का आदेश

**देश रोजाना ब्यूरो, वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित बेसमेंट की चाभी जिलाधिकारी को सौंपने का आदेश दिया है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि परिसर में दक्षिणी छोर पर स्थित व्यास जी के तहखाने की उचित देखभाल की जरूरत है। अदालत ने कहा, इसलिए वाराणसी के जिलाधिकारी को व्यास जी के बेसमेंट का रिसीवर नियुक्त किया जाता है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता यादव ने पहले कहा था कि अधिकारियों ने 1993 में तहखाने में अवरोधक लगा दिया था और उसमें ताला लगा दिया था। यादव ने अपनी याचिका में दावा किया था कि इससे पहले तहखाने का इस्तेमाल पुजारी सोमनाथ व्यास द्वारा पूजा के लिए किया जाता था।

### हूती विद्रोहियों पर अमेरिका का हमला 14 मिसाइलें नष्ट

**एजेंसी, न्यूयार्क।** यमन के हूती विद्रोहियों का आतंक लाल सागर में लगातार जारी है। हूतियों के खिलाफ अमेरिका ने नए सिरे से हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका ने बुधवार को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर एक और हमला किया। टारगेट और कितनी मिसाइलें दागी गईं, इस बात की कोई जानकारी अधिकारियों ने नहीं दी। बता दें कि लाल सागर में हूती नवंबर महीने से लगातार जहाजों को निशाना बना रहे हैं, जिसकी वजह से एशिया और यूरोप के बीच व्यापार धीमा हो गया है, इस वजह से हर कोई चिंता में है। यमन के ज्यादातर हिस्सों को नियंत्रित करने वाले हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हूतियों ने पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटिश हमलों के जवाब में अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने के लिए अपने हमलों के विस्तार की धमकी दी थी।

### मणिपुर में भीड़ के हमले में बीएसएफ के तीन जवान घायल, लगा कर्फ्यू

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में बंदूकधारियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कम से कम तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि बुधवार देर रात भीड़ में से कुछ बंदूकधारियों ने थौबल पुलिस मुख्यालय में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया और सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की। बयान के अनुसार उग्र भीड़ ने थौबल जिले के खंगाबोक में तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन को निशाना बनाया, सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करके उन्हें खदेड़ दिया।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव स्थगित, अब 6 फरवरी को होगा इलेक्शन

- चुनाव टालने का कारण बताया जा रहा पीठासीन अधिकारी का बीमार होना

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के नगर निगम मेयर के चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। चुनाव की नई तारीख भी घोषित कर दी गयी है। अब 6 फरवरी को चुनाव होंगे। 18 जनवरी को होने वाले मेयर के चुनाव को टालने का कारण पीठासीन अधिकारी का बीमार होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी अनिल मसीह बीमार हो गए हैं और इस वजह से मेयर चुनाव को टाला दिया गया है।

गौरतलब है कि चंडीगढ़ महापौर का चुनाव गठबंधन में लड़ने को लेकर आप और कांग्रेस के बीच सहमति बन गई थी। सूत्रों ने कहा था कि व्यवस्था के तहत आप महापौर की सीट के लिए लड़ेगी जबकि कांग्रेस वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर चुनाव लड़ेगी। आप के 13 और कांग्रेस के सात पार्षद हैं। सदन में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का एक पार्षद है। महापौर, वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद के लिए अब 6 फरवरी को मतदान होगा। कांग्रेस ने 2022 और 2023 में मतदान में भाग नहीं लिया था जिससे महापौर के चुनाव में भाजपा की जीत हुई। सदन के पांच साल के कार्यकाल के दौरान हर साल तीन पदों के लिए चुनाव होते हैं।

## पाकिस्तान का ईरान पर मिसाइल हमला, चार बच्चों समेत नौ की मौत

- हमले के बाद पाकिस्तान ने ईरान से की संयम बरतने की अपील

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



ईरान की स्टेट मीडिया ने पाकिस्तान द्वारा किए गए मिसाइल हमले में तीन महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि गुरुवार सुबह खबर आई थी कि पाकिस्तान ने ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया है। पाकिस्तान के हमले के दावों के बीच अब ईरान की स्टेट मीडिया ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। इन सब के बीच अब पाकिस्तान ने ईरान से अपील की है कि संयम से काम लें, माहौल बिगाड़ने वाला कदम न उठाएं। पाकिस्तान ने इसे देश की सुरक्षा के खिलाफ आक्रामकता के जवाब में ईरान द्वारा उठाया गया एक और निर्णायक कदम बताया था। ईरान द्वारा मिसाइल और ड्रोन दागे जाने से पाकिस्तान में खासा गुस्सा देखा गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान ने गुरुवार सुबह कथित तौर पर बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की चौकियों पर हमला किया। हमले के बाद अब पाकिस्तान ने ईरान से संयम बरतने की अपील की है।

## मोदी सरकार देश में सबसे भ्रष्ट जनता को लूट रही भाजपा

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पांचवां दिन, नगालैंड से असम पहुंचे राहुल गांधी

**एजेंसी, कोहिमा**



कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी नगालैंड से असम पहुंचे। उन्होंने असम के शिवसागर जिले में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। राहुल ने कहा- भाजपा और आरएसएस देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है।

राहुल ने असम में भाजपा की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा- असम में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा देश में नफरत फैलाने के साथ जनता का पैसा लूट रही है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम का मुद्दा उठाएंगे। राहुल ने कहा- मणिपुर में सिविल वॉर का माहौल बना हुआ है। पीएम मोदी आज तक वहां नहीं गए। नगालैंड में पीएम ने बड़े वादे किए थे। वहां के लोग पूछ रहे हैं कि पीएम के वादों का क्या हुआ।

## वडोदरा में नाव पलटी, 13 बच्चों सहित 15 लोगों की डूबने से मौत

- लोगों ने 12 को बचाया; सेल्फी लेते समय बैलेंस बिगड़ा, किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी

**एजेंसी, वडोदरा**

गुजरात के वडोदरा में गुरुवार दोपहर हरणी लेक में एक नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों और दो टीचर की मौत हो गई। नाव में सवार बाकी 10 बच्चे और 2 टीचर को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालांकि उनकी हालात की जानकारी अभी नहीं मिल सकी है।

हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। वे सेल्फी लेने के लिए नाव में एक तरफ आ गए थे, जिसकी वजह से नाव पलट गई। इनमें से किसी भी बच्चे या टीचर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से जब नाव पलटी तो सभी पानी में डूबने लगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा- वडोदरा की हरनी झील में नाव पलटने से बच्चों की डूबने की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। मैं जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दयालु ईश्वर उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दे।

### पीएम मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

मृतकों के परिवार को दो लाख, घायलों को 50 हजार का मुआवजा देने की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वडोदरा की हरणी झील में नाव पलटने से हुई जनहानि से मैं दुखी हूं। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### रिश्वत लेती एएसआई रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की हिसार टीम ने आज डबवाली पुलिस थाने में तैनात एएसआई कमला को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत प्राप्त हुई थी कि आईओ कमला ने डबवाली पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर में से जांच के दौरान शिकायतकर्ता को लाभ पहुंचाने की एवज में 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी है। शिकायत पर ब्यूरो टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और उसे 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## कत्ल को बीमारी बनाकर रिश्वत लेने वाला एसएचओ गिरफ्तार

**देश रोजाना ब्यूरो, पानीपत**

- पानीपत में उसी के थाने में हुई थी एफआईआर
- कातिलों से मिलकर एक्सटॉर्शन-ब्लैकमेल किया

पानीपत पुलिस के चांदनीबाग थाना के तत्कालीन एसएचओ इंस्पेक्टर कर्मबीर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर पर उसी के थाने में ब्लैकमेलिंग और एक्सटॉर्शन के अलावा अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद से एसएचओ पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। बुधवार देर रात पुलिस की सीआईए-1 टीम ने एसएचओ को पकड़ लिया। कर्मबीर को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में नामजद एएसआई सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

डीएसपी नरेंद्र कादियान ने कहा कि पूछताछ में कर्मबीर ने बताया कि उसे हत्या होने का पता था। आरोपियों से मिलीभगत कर पैसों के लालच में मामले को रफा-दफा किया था। इतना ही नहीं तमाम सबूत (सीसीटीवी, प्रत्यक्षदर्शी) को भी मानने से इनकार किया था। यहां तक कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पसलियां टूटने की बात आई थी। इसे भी दरकिनार कर दिया था। हालांकि पैसे पुलिस के पास आए नहीं थे, ये पैसे दलाल के पास रखे थे।

बबैल नाका के पास रहने वाले राजू ने बताया था कि 18 दिसंबर 2023 की रात करीब 7 बजे वह साथी आरिफ के साथ खाना खाने के लिए प्रेमी ढाबे में गया था। जहां आरिफ की ढाबे पर वेटर का काम करने वाले चौटाला नाम के युवक से कहासुनी हो गई। बहस बढ़ने पर चौटाला ने पहले खुद आरिफ से मारपीट की। फिर साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से पिटवाया। मारपीट के बाद आरिफ की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।

मृतक आरिफ के भाई नफीस ने बताया कि वे मामले की शिकायत लेकर पुलिस के पास गए। जहां पुलिस ने परिजनों को कहा कि वे लिख कर दे दें कि आरिफ की बीमारी से मौत हुई है। परिजनों ने कार्रवाई न करने पर एसपी को शिकायत कर दी थी। जिसके बाद एसपी शेखावत ने इसकी जांच सीआईए वन पुलिस टीम से करवाई।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले हरियाणा में अलर्ट

- गुरुग्राम-फरीदाबाद समेत सात जिले सेंसिटिव जोन में; नूंह में रहेगी टाइट सिक्योरिटी

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हरियाणा के 7 जिलों में पुलिस अलर्ट हो गई है। नूंह, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, झज्जर, यमुनानगर और जींद के सेंसिटिव जोन पर पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है। खासकर मंदिर और मस्जिद जैसे धर्म स्थलों को लेकर पुलिस एक्टिव है।

### नूंह में कई स्थान संवेदनशील

आगामी प्रतिष्ठा से पहले नूंह पुलिस ने कई स्थानों को संवेदनशील घोषित किया है। जहां अगस्त 2023 में जलाभिषेक यात्रा के दौरान झड़पें हुई थीं, वहां और सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी नरेंद्र बिजारनिया ने बताया कि 'सेंसटिव' स्थानों के पास विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सोशल मीडिया नेटवर्क पर भी नजर रख रहे हैं।

पुलिस की ओर से सलाह दी गई है कि ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश की यात्रा करने से लोग परहेज करें। इसके अलावा जिलों में पहले हुई हिंसा के केसों में उपद्रवियों की पहचान के प्रयास हो रहे हैं।

**तिरछी नजर**

**धर्मेंद्र व्यास**




**घोटाला** फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन ग्रांट में करोड़ों के घोटाले की सीबीआई जांच की तैयारी

# केंद्र सरकार की सख्ती से उड़ी अफसरों की नींद

**जांच**

- राज्य सरकार पिछले साल ही कर चुकी 10 अफसरों पर कार्रवाई

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़**



हरियाणा में भाजपा के शासनकाल में किसानों को फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाईजेशन (एफपीओ) की ग्रांट बांटने में करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आया है। केंद्र सरकार इसकी जांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) से कराने जा रही है। इसे बारे में राज्य सरकार को लेटर लिखकर उसकी सहमति मांगी गई है। राज्य सरकार को भी केस सीबीआई को सौंपने पर आपत्ति नहीं है और उसके स्तर से इससे जुड़ा लेटर अगले हफ्ते तक केंद्र को भेज दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार इस घोटाले को लेकर पिछले साल ही हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट के 10 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। इक्विटी ग्रांट के तहत पहले हर एफपीओ को 10 लाख रुपए मिलते थे, जिसे 2022 में केंद्र सरकार ने बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दिया।

केंद्र का लेटर मिलने के बाद मामला सीबीआई को हैंडओवर करने से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करते हुए गृह विभाग ने इसकी फाइल सीएमओ भेज दी है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक घोटाले से जुड़ी सभी फाइलों को लेकर सरकार अपना सहमति पत्र केंद्र को भेज देगी। उधर, केंद्र सरकार की सख्ती को देखते हुए हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग के अफसरों के साथ-साथ कुछ फर्म मालिकों की नींद उड़ गई है। सूत्रों की मानें तो इस घोटाले में विभाग के कई बड़े अफसर लपेटे में आएंगे।

### केंद्र के पास क्या पहुंची शिकायत

फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेनाईजेशन (एफपीओ) की ग्रांट बांटने में गड़बड़ी से जुड़ी एक शिकायत केंद्र सरकार के पास पहुंची थी। इस शिकायत में कहा गया कि हरियाणा सरकार के हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट के अफसरों ने एफपीओ के नाम पर मंजूर होने वाली ग्रांट किसानों के बैंक खातों में जमा नहीं करवाई। इसी शिकायत में दावा किया गया कि मुख्यमंत्री के स्तर से करवाई गई सीआईडी जांच में इस गड़बड़ी का खुलासा हो चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट में राम को काल्पनिक बताने वाले पूर्व सांसद का वीडियो वायरल

- राममय हुए सिब्बल को फारूक अब्दुल्ला ने सुनाया राम भजन
- राम मंदिर को लेकर देश में सियासत भी चरम पर

**देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली**



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूरा देश उत्साहित है तो इस बीच राम मंदिर को लेकर देश में सियासत भी चरम पर पहुंची हुई है। आज राम मंदिर को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के बीच बातचीत का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वीडियो को 'दिल से विद कपिल सिब्बल' यूट्यूब चैनल पर शेयर किया गया है। इसमें कभी सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले पूर्व सांसद राममय नजर आ रहे हैं तो जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री से भजन सुनाने की फरमाइश करते भी दिखते हैं।

वायरल हुए वीडियो में दोनों नेता बातचीत के दौरान देश के तमाम मुद्दों पर बात करते हैं। इसी क्रम में दोनों ने राम मंदिर के साथ भगवान राम के जीवन पर भी बात की। सांसद कपिल सिब्बल ने साक्षात्कार में जब फारूक से पूछा कि क्या आप भी भगवान राम को मानते हैं तो उन्होंने कहा कि वो भगवान के साथ उनके आदर्शों को भी मानते हैं। वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक ने इस दौरान पाकिस्तान के मौलाना की भी कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के एक मौलाना ने कुरान की तर्ज पर कई किताबें लिखी थीं। उन्होंने कहा कि उनमें दो शख्सियतों का ही जिक्र था, जिनमें भगवान राम और दूसरे गौतम बुद्ध थे।

उन्होंने कहा कि दोनों ने राजा का पद छोड़कर सबके साथ इंसाफ की बात की और सभी को सच्चाई का रास्ता दिखाया। कपिल सिब्बल जब अपने साक्षात्कार को खत्म कर रहे थे, तो उन्होंने फारूक से कहा कि आप बहुत अच्छा भजन गाते हैं, कुछ सुनाइए। इसके बाद एनसी नेता ने 'मेरे राम, मेरे राम...किस गली गयो मेरे राम,.किस गली गयो मेरे राम...आंगन मेरा सूना सूना' भजन गाकर सुनाया।

इस साक्षात्कार के दौरान कपिल सिब्बल और फारूक अब्दुल्ला ने भाजपा पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग राम की बात तो करते हैं, लेकिन उनके आदर्शों पर नहीं चलते हैं। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि भगवान तो सभी के होते हैं और हम भगवान राम को मानते भी हैं और उनके आदर्शों पर चलने को भी तैयार हैं। बता दें कि कपिल सिब्बल ने राम मंदिर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुन्नी वक्फ बोर्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए केस लड़ा था। कपिल सिब्बल उन वकीलों में भी शामिल थे, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर राम को काल्पनिक बताया था।

# गर्भगृह में जाने से पहले सरयू स्नान करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## आस्था की डुबकी

- 21 को ही अयोध्या पहुंचेंगे प्रधानमंत्री, हनुमानगढ़ी के अलावा मां सीता की कुलदेवी देवकाली मंदिर में भी दर्शन की है तैयारी

**देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली /अयोध्या**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में नए और भव्य मंदिर में रामलला के गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले सरयू में आस्था की डुबकी लगाएंगे। यहां स्नान के बाद सरयू का पवित्र जल लेकर राम मंदिर तक पैदल जाएंगे। केंद्रीय और स्थानीय स्तर तैयारियों में जुटे उच्चाधिकारियों ने संकेत दिया है कि प्रधानमंत्री के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले ही 21 जनवरी को अयोध्या पहुंच जाने की तैयारी है।

मौसम के मिजाज को देखते हुए ऐहतियातन आयोजन वाले दिन अन्यत्र से वायुमार्ग से अयोध्या पहुंचने के विकल्प पर तैयारियों में जुटी उच्चाधिकारिक टीम का पूरा फोकस है। इसके लिए मौसम विभाग के अलावा अन्य सभी से लगातार केंद्रीय स्तर पर तालेमल बनाकर रखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम वाले दिन हनुमानगढ़ी के अलावा मां सीता की कुलदेवी देवकाली मंदिर में भी दर्शन के लिए जा सकते हैं। उसकी भी तैयारी चल रही है। साथ ही पीएम जगदगुरु रामभद्राचार्य के अमृत जन्मोत्सव व उनके श्रीरामचरित मानस प्रवचन में भी शामिल होंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का 22 जनवरी को रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में आगमन पहले से सुनिश्चित है। अब उनके अयोध्या दौर से जुड़े कुछ नए कार्यक्रमों पर भी विचार किया जा रहा है। इसके लिए रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समेत प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एसपीजी के साथ मंथन कर रहे हैं। एसपीजी की ओर से हरी झंडी दिए जाने के बाद ही इसे फाइनल किया जाएगा।

अब तक की तैयारी के अनुसार, पीएम के अयोध्या प्रवास के दौरान 22 जनवरी को उनके सुबह की शुरूआत सरयू स्नान के साथ होगी। यहां स्नान के बाद कलश में जल लेकर पीएम राम पथ से भक्ति पथ होकर राम मंदिर की ओर बढ़ेंगे। भक्ति पथ पर ही हनुमानगढ़ी स्थित है। राम मंदिर में प्रवेश से पहले मोदी हनुमंत लला को अपनी श्रद्धा निवेदित करेंगे। प्रशासन और एसपीजी इस बिंदु पर माथापच्ची कर रहे हैं कि राम जन्मभूमि पथ की दूरी ज्यादा है। ऐसे में भक्ति पथ को ही प्रधानमंत्री का रूट तय किया जाए। भक्ति पथ पर ही छोटी देवकाली मंदिर है। मां सीता की कुलदेवी के रूप में इनकी महत्ता को देखते हुए मोदी यहां भी दर्शन-पूजन कर सकते हैं।

# राम मंदिर में अपने आसन पर विराजे रामलला

- अनुष्ठान के तीसरे दिन दोपहर से शुरू हुआ मुख्य कर्मकांड का शुभारंभ

**देश रोजाना ब्यूरो, अयोध्या**



यहां प्रभु श्रीराम के धाम में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कर्मकांड आज दोपहर शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हो गया। इससे पहले रामलला की अचल मूर्ति को बुधवार देर रात गर्भगृह में पहुंचा दिया गया है। आज शाम तक उन्हें विधि विधान पूर्वक अपने आसन पर विराजमान कर दिया गया। इससे पहले गुरूवार दोपहर कर्मकांड की शुरूआत गणेश पूजन के साथ होगी। किसी भी अनुष्ठान के शुभारंभ से पहले भगवान गणेश का आवाहन किया जाता है। इसी मान्यता के चलते गणेश पूजन व अंबिका पूजन के साथ अनुष्ठान शुरू हुई।

इसके पहले बुधवार को रामलला की चांदी की प्रतिमा को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी लेकिन सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने के कारण परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा से पूरी कराई गई।

10 किलो वजनी चांदी की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर नगर का भ्रमण कराया। इस बीच मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। आचार्यों, मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व डॉ. अनिल ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया। इसके बाद निमोर्ही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।

# आगन्तुकों की सेवा के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टेंट सिटी तैयार





- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों ट्रस्ट की ओर से की जा रही व्यवस्था का लिया था जायजा

**प्रतिदिन बन रहा 2000 लोगों का भोजन, मणि पर्वत के पास तीर्थ क्षेत्र पुरम में 8000 लोगों के लिए की गई रुकने की व्यवस्था**

**देश रोजाना ब्यूरो, अयोध्या**

मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी।

तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है।

छावनी योग केंद्र की टेंट सिटी के प्रभारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज हैं। यहां की व्यवस्था में दर्शन, महेश, डा.परमानंद, रनदीप पोखरिया, धईरजजई, कुलदीप रावल, ब्रजेशानंद, राम मिलन, पंकज आदि लगे हैं।

# अयोध्या धाम में वॉल पेंटिंग से लेकर रेत शिल्प पर उकेरे जा रहे भगवान राम

## पेंटिंग कार्यशाला

- प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन
- संस्कृति विभाग के तहत ललित कला अकादमी की ओर से तैयार की गई है कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा

**देश रोजाना ब्यूरो, अयोध्या**





योगी सरकार अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये कार्यक्रम पूरी गति से शुरू हो चुके हैं और प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी यह अनवरत जारी रहने वाले हैं।

राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सीआरपीएफ की दीवार पर लगभग तीन हजार वर्गफीट, अयोध्या कलेक्ट्रेट भवन की दीवार पर लगभग 1500 वर्गफीट एवं राम की पैड़ी मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग के भवन की दीवार पर लगभग 1200 वर्गफीट के क्षेत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 40 कलाकारों द्वारा वॉल पेंटिंग की जा रही है। इसके अलावा महर्षि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महर्षि वाल्मीकि की ब्रांज की प्रतिमा, सूर्यकुंड पर भगवान सूर्य एवं गणेश कुंड पर भगवान गणेश की ओडिशा सैंड स्टोन की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। वहीं 18 जनवरी से भगवान राम एवं रामचरित पर आधरित भगवान राम की बाललीला, भगवान राम की गुरुकुल लीला, हनुमान लीला, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, राम-जटायु मिलन, हनुमान सीता मिलन जैसे विभिन्न परिदृश्यों पर चित्रकला के साथ मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 50 कलाकारों द्वारा 40 चित्रों एवं 10 मूर्तियों का सृजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के 10 जनपदों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, बरेली और लखनऊ में भगवान श्रीराम और उनके जीवन चरित्र पर आधारित होम स्टूडियो कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 1 फरवरी से 29 फरवरी के बीच होगी। कार्यशाला में चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन अयोध्या धाम में किया जाएगा।

राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के लिए मेंहदी एवं फूलों की वाटिका कार्यशाला का आयोजन एशिया डेलफिक काउसिंल के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें एक हजार कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

इसके अलावा रामोत्सव के कार्यक्रम के मद्देनजर प्रदेश एवं देश के फोटोग्राफी कलाकारों के लिए स्वतंत्र फोटोग्राफी प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 20 जनवरी को होगी और समापन 23 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता में चयनित कृतियों की प्रदर्शनी अकादमी की ओर से रामकथा पार्क लगाई जाएगी। वहीं विजेता कलाकारों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं नयाघाट स्थित सरयू नदी के तट पर ओडिशा के अंतरराष्ट्रीय रेतशिल्प कलाकार पद्मश्री डॉ. सुदर्शन पटनायक अपने सात सहयोगी कलाकारों के साथ भगवान श्रीराम एवं रामचरित आधारित रेतशिल्प कला शिविर का आयोजन करेंगे, जिसे विश्व रिकार्ड में दर्ज कराया जाएगा।

## 22 को आधे दिन बंद रहेंगे केंद्रीय सरकारी दफ्तर

**देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किए। पीएम ने इसी के साथ दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की। इस डाक टिकट पर अलग-अलग डिजाइन भी बने हैं। इसी के साथ अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर 22 जनवरी को केंद्र सरकार ने अपने सारे सरकारी दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी (हाफ डे) घोषित की है।

उस दिन पीएम मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और इससे पहले ही अनुष्ठान भी शुरू हो गया है। सात दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान का आज तीसरा दिन है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। ये निर्णय लोगों के उत्साह को देखते हुए लिया गया है। इससे पहले भी कई राज्यों और कई स्कूलों में 22 जनवरी को छुट्टी की घोषणा की गई है।

## बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी योगी सरकार


# राम पथ पर मिलेगी जाम से मुक्ति, श्रद्धालुओं को बाधारहित दर्शन होंगे सुलभ

**देश रोजाना ब्यूरो, अयोध्या**

## रामोत्सव 2024

- अयोध्या में श्रद्धालुओं की मदद के लिए ई कार्ट चलाए जाने की बन रही योजना
- कॉर्पोरेट हाउसेस के सीएसआर फंड से चलाई जाएंगी ई कार्ट, पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई कार्ट
- अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से की जा रही पहल, श्रद्धालुओं को जल्द मिलेगी सुविधा



22 जनवरी को नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी।

इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह ई कार्ट जन्मभूमि पथ तक ले जाएगी, यहां से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी, जो बिल्कुल निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकें, इसके लिए यह व्यवस्था शुरू करने की योजना है। इसके लिए हमने उन कॉर्पोरेट हाउसेस को यहां ई कार्ट या गोल्फ कार्ट सेवा प्रदान करने के लिए कंट्रीब्यूशन हेतु प्रस्ताव भेजा है। ये ऐसे कॉर्पोरेट हाउसेस हैं जो पहले भी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में सेवा कार्य करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं। इनकी सहमति मिलने के बाद इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए। इसमें ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम जनवरी से मार्च तक 650 ई कार्ट्स उतारने जा रहे हैं। एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने पूरी अयोध्या की कनेक्टिविटी के लिए जो हाइपरलूप मॉडल तैयार किया है, ये प्रोजेक्ट उसी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में राम पथ पर 4 व्हीलर्स पर रोक रहेगी, तब ये ई कार्ट ही लोगों को दर्शन कराएंगी। दिव्यांगों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए ये पूरी तरह निशुल्क रहेंगी। इन ई कार्ट्स की ओनरशिप एडीए की रहेगी और ये विभिन्न लोकेशंस से ऑपरेट की जाएंगी।

### सीएसआर फंड से की जाएगी सुविधाओं की व्यवस्था

अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रस्ताव कॉर्पोरेट हाउसेस को दिया गया है उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। इसमें ई कार्ट या गोल्फ कार्ट के मेंटिनेंस, इसकी निगरानी, पार्किंग, ड्राइवर के चयन और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में जानकारी दी गई है। यह सेवा निजी कंपनियों के सीएसआर फंड यानी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी फंड के माध्यम से शुरू की जाएगी। मालूम हो कि कई बड़ी कंपनियां अपने व्यापार के अतिरिक्त समाजसेवा के लिए इस तरह के फंड बनाती हैं। कॉर्पोरेट हाउसेस की ओर से इस पर सहमति मिलने के बाद अयोध्या में इस सेवा को और भी विस्तार दिया जा सकेगा। इस सेवा के शुरू होने से न सिर्फ अयोध्या के धार्मिक स्थलों पर वाहनों के जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ दर्शन कराए जा सकेंगे।

# राजनीति का विषय नहीं हो सकते राम : रणदीप सिंह सुरजेवाला

- हिसार में कांग्रेस संदेश यात्रा में पहुंचकर बोले- जजपा-भाजपा को हटाने के लिए शुरू की यात्रा, सीबीआई-ईडी का हो रहा दुरुपयोग

**देश रोजाना ब्यूरो**

**हिसार।** यहां कांग्रेस संदेश यात्रा के दूसरे दिन रणदीप सिंह सुरजेवाला शामिल हुए और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे प्रभु श्रीराम पर जारी सियासत पर जमकर बोले। कहा कि भगवान श्रीराम न भाजपा के हैं और न ही कांग्रेस के हैं। राम ब्रह्मांड के हैं और कण -कण में हैं। हरियाणा में सुबह की शुरूआत राम नाम से ही होती है। राम बलिदान, त्याग, कर्तव्य और सनातन हैं। राम कभी बंटवारा का हिस्सा नहीं हो सकते। राम नफरत नहीं हो सकते। भाजपा राम मंदिर को भी अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रही है। हमारा कहना है कि राम राजनीति का विषय नहीं हो सकते हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सीबीाई, ईडी और इनकम टैक्स इन सब एजेंसी का दुरुपयोग कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो संकल्प यात्रा निकल जा रही है उसका मुकाबला इस यात्रा से नहीं किया जा सकता। प्रदेश की जनता के पैसों से बीजेपी सरकार संकल्प यात्रा निकाल रही है। यात्रा में भरपूर समर्थन आमजन से मिल रहा है ऐसे में जनता अब सत्ता



परिवर्तन की ओर है।

रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हजारों कार्यकताओं के साथ मिलकर हम तीनों कांग्रेस संदेश यात्रा निकाल रहे हैं जिसका उद्देश्य केंद्र और प्रदेश में सत्ता को बदलना है। बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी,महिलाओं का शोषण, परेशान किसान मजदूर मौजूदा सरकार का पर्यायवाची शब्द बन गया है। इसलिए जपपा- भाजपा सरकार को उखाड़ को फेंकना है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने 3500 किलोमीटर पैदल यात्रा की है जो आज तक किसी नेता ने नहीं निकली है। वहीं अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है। सरकार के विरोध में अलग जलाने की कोशिश की जा रही है तभी मौजूदा सरकार से लोगों को छुटकारा मिल सकता है।

इससे पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता की लगातार डिमांड आ रही थी कि उनके बीच में आकर उनसे मुलाकात करें। उसी के तहत हम तीनों ने मिलकर यात्रा की शुरूआत की है । सैलजा ने कहा सबसे जरूरी बात यह है कि खड़गे और राहुल गांधी जी का संदेश प्रदेशवासियों तक पहुंचना है। एक तरफ राहुल गांधी की यात्रा चल रही है उसी का ऑफ शूट यह यात्रा है। लोगों के बीच में जाकर राहुल जी का संदेश लोगों को बता रहे हैं । वहीं भाजपा की गलत नीतियों से जनता को अवगत करा रहे हैं। लोकतंत्र का गला घोटने का जो आज प्रयास किया जा रहा है जरूरी है कि हम सभी मिलकर उसे बचाए।

कुमारी शैलजा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में हरियाणा की 10 लोकसभा की सीटे भाजपा को मिली थी। ऐसे में इस बार कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए यात्रा की शुरूआत की गई है हमें उम्मीद है कि प्रदेश की सभी लोकसभा सीटे कांग्रेस पार्टी इस बार जीतेगी। यात्रा सुबह ग्राम चिकनवास आदमपुर विधानसभा से प्रारंभ होकर से अग्रोहा, नंगथला, किरोड़ी, बालक चौपटा, बालक होते हुए गांव पाबड़ा से सरसौद तक बरवाला बाइपास होते हुए ढाणी मिरदाद तक गई।

## एमएलए बनवा दो, दरवाजे पर सरकार खड़ी कर देंगे: सुरजेवाला

**हिसार।** पाबड़ा गांव में आयोजित जनसभा में मंच से रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हिसार, भिवानी, जींद, रेवाड़ी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर,अंबाला ये वो धरती है जो प्रदेश में सत्ता का परिवर्तन करती है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि हिसार जिले से सारे हल्कों के एमएलए कांग्रेस के बना दो हरियाणा का राज आपकी ड्योडी (दरवाजा) में लाकर रख देंगे। हिसार का इलाका राज में होते हुए भी राज में हिस्सेदारी नहीं होती। जिले की सभी सीटों पर कांग्रेस के विधायक बना देना। इस इलाके की ड्योडी (दरवाजा) पर ये वचन है। उन्होंने कहा कि हिसार इलाका राज का मोहताज रहा है। कई बार तो राज में होते हुए भी हिस्सेदारी नहीं होती। कुमारी सैलजा, किरण और सुरजेवाला इस मंच ये वचन लेते हैं कि राज आपकी ड्योडी (दरवाजा) लाकर रख देंगे। रणदीप, कुमारी सैलजा, किरण व सारे साथी व्यक्तिगत स्वार्थ की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। हमारे इलाके का कल्याण हो जाए व हमारे बच्चों को रोजगार मिल जाए, बस यही चाह है।

## प्रदेश में गेस्ट टीचरों का बढ़ा महंगाई भत्ता बढ़ा

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने सूबे के गेस्ट टीचरों को बड़ा तोहफा दिया है। करीब 12 हजार गेस्ट टीचरों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी बढ़ोतरी की गई है। गेस्ट टीचर सर्विस एक्ट-2019 के तहत सरकारी कर्मचारियों की तरह ही गेस्ट टीचरों को समान लाभ मिलेगा। इससे पहले सरकार अक्टूबर 2023 में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत गेस्ट टीचरों की मौत पर आश्रितों को 58 वर्ष की आयु तक पूरी सैलरी देने का फैसला ले चुकी है। राज्य में अभी 180 दिवंगत गेस्ट टीचरों की पत्नियों को इसका फायदा होगा। गेस्ट टीचर लंबे समय से एक्सग्रेसिया का लाभ देने की मांग कर रहे थे। गत दिनों यमुनानगर में पक्का करने की मांग को लेकर गेस्ट टीचरों पर लाठीचार्ज हुआ था। प्रदेश सरकार फिलहाल गेस्ट टीचरों की सेवाओं को नियमित नहीं करेगी। उन्हें नौकरी से भी नहीं हटाया जाएगा। इसका खुलासा खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर चुके हैं। हाल ही में हुए विधानसभा के विंटर सेशन में मनोहर लाल ने कहा था कि हरियाणा के गेस्ट टीचर रिटायरमेंट उम्र यानी 58 साल के होने तक सेवाओं में बने रहेंगे।

# 6 फरवरी को होगा चंडीगढ़ के मेयर का चुनाव

- मतदान से आधे घंटे पहले चंडीगढ़ प्रशासन ने किया चुनाव स्थगित, डीसी ने नई तारीख का किया ऐलान

**देश रोजाना ब्यूरो**




**चंडीगढ़।** गुरुवार को मतदान से आधे घंटे पहले चंडीगढ़ प्रशासन ने मेयर चुनाव स्थगित कर दिया। भारी हंगामे और मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद चंडीगढ़ के डीसी ने मेयर चुनाव की नई तारीख का ऐलान कर दिया है। आदेश के मुताबिक 6 फरवरी को मेयर चुनाव होंगे। वहीं इस मामले में 23 जनवरी को हाईकोर्ट सुनवाई करेगा।

गुरुवार को मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना था। सुबह 11 बजे से मेयर का चुनाव होना था लेकिन आधा घंटा पहले एक आदेश जारी कर चुनाव को टाल दिया गया। बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तबीयत खराब हो गई है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षद चुनाव के लिए निगम पहुंच गए थे। वहां उन्हें पता चला कि चुनाव रद्द हो चुका है। उन्होंने इसे भाजपा का प्लान बताया और कहा कि वह चुनाव हार रहे थे इसलिए चुनाव ही रद्द करवा दिया। डीसी ने शाम को आदेश जारी कर नई तिथि की घोषणा की है।

मेयर चुनाव में हिस्सा लेने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने पहली बार गठबंधन किया है और भाजपा के खिलाफ उतरे हैं। नगर निगम की तरफ से घोषणा की गई थी कि 18 जनवरी को सुबह 11 बजे से मेयर चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार टीटा और भाजपा के मनोज सोनकर के बीच मेयर पद पर मुकाबला था। वर्तमान में गठबंधन के पास 20 वोट हैं और भाजपा के पास 15। कोई उलटफेर नहीं होता तो गठबंधन का मेयर बनना तय था। चुनाव में हिस्सा लेने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सभी पार्षद रोपड़ से सुबह करीब 10:30 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्हें वहां पहुंचकर पता चला कि मेयर चुनाव रद्द कर दिया गया है। इससे आप और कांग्रेस के सभी पार्षद आग-बबूला हो उठे। इन सभी ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा देश में चुनाव ही खत्म करना चाहती है।

पार्षदों को पुलिस ने निगम के अंदर नहीं जाने दिया। कुछ पार्षदों ने पुलिस अधिकारियों से बात की और कहा कि वह निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। जनता ने उन्हें वोट दिया है और नगर निगम उनका हाउस है। वह हाउस में जाने से नहीं रोक सकते लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनकी एक नहीं सुनी। इसके बाद गठबंधन के पार्षदों ने नगर निगम के गेट पर ही बैठकर प्रदर्शन किया और अपना रोष जाहिर किया। पार्षद गुरप्रीत गाबी ने कहा कि चुनाव रद्द करवाकर भाजपा ने साबित कर दिया है कि वह बुरी तरह से डरे हैं। यह राजनीति का सबसे निचला स्तर है। सचिन गालव ने कहा कि दो राज्यों की राजधानी का यह हाल है, जहां एक चुनाव नहीं कराया जा रहा। ये लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

मेयर चुनाव रद्द होने का पहले पार्षदों के व्हाट्सएप ग्रुप में एक मैसेज आया। उसके काफी देर बाद नगर निगम की संयुक्त आयुक्त ने आदेश जारी किया। सभी पार्षदों को लिखे मैसेज में कहा गया कि 'अनिल मसीह के खराब स्वास्थ्य के संबंध में एक टेलीफोन संदेश प्राप्त हुआ है, जिन्हें चंडीगढ़ नगर निगम (प्रक्रिया और व्यवसाय का संचालन) विनियमन 1996, विनियम 6(1) के साथ पठित 60 (ए) के तहत मेयर पद के लिए 18 जनवरी को होने वाली बैठक के लिए पीठासीन प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उपरोक्त के मद्देनजर, अगले आदेश प्राप्त होने तक नगर निगम कार्यालय न पहुंचें।

### पार्षदों को भेजा पंजाब सीएम आवास

चुनाव रद्द होने की जानकारी मिलने के बाद कुछ देर तक पार्षदों ने अपना रोष जाहिर किया और भाजपा व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धीरे-धीरे पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया। राजनीति दलों के कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया। पार्षदों को लगा कि पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी। कुछ पार्षदों ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है। उन्हें गायब कर चुनाव में लाभ लेने की कोशिश की जा सकती है, इसलिए कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद मौके से हट गए और अलग-अलग गाड़ियों में उन्हें पंजाब मुख्यमंत्री आवास भेज दिया गया।

### नगर निगम कार्यालय के आसपास घूमते रहे सभी दलों के समर्थक

पुलिस ने नगर निगम को छावनी में तब्दील कर दिया था। करीब 600 पुलिस जवानों के साथ रैपिड एक्शन फोर्स तैनात रही। आईटीबीपी के जवानों को भी मोर्चे पर लगाया गया था। सुबह नौ बजे से नगर निगम की तरफ आने-जाने वाले सभी रास्तों पर नाके लगा दिए गए थे। इसके बावजूद सभी पार्टियों के समर्थक नगर निगम कार्यालय के आसपास घूमते रहे। आम आदमी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता प्लाजा तो कुछ अर्बन पार्क में मौजूद रहे। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता होटल शिवालिक के पास नजर आए। भाजपा के कार्यकर्ता भी कई पार्किंग में कारों में बैठे दिखे।

# अशोक तंवर ने आम आदमी पार्टी को कहा अलविदा

- कल भाजपा का थाम सकते हैं दामन, हरियाणा में केजरीवाल को बड़ा झटका

**देश रोजाना ब्यूरो**



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी घआप) को गुरुवार को हरियाणा में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के चुनाव प्रचार समिति प्रमुख रहे अशोक तंवर ने इस्तीफा दे दिया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि वह जल्द ही भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। इस क्रम में 20 जनवरी यानी शनिवार का जिक्र भी किया जा रहा है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रदेश में यह स्थानीय सियासी कार्यक्रम पूरा कर लिया जाय लेकिन भाजपा में ही कुछ लोग उनके ज्वाइनिंग के खिलाफ हैं।

कांग्रेस छोड़ने के बाद अशोक तंवर राजनीतिक उतार-चढ़ाव से गुजरते रहे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद और हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अशोक तंवर ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा था। तंवर को राहुल गांधी का करीबी कहा जाता है। मगर पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के साथ राजनीतिक मतभेद और पार्टी में खींचतान के बाद अशोक तंवर ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया था।

कुछ दिन पहले नई दिल्ली में उनकी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात भी हो चुकी है। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें सिरसा या अंबाला लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार सकती है। बता दें कि 2019 में जब अशोक तंवर ने कांग्रेस को अलविदा कहा था तब उन्होंने दावा किया था भाजपा ने उच्च पद की पेशकश की थी।

मगर उन्होंने किसी भी दल में जाने से साफ इंकार कर दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी का गठन किया। मगर यह ज्यादा दिन नहीं चल सकी। वहीं तंवर के दावे पर तब हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने कहा था कि भाजपा में उनके शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। सीएम ने तंवर के दावे को गलत बताया था।

## कांग्रेस से छात्र नेता को तौर पर तंवर का सियासी सफर

- पांच साल और आठ महीने तक कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष भी रहे, तृणमूल में भी रहे

**देश रोजाना ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अशोक तंवर का राजनीतिक सफर एनएसयूआई के कार्यकर्ता के तौर पर शुरू हुआ था। सबसे कम उम्र में अशोक तंवर भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने थे। इसके अलावा वह नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ( एनएसयूआई) के पूर्व अध्यक्ष थे। कांग्रेस में प्रदेश में जारी गुटबाजी के चलते उनका दल से मोहभंग हुआ तो उसके बाद अभी तक उनका मन किसी भी दल में ज्यादा दिन तक नहीं रम पाया और पालाबदल का कदम उठाना पड़ा। बता दें कि अशोक तंवर को राहुल ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष भी बनाया था। वह पांच साल और आठ महीने तक हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे। 2009 से 2014 तक सिरसा से सांसद भी रह चुके हैं। हालांकि 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में सिरसा सीट पर ही हार का सामना करना पड़ा था। अशोक तंवर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव भी रह चुके हैं। इसके बाद 26 फरवरी 2021 को अशोक तंवर ने नई दिल्ली में अपनी नई पार्टी का गठन किया। इस पार्टी का उन्होंने 'अपना भारत मोर्चा' नाम रखा था। हालांकि बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था। तृणमूल कांग्रेस ने अशोक तंवर को गोवा चुनाव की जिम्मेदारी दी थी। मगर पार्टी का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा।

# अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हरियाणा अलर्ट

- नूंह हिंसा को जेहन में रखकर बरती जा रही ऐहतियाती सतर्कता, सात जिले संवेदनशील

**देश रोजाना ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हरियाणा पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। नूंह हिंसा को जेहन में रखते हुए सरकार इस बार पूरी तरह ऐहतियाती सतर्कता में कोई कोताही नहीं चाह रही। इसी क्रम में सातजिलों में पुलिस अलर्ट हो गई है। नूंह, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, झज्जर, यमुनानगर और जींद को संवेदनशील घोषित करते हुए वहां सतर्कता बढ़ा दी गई है।

खासकर मंदिर और मस्जिद जैसे धर्म स्थलों को लेकर पुलिस एक्टिव है। पुलिस की ओर से सलाह दी गई है कि ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश की यात्रा करने से लोग परहेज करें। इसके अलावा जिलों में पहले हुई हिंसा के केसों में उपद्रवियों की पहचान के प्रयास हो रहे हैं। संभावना है कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले पुलिस ऐसे तत्वों को हिरासत में ले ले। खुफिया तंत्र से मिले इनपुट्स के आधार पर पुलिस-प्रशासन ने यह तैयारी की है।

बताया जा रहा है कि मेवात में सोशल मीडिया ग्रुप ऐसी चेतावनियों से भरे पड़े हैं, जिनमें स्थानीय लोगों से अयोध्या के रास्ते में दक्षिणपंथी कार्यकताओं के साथ विवाद की संभावना का हवाला देते हुए 22 जनवरी तक ट्रेनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ओर यात्रा करने से परहेज करने के लिए कहा गया है। उन्हें मेवात के मंदिरों से दूर रहने के लिए भी कहा गया है, जहां दक्षिणपंथी संगठनों और गौरक्षक समूहों द्वारा समारोह आयोजित किए जाएंगे। राज्य की खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट हैं। सबसे बड़ी वजह यह भी है कि इसी साल हरियाणा में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावी साल होने के कारण सरकार किसी प्रकार का कोई भी दंगा आदि नहीं चाहती है, इसलिए पुलिस अलर्ट मोड पर है।

हरियाणा में 22 जनवरी को यादगार बनाने के लिए सरकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और अन्य धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने व्यापक तैयारियां की हैं। राज्य के करीब 15 हजार मंदिरों में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जाएगा। शराब बंदी के लिहाज से इस दिन ड्राई डे घोषित करने वाले राज्यों में हरियाणा भी शामिल हो गया है।

बताया जा रहा है कि श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हरियाणा पुलिस के अलर्ट रहने का सबसे बड़ा कारण नूंह हिंसा है। उसमें 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक महीने तक पांच से अधिक जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। इस बार ऐसा कुछ न हो इसलिए पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

# सियासी संग्राम जीतने भाजपा ने प्रदेश को तीन जोन में बांटा

- जमीनी स्तर पर मिले फीडबैक के बाद शीर्ष नेतृत्व ने क्लस्टर प्रभारियों को दी जिम्मेदारी
- दक्षिण हरियाणा और बागड़ बेल्ट प्रभारियों को तीन-तीन तो जीटी बेल्ट प्रभारी को चार सीटों की जिम्मेवारी

**देश रोजाना ब्यूरो**




**चंडीगढ़।** मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी के साथ ही चुनावी गणित को भी हर बिंदु पर सही करने में जुटी है। हरियाणा भी इससे अछूता नहीं है। यहां के सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए शीर्ष नेतृत्व फोकस किए हुए है। इसी क्रम में जमीनी स्तर पर लिए गए फीडबैक के बाद पूरे प्रदेश को तीन भाग यानी तीन क्लस्टर में बांटकर सांगठनिक तौर पर तैयारी को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है।

इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व की इसी हफ्ते दिल्ली में बैठक भी की। उसमें ग्राउंड से मिले फीडबैक पर चर्चा हुई। पंचकूला में पिछले दिनों हरियाणा भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग में नेताओं की ओर से दिए गए इनपुट पर भी विमर्श हुआ। फिर तय किया गया कि हरियाणा को तीन क्लस्टर में बांटकर उनमें एक-एक प्रभारी लगाया जाए। इसके बाद कृष्णलाल पंवार, मनीष ग्रोवर और राव नरबीर सिंह में तीनों क्लस्टर की जिम्मेदारी बांट दी गई। हरियाणा के साथ-साथ ऐसे क्लस्टर कुछ अन्य राज्यों में भी बनाए गए हैं।

पहले क्लस्टर में अपने गढ़ जीटी रोड बेल्ट की चारों सीटों- अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल और सोनीपत को रखा है। इस क्लस्टर की जिम्मेदारी पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार को दी है। दूसरे क्लस्टर में अहीरवाल और दक्षिण हरियाणा की तीन सीटों गुरुग्राम, फरीदाबाद और भिवानी-महेंद्रगढ़ को रखा गया है। इस क्लस्टर की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री व रोहतक के पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर को दी गई है। तीसरे क्लस्टर में कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ कही जाने वाली रोहतक सीट के अलावा बागड़ बेल्ट की 2 सीटों हिसार व सिरसा को रखा है। इस क्लस्टर की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह को दी गई है।

बताया जा रहा है कि नई दिल्ली स्थित पार्टी हेडक्वार्टर में क्लस्टर प्रमुखों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने मीटिंग कर उन्हें उनकी जिम्मेदारियां और काम समझा दिए हैं। ये क्लस्टर प्रभारी अपने क्लस्टर की हर लोकसभा सीट पर पन्ना प्रमुख से प्रत्याशी तक, पार्टी के तमाम नेताओं के साथ कोऑर्डिनेशन बैठाते हुए उन्हें एक प्लेटफार्म पर लाने का काम करेंगे ताकि वोटरों के बीच पकड़ मजबूत की जा सके। क्लस्टर प्रभारी की जिम्मेदारी होगी कि वह हर लोकसभा सीट पर पार्टी टिकट के तमाम दावेदारों का सही मूल्यांकन करके, उसकी रिपोर्ट हाईकमान तक पहुंचाए ताकि सही कैंडिडेट को टिकट दिया जा सके।

साथ ही टिकट फाइनल हो जाने से लेकर मतदान होने तक, क्लस्टर प्रभारी अपने अंडर आने वाली हर लोकसभा सीट पर कार्यकताओं के साथ मिलकर ये प्लानिंग भी करेंगे कि पार्टी कैसे जीत सकती है। इस प्लानिंग को ग्राउंड पर लागू करने की जिम्मेदारी भी क्लस्टर प्रभारी की होगी। क्लस्टर प्रभारी अपने अंडर आने वाली हर लोकसभा सीट पर जाकर वहां के स्थानीय नेताओं से मीटिंग करेंगे। लोकल नेताओं से मिलने वाला फीडबैक सीधे हाईकमान तक पहुंचाएंगे। इसी फीडबैक के बेसिस पर पार्टी सीटवार चुनाव की प्लानिंग और रणनीति बनाएगी। क्लस्टर प्रभारी सीधे दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट करेंगे। चुनाव से जुड़ी सीटवार रणनीति को लागू करने का पूरा जिम्मा इन्हीं क्लस्टर प्रभारियों का होगा।

# 24 को प्रदेश में रोडवेज वर्कर्स यूनियन का चक्का जाम

**देश रोजाना ब्यूरो**

**सिरसा।** सांझा मोर्चा की यहां रोडवेज परिसर में 24 जनवरी को होने वाली हड़ताल को लेकर बैठक हुई। इसमें आपसी संवाद के बाद बताया गया कि सरकार हिट एंड रन का जो काला कानून लेकर आई है, जो कि सभी ड्राइवरों पर लागू होता है, चाहे वह मोटरसाइकिल का ड्राइवर हो, ऑटो ड्राइवर हो, कार ड्राइवर हो, बस ड्राइवर हो या ट्रक ड्राइवर हो। यह काला कानून सभी पर लागू होता है, आम जनता पर लागू हो रहा है। सांझा मोर्चा इसका भी पुरजोर विरोध करता है। हरियाणा रोडवेज और हरियाणा रोडवेज आम जनता से अपील करती है कि इस काले कानून का विरोध करो सडकों पर उतरें, ताकि यह काला कानून वापस हो सके।

साथ ही यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि राज्य कमेटी सांझा मोर्चा को वातार्लाप के लिए नहीं बुलाती तो राज्य कमेटी सांझा मोर्चा मीटिंग बुलाकर 24 जनवरी की हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल सकता है। सांझा मोर्चा ने आह्वान किया है की आने वाली 24 जनवरी को पूरे प्रदेश भर का चक्का जाम किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रेस सचिव पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सीता सिंह, मोहन लाल सहारण, रिछपाल सिंह संधू ने संयुक्त रूप से की और मंच संचालन चमन लाल स्वामी ने किया। सांझा मोर्चा राज्य कमेटी की ओर से वरिष्ठ नेता आजाद सिंह गिल, संदीप रंगा, कुलदीप पाबड़ा आदि ने भी मुख्य रूप से बैठक में भाग लिया। आजाद गिल ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर सांझा मोर्चा पिछले काफी समय से आंदोलनरत रहा है। सांझा मोर्चा की 30 सूत्रीय मांगपत्र पर सरकार के साथ कई बार बातचीत हो चुकी है, लेकिन उसे हर बार नकार दिया जाता है।

सत्याग्रह बल से नहीं, हिंसा के त्याग से होता है। लोग चाहे मुट्ठी भर हों, लेकिन संकल्पवान हों, अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था हो, वे इतिहास को भी बदल सकते हैं।
**- महात्मा गांधी**



संपादकीय

## सहकारी खेती से मालामाल हो सकते हैं हरियाणा के किसान

पूरी दुनिया में जब नदियों के किनारे सभ्यताएं बसीं, तो अपनी भोजन की आवश्यकताओं की पूरा करने के लिए खेती की जाने लगी। यह भी सच है कि खेती करने की जरूरत इंसान को अपने लिए नहीं पड़ी थी, बल्कि पाल्य पशुओं के चारे के रूप में हुई थी। लेकिन जैसे-जैसे जरूरतें बढ़ती गईं, लोगों ने खेती से होने वाली उपज का उपयोग अपने लिए करने लगा। ऐसा लगभग दुनिया की हर सभ्यताओं में हुआ। लेकिन जब मानव समाज विकसित हुआ और उद्योग-धंधों का आविष्कार हुआ, तो कुछ सभ्यताओं ने खेती को दोयम दर्जे का स्थान दिया और उद्योग-धंधों को प्रमुखता दी। भारत सदियों तक कृषि प्रधान ही बना रहा। आज भी तमाम औद्योगिक विकास के बावजूद अधिसंख्य आबादी की आजीविका का साधन खेती ही है। हरियाणा में भी एक बहुत बड़ी आबादी खेती पर ही निर्भर है। हरियाणा सिंधु घाटी की सभ्यता काल से ही कृषि प्रधान रहा है। इसके बहुत सारे प्रमाण भी मिलते हैं। वर्तमान समय में कृषि पर संकट गहराने लगा है क्योंकि किसानों की लागत बढ़ती जा रही है और उनका मुनाफा लगातार घटता जा रहा है। इस असंतुलन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से प्रयासरत हैं। उन्होंने किसानों की आय में वृद्धि और कृषि उपज बढ़ाने के लिए कलस्टर योजनाएं शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इससे पहले भी प्रदेश सरकार ने फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना, पशु नस्ल सुधार, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और सहकारी खेती जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि का प्रयास किया है। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की आमसभा की बैठक में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसान इसरायल की तर्ज पर सहकारी खेती कर सकते हैं। बेहतर तो यही होगा कि किसान प्राकृतिक खेती पर ध्यान दें। प्राकृतिक खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें किसान को अपने खेत की जुताई नहीं करनी होती है। खेत में उगी खरपतवार ही अनाज की उपज बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस तरह की खेती में रासायनिक खादों की भी जरूरत नहीं होती है। रासायनिक खादों का उपयोग न होने से इनका मूल्य भी सामान्य अनाजों से कहीं ज्यादा होता है और ये विभिन्न प्रकार की बीमारियों के वाहक भी नहीं होते हैं। मुख्यमंत्री ने तो बैठक में यहां तक घोषणा की कि रासायनिक खादों का उपयोग न करने वाले किसानों को उनकी उपज का मूल्य एमएसपी से कहीं ज्यादा मिलेगा। प्राकृतिक खेती का एक लाभ यह है कि इसके लिए पानी की कम जरूरत होगी। इस तरह जल संरक्षण भी होगा। जो भी पंचायत अपने गांव को केमिकल फ्री खेती वाला गांव घोषित करेंगे, उनके यहां उपजे अन्न की ब्रांडिंग और पैकेजिंग सरकार सुनिश्चित करेगी।

**इस असंतुलन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से प्रयासरत हैं।**

### बोधिवृक्ष
● अशोक मिश्र

## सच्चे संत को चैन की नींद कैसे आ सकती है

पारसी संत अजर कैवान रहस्यवादी या कहिए गूढ़वादी दर्शन से प्रेरित थे। उन्होंने 28 साल एकांत में बिताए थे। उनका जन्म 1533 इरान के शिराज में हुआ था। इनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। कहा जाता है कि यह अपने शिष्यों के साथ घूमते हुए भारत आए थे। उन्होंने कश्मीर और पटना का दौरा किया था। बाद में वे अपने शिष्यों के साथ पटना में बस गए थे और उनकी 75 साल की उम्र में पटना में निधन हो गया था। उनकी समाधि पटना के निकट अजीमाबाद गांव में है। गुजराती साहित्य में उन्हें दस्तूर कहा गया है। उनके बारे में कहा जाता है कि वे अकबर के दरबार में भी गए थे। एक बार की बात है। एक व्यापारी ने अपना सारा कारोबार अपने बेटों को सौंप दिया और साधु हो गया। उसने कुछ शिष्य भी बना लिए। इन शिष्यों ने आसपास के इलाकों में उसे सिद्ध संत के रूप में प्रचारित कर दिया। लोग उसके पास अपनी समस्याएं लेकर आते। वह उनकी समस्याओं को दूर करने का ढोंग करता था। लोग उसको दान-दक्षिणा भी खूब देते थे। एक दिन उस साधु बने व्यापारी की अजर कैवान से मुलाकात हो गई। उसने अजर कैवान से कहा कि जब मैं व्यापार करता था, तो मुझे अपने धन के चोरी जाने या लूट लिए जाने का भय सताता रहता था। कोई भी व्यक्ति मेरे पास आता था, तो लगता था कि यह मेरा सब कुछ लूटने आया है। लेकिन अब मैं चैन की नींद सोता हूं। व्यापार से भी ज्यादा कमाई होती है। इस पर संत अजर कैवान ने कहा कि संत का काम लोगों का भला करना है, उन्हें लूटना नहीं। जो सच्चा संत होता है, वह लोगों की भलाई के लिए बेचैन रहता है। ऐसी स्थिति में उसे नींद कैसे आ सकती है। अच्छा तो यह होता कि आप व्यापार ही करते रहते। आपकी वजह से लोगों का संतों पर से विश्वास खत्म हो जाएगा।



news@deshrojana.com

सामयिकी



ज्ञानेन्द्र रावत
**वरिष्ठ पर्यावरणविद और स्तंभकार**

उत्तराखंड में प्लास्टिक विरोधी अभियान की नेत्री पर्यावरणविद व राज्य में थैले वाली महिला के रूप में विख्यात प्रोफेसर डा. अनुभा पुंढीर का कहना है कि इस समस्या का समाधान केवल सरकारी निर्णयों या सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता, बल्कि हमें भी उपभोक्ता के स्तर पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक कणों के हानिकारक प्रभावों को समझ कर हमें पानी का उचित तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। यही नहीं, हम अपने स्वास्थ्य की देखभाल के साथ-साथ पर्यावरण की भी उचित देखभाल-संरक्षण करें ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

# जीवन के लिए खतरा बन रहा है माइक्रोप्लास्टिक

पिछले लंबे समय से माइक्रो प्लास्टिक की खाद्य पदार्थों में दिनोंदिन बढ़ती मौजूदगी चिंता का सबब बन गयी है। अब तो हालत यह है कि प्लास्टिक के ये कण नदियों और महासागरों ही नहीं, पर्वतों की ऊंची-ऊंची चोटियों पर जमी बर्फ में भी मिल रहे हैं। आज स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि अब ये पीने के पानी में भी मौजूद हैं। जिस बोतलबंद पानी को हम सबसे ज्यादा सुरक्षित मानते हैं, कई अध्ययनों ने यह खुलासा किया है कि वही पानी आज कल जानलेवा बना हुआ है। पैकेज्ड बोतलों में बंद पानी में प्लास्टिक के ये छोटे-छोटे कण, जिन्हें हम माइक्रोप्लास्टिक के नाम से जानते हैं और उनको सामान्य दृष्टि से हम देख भी नहीं सकते, हमारे लिए कतई सुरक्षित नहीं हैं। इनसे हृदय रोग, मधुमेह और अन्य मानव जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों का अंदेशा बढ़ गया है। यह बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा स्टीमुलेटेड रैमन स्कैटरिंग माइक्रोस्कोपी की तकनीक के जरिये किये शोध जो प्रोसीडिंग्स ऑफ दि नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, से खुलासा हुआ है कि अब बोतलबंद पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण मौजूद हैं। इसने दुनिया के वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। शोध ने यह साबित कर दिया है कि बोतलबंद एक लीटर पानी में माइक्रो प्लास्टिक के औसतन 2,40,000 कण मौजूद हैं। शोध के अनुसार बोतलबंद पानी की अलग अलग बोतलों में प्रति लीटर 1,10,000 से लेकर 3,70,000 तक कण मौजूद थे जिनमें से 90 फीसदी नैनो प्लास्टिक के कण थे जबकि बाकी माइक्रो प्लास्टिक के कण थे।

दरअसल पांच मिमी से छोटे टुकड़े को माइक्रो प्लास्टिक कहा जाता है, जबकि नैनो प्लास्टिक एक माइक्रो मीटर यानी एक मीटर के अरबवें हिस्से को कहा जाता है।

गौरतलब यह है कि ये कण इतने छोटे होते हैं कि इंसान के पाचन तंत्र और फेफड़ों में मिलकर मस्तिष्क व हृदय समेत शरीर के सभी अंगों को प्रभावित कर सकते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ये प्लेसैंटा से होते हुए अजन्मे बच्चे के शरीर में पहुंचकर प्रभावित कर सकते हैं। ये गैस्ट्रिक समस्या से लेकर शारीरिक असमानताओं यथा विकलांगता के कारण भी बन सकते हैं। गौरतलब है कि ये कण विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक से उत्पन्न होते हैं जैसे कि पालीएथिलीन और पॉलिप्रोपिलीन जो सेहत को और खतरनाक बना सकते हैं। सबसे खतरनाक यह है कि इंसान एक साल में 10 हजार माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े या तो खा रहा है या फिर वह सांसों के जरिये अपने शरीर में डालकर जान लेवा बीमारियों को जन्म दे रहा है।



सच तो यह है कि हम बोतलबंद पानी के रूप में पानी नहीं, जहर पी रहे हैं। यह धीरे धीरे हमारे शरीर के अंगों को बेकार बना रहा है। इसमें प्लास्टिक कणों की मौजूदगी यदि लम्बे समय तक जारी रहती है तो सेहत के साथ-साथ हमारे पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। जहां बोतलबंद पानी पर्यावरण, सार्वजनिक ही नहीं मानवीय स्वास्थ्य आदि को प्रभावित करता है, वहीं उसकी बोतलें हमारे जल भंडारों व भूजल स्त्रोतों को नष्ट करती हैं। इसके साथ बोतलबंद पानी का कारोबार करने वालों का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी काफी बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि वे जो पानी जमीन से खींचते हैं, उसका वे नाममात्र का मूल्य अदा करते हैं और कहीं-कहीं तो वे वह भी नहीं चुकाते हैं। यदि हम मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो हमें बार्सिलोना इंस्टीट्यूट आफ ग्लोबल हेल्थ के अध्ययन के सुझाव के अनुसार बोतलबंद पानी की जगह नल का पानी पीना चाहिए। शोधकर्ता आई एस ग्लोबल कैथरीन टोन कहते हैं कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों पर विचार करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि बोतलबंद पानी व्यापक प्रभाव पैदा करता है जबकि उसकी तुलना में नल का पानी बेहतर विकल्प है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**



## चिट्ठी आई है

### दुनिया में बढ़ता युद्ध का दायरा

अभी रूस-यूक्रेन और हमास-इसराइल का युद्ध खत्म भी नहीं हुआ था कि चार मुस्लिम राष्ट्रों के बीच जंग के आसार पैदा हो गए हैं। पिछले दो दिनों में ईरान ने सीरिया, इराक और पाकिस्तान पर मिसाइल हमले करके काफी नुकसान पहुंचाया है। इससे दुनिया में जंग के भयानक रूप अख्तियार करने की आशंका बलवती होती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि कहीं यह विश्व युद्ध की शुरुआत तो नहीं है। दुनिया में जब भी वैश्विक मंदी गहराती है और उस वैश्विक आर्थिक मंदी का निराकरण आपसी बातचीत से नहीं हो पाता है, तो इसका परिणाम युद्ध होता है। इस युद्ध के चलते भारी मात्रा में जन विनाशक हथियारों का इस्तेमाल होता है, अचल संपत्ति का विनाश होता है और फिर इस संपत्ति की जगह पर दूसरी संपत्ति तैयार करने के लिए बाजार में रोजगार पैदा होता है और अर्थव्यवस्था में गति आ जाती है। वैश्विक आर्थिक मंदी दूर हो जाती है। जैसे-जैसे युद्धों में नए-नए देश कूदते जा रहे हैं, तीसरे महायुद्ध की आंशका बढ़ती जा रही है।

**जीतेंद्र सिंह चौहान, आगरा**

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
***-संपादक***

## एक्स हैंडल

**Tejashwi Yadav@yadavtejashwi**



तेजस्वी यादव
उप मुख्यमंत्री, बिहार

बिहार में आर्थिक न्याय का दौर शुरू! जाति आधारित गणना का एक और सबसे बड़ा फायदा! जाति आधारित गणना में सभी वर्गों और जातियों के आर्थिक रूप से गरीब पाए गए 94 लाख 33 हजार 212 परिवारों को स्वरोजगार के लिए #बिहार की महागठबंधन सरकार 2-2 लाख ₹ देगी। मा० मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट में इस योजना के लिए 1250 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति भी दे दी गयी है।

**cmoharyana@cmohry**

हरियाणा में कृषि व किसानों की प्रगति हेतु प्रदेश सरकार क्लस्टर मोड पर पायलट परियोजनाएं बनाएगी। जिससे फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना, पशु नस्ल सुधार व अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती व सहकारी खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ाने के लिए भी नई योजनाएं तैयार की जाएंगी।



मनोहर लाल
मुख्यमंत्री
हरियाणा

**Dilip Mandal@Profdilipmandal**

भारत सरकार की स्कॉलरशिप पर विदेश पढ़ने गए स्टूडेंट्स भारत के दूत की तरह हैं. उन्हें हर हाल में भारत के पक्ष को और भारत की अच्छी छवि को सामने लाना चाहिए. अगर विश्व राजनीति में भारत का राष्ट्रीय हित इस समय अमेरिका-इजराइल धुरी के साथ रहने में है और भारत सरकार की ये पोजिशन है तो फालतू में क्रांतिकारी न बनें. सरकार का समर्थन करें. चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो. हां, अगर सरकार किसी समय इजराइल का विरोध करे तो आप भी वही करें. सरकार किसी भी पार्टी की हो, विदेश नीति के मामले में सरकार के साथ रहें.

# भगवान श्रीराम में रमी हमारी सनातन-संस्कृति



डॉ. योगिता जोशी
**स्वतंत्र लेखिका**

इस समय सम्पूर्ण भारत राम में रमा हुआ नजर आ रहा है। रामजन्म भूमि पर बने मंदिर को लेकर जन-जन में उत्साह है। दरअसल मंदिर भारतीय संस्कृति और धार्मिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अयोध्या का मंदिर भगवान श्रीराम को समर्पित है और इसका निर्माण भूमि के एक विवाद के कारण बहुत वर्षों तक टाला गया था। लेकिन अंततः जीत सत्य की हुई। अब मंदिर ने आकार ले लिया। इस मंदिर का निर्माण भव्यता और एकता का प्रतीक माना जा रहा है जिसमें विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक तात्कालिकताएं समाहित है। यहां तक कि अनेक मुसलमान भी मंदिर बनने से प्रसन्न हैं।

राम मंदिर के निर्माण के पीछे एक दीर्घकालिक तपस्या, संघर्ष और बलिदान का दारुण इतिहास भी छिपा है। सन 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हिंदुओं के पक्ष में अपना निर्णय दिया और बाबरी मस्जिद के स्थान पर ही भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण होने की अनुमति दी। इसके बाद, 2020 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। तभी से आयोध्या में राम जन्मभूमि को आदर्श भूमि के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया। ऐसे भगवान राम के मंदिर की यात्रा एक नये सांस्कृतिक युग की शुरुआत का प्रतीक बन गई। यही कारण है कि जगह-जगह सनातन संस्कृति के प्रति उत्साह से भरे हुए समूह तरह-तरह के आयोजन में संलग्न होकर भगवान राम का पुण्य स्मरण कर रहे हैं। न केवल भारत में वरन विदेश में बसे भारतीय भी उत्साह में हैं। अयोध्या में रामलला के मंदिर का निर्माण आधुनिक भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना बन गई है। राम मंदिर का निर्माण एक सामूहिक प्रयास भी है, जो भारतीय समाज को एक साथ लाने का कारगर माध्यम बन रहा है। इसमें सब्जी बेचने वाली एक महिला द्वारा दिए गए बीस रुपये दान को भी पूरा सम्मान दिया गया और उसे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन शामिल होने के लिए विधिवत आमंत्रित भी किया गया है।

अयोध्या का मंदिर भगवान श्रीराम के भक्तों के लिए आस्था और शांति का स्त्रोत है। अब भारत धार्मिकता, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता की ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहा है। राम मंदिर के निर्माण ने भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों को एक दूसरे से जोड़ने का कार्य किया है। अब यह एक नवीन सांस्कृतिक और धार्मिक स्थल के रूप में विश्वव्यापी हो रहा है। थोड़े बहुत हिंदू ऐसे भी हैं जो राजनीति के शिकार हैं, इसलिए राम मंदिर से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन ज्यादातर हिंदू समाज मंदिर से अपने आप को भावनात्मक रूप से जोड़ चुका है।

राम मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के लिए सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का प्रतीक भी है। यह स्थल रामायण काल से जुड़ा हुआ है और भगवान राम के जन्मस्थल के रूप में इसका विशेष महत्व है। राम मंदिर, भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। राम मंदिर एवं भारतीय संस्कृति का संबंध अत्यंत गहरा और महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, धरोहर और धार्मिकता के मूल्यों को सार्थक बनाए रखने का प्रतीक है। राम मंदिर का निर्माण भारतीय समाज को एकता और समरसता की भावना से जोड़ता है। यह स्थल श्रीराम के भक्तों के लिए सांत्वना और प्रेरणा का केंद्र है, जो समृद्धि और सामाजिक समरसता की दिशा में अपना संकल्प दिखा रहा है। राम मंदिर के निर्माण से निकलने वाला संदेश यही है कि भारतीय संस्कृति और धरोहर में धार्मिक और सामाजिक एकता का महत्व अत्यंत उच्च है। इसे एक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण या नवजागरण की शुरुआत के रूप में देखा जा सकता है जो भारतीय समाज को सशक्त बनाने की कवायद में एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या का राम मंदिर अब भारतीय धरोहर में निहित मूल्यों को सार्थक बनाए रखने का नाम है। यह समृद्धि, सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित कर रहा है। अयोध्या नगरी के कारण भारत अपने सांस्कृतिक और सनातन बोध से भरा हुआ है।

**(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)**

### डे इन हिस्ट्री
19 जनवरी 2023



**19 जनवरी 1990 को हैदराबाद में जन्मे कोनिडेला वरुण तेज फिल्म अभिनेता हैं।**

- 1839-ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने यमन के शहर अदन को जीत लिया था।
- 1905-बंगला साहित्यकार देवेन्द्र नाथ टैगोर का निधन हुआ था।
- 1938-जनरल मोटर्स ने डीजल इंजन का बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया था।
- 1949-कैरेबियाई देश क्यूबा ने इजरायल को मान्यता दी थी।
- 1966-इंदिरा गाँधी को भारत का तीसरा प्रधानमंत्री चुना गया था।
- 1995-चेचन्या के अलगाववादी राष्ट्रपति भवन से भाग निकले और रूसी तोपखाने ने उसे नष्ट कर दिया।
- 2004-हिमाचल प्रदेश में चम्बा ज़िले के गरौला गांव में एक बस के नदी में गिर जाने से 21 लोग मारे गए।
- 2005-सानिया मिर्जा लॉन टेनिस के 'आस्ट्रेलिया ओपन' के तीसरे दौर में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- 2010-पश्चिम बंगाल बिहार और उड़ीसा ने बीटी बैंगन का विरोध किया। देश के कुल बैंगन उत्पादन में इन तीन राज्यों का 60 प्रतिशत हिस्सा है।

### त्वरित टिप्पणी

# ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच फंसे बलूची



संजय मग्गू
**प्रधान संपादक**

ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में बुधवार देर रात पाकिस्तान ने भी एयर स्ट्राइक की। इस एयर स्ट्राइक में चार बच्चों और तीन महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हुई है। वैसे तो ईरान ने मिसाइल हमला जैश अल अद्ल आतंकवादी समूह के ठिकानों पर हमला किया था, लेकिन इसे पाकिस्तान ने अपनी संप्रभुता पर हमला माना और एयरस्ट्राइक किया। दरअसल, बलूचिस्तान की बलूच जनजातियों के स्वतंत्रता आंदोलन से तीनों ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान परेशान हैं। हालांकि अब बलूचिस्तान को मुक्त कराने की आकांक्षा पालने वाले समूहों ने हथियार उठा लिया है और ये तीनों देश इन्हें आतंकवादी समूह मानते हैं। बलूचिस्तान को स्वतंत्र कराने का प्रयास कोई आज से शुरू नहीं हुआ था। जब 14-15 अगस्त 1947 को पाकिस्तान और भारत आजाद हुए, तो पाकिस्तान ने वर्ष 1948 को बलूचिस्तान को अपना उपनिवेश बना लिया। बलूच जनजाति बलूचिस्तान क्षेत्र के लोगों का एक समूह है। यह क्षेत्र तीन क्षेत्रों में बंटा हुआ है। इसका उत्तरी भाग वर्तमान अफगानिस्तान में है। पश्चिमी क्षेत्र ईरान में है, जो सिस्तान-बलूचिस्तान क्षेत्र कहलाता है। बाकी हिस्सा पाकिस्तान में है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है और पाकिस्तान बनने के बाद से अब तक उपेक्षित रहा है। पाकिस्तान में उत्पादित होने वाले कुल गैस का 40 प्रतिशत हिस्सा बलूचिस्तान में होता है। जब 1970 में ईरानी क्रांति हुई और देश में शिया शासन कायम हुआ तो सुन्नी बहुल बलूच इलाके में दमन और उपेक्षा शुरू हुई। इसकी वजह से ईरान वाले हिस्से में असंतोष पैदा होना शुरू हुआ। उधर पाकिस्तान वाले हिस्से में पाकिस्तान बनने के बाद से ही असंतोष पनप रहा था। सिस्तान-बलूचिस्तान, बलूचिस्तान और अफगानिस्तान वाले हिस्से में अपने को स्वतंत्र देखने की चाह रखने वाले बलूचियों ने जुनदुल्लाह और जैश-अल-अद्ल जैसे सुन्नी आंतकी समूहों का जन्म हुआ। इन आतंकी संगठनों ने पाकिस्तान में शरण ली। इस क्षेत्र के दोनों ओर के लोग एक-दूसरे की मदद करते हैं। सीमा के दोनों ओर आतंकवादी समूहों को पनाह भी देते हैं। यह स्थिति दोनों तरफ है। पाकिस्तान में सक्रिय गुट ईरान में पनाह लेता है और ईरान में सक्रिय गुट पाकिस्तान में शरण लेता है। इन बलूचियों के स्वाधीनता संग्राम के नाम पर चलाए जा रहे हिंसक आंदोलन से दोनों देश परेशान हैं, लेकिन एक दूसरे के साथ मिल बैठकर मामले को सुलझाने को तैयार नहीं हैं। बलूचियों में स्वााधीनता और राष्ट्रीयता की भावना इतनी प्रबल है कि दोनों देशों में रहने वाले बलूची मौका पड़ने पर एक दूसरे की जान देकर भी मदद करते हैं। यही वजह है कि ईरान और पाकिस्तान अपने-अपने यहां सक्रिय जुनदुल्लाह और जैश-अल-अद्ल जैसे संगठनों पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। अब जब पाकिस्तान ने ईरानी हमले का जवाब दिया है, तो यह कैसा रुख अख्तियार करेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादकः संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 9871669296 आरएनआई नंबरः **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**



नायब सैनी व सुभाष सुधा ने मंदिरों की स्वच्छता में किया श्रमदान

# एसआरके ग्रुप और हुड्डा ग्रुप में जोर अजमाईस चल रही: विज

- 'भूपेन्द्र सिंह हुडडा जी धीरे-धीरे जेल की तरफ जा रहे हैं और एक कदम ओर आगे बढ गए हैं' : गृह मंत्री अनिल विज
- राहुल गांधी देश की परिस्थिति से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं, क्योंकि देश में अन्याय सबसे ज्यादा कांग्रेस ने किया- विज



**शिव कुमार शर्मा**

**चण्डीगढ।** हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुडडा जी धीरे-धीरे जेल की तरफ जा रहे हैं और एक कदम ओर आगे बढ गए हैं। इन्होंने (हुडडा) किसानों को डर दिखाकर जमीनें प्रापर्टी डीलरों को खरीदवा दी है जोकि बहुत ही बडा स्कैंडल है। अब धीरे-धीरे कलईयां खुल रही है और ये जेल की तरफ चले जाते जाएंगें और ये पक्का जेल में जाएंगें।

विज आज पत्रकारों द्वारा मानेसर जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा से ईडी द्वारा की गई पूछताछ के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी शैलजा द्वारा हिसार से शुरू की गई यात्रा के संबंध में कांग्रेस द्वारा दिए गए नोटिस के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि शैलजा-रणदीप-किरण (एसआरके) ग्रुप और हुडडा ग्रुप में जोरअजमाईस पूरी तरह से चल रही है। वो कहते हैं कि असली हम हैं और वो कहते हैं कि असली हम हैं, जबकि हकीकत यह है कि ये दोनों ही नकली है। इसलिए ये अपने-अपने कार्यक्रम कर रहे हैं और एक-दूसरे के कार्यक्रमों को सही नहीं मान रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश की परिस्थिति से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं, क्योंकि देश में अन्याय सबसे ज्यादा कांग्रेस ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एमरजेंसी लगाई और निर्वाचित सरकारों को तोडाने का काम किया। इसी प्रकार, कांग्रेस ने साल 1971 के युद्ध में 90 हजार से ज्यादा युद्धबंदियों को बिना कुछ लिए पाकिस्तान को दे दिया। इसके एवज में हम पीओके ले सकते थे या कोई भी शर्त रखते तो उस समय मानी जाती।

उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा कराया, जबकि आजादी की लडाई में कहीं भी बंटवारे की बात नहीं थी और ये अपने आपको सेक्यूलर कहते हैं। इन्होंने देश का बंटवारा धर्म के आधार पर करवाया और ये कांग्रेस पार्टी कैसे सेक्यूलर है! इन्होंने (कांग्रेस) हिन्दू और मुसलमान के आधार पर देश का बंटवारा कराया और दस लाख लोग मरवाए। इन्होंने (कांग्रेस) देश का बंटवारा कराया तो विस्थापितों के लिए क्या पोलिसी अपनाई थी, लोग बर्बाद हो गए। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा अन्याय कांग्रेस पार्टी ने किया है, इसलिए राहुल गांधी को प्रायश्चित यात्रा करनी चाहिए। इनके पूर्वजों ने देश के साथ विश्वासघात किया है। उसके लिए भी प्रायश्चित करना चाहिए।

इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि ह्यह्यमैं यही कहता हूं कि इनका (कांग्रेस) 70 साल तक राज रहा है और इन्होंने (कांग्रेस) राममंदिर के संबंध में कभी भी कोशिश नहीं की। मान लो आप (कांग्रेस) राम को नहीं मानते, लेकिन शासक होने के नाते देश की 100 करोड जनता जिसको मानती है यदि उसमें व्यवधान है तो उसको दूर करना शासक का धर्म है, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

उन्होंने कडी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार अब प्राण-प्रतिष्ठा करने जा रही है तो आप (कांग्रेस) इसमें कोई न कोई व्यवधान डालना चाहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सुर और असुर हर युग में रहे हैं। ये ताडका और खरदूषण अब भी हैं जो हडिडयां फेंकना चाहते हैं और व्यवधान डालना चाहते हैं। श्री विज ने नसीहत देते हुए कहा कि ह्यह्यसारा देश नाच रहा है और तुम (कांग्रेस) भी नाचों, ऐसी खोटी बातें मत करों।

आम आदमी पार्टी से अरविन्द केजरीवाल द्वारा भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने के संबंध में जेल में डालने को लेकर दिए गए ब्यान के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि केजरीवाल जी ईडी के नोटिस का जवाब हीं नहीं दे रहे, अगर आप पाकसाफ हो तो आपको जवाब देना चाहिए। जिसके मन में चोर हैं वहीं भागता है। अयोध्या के राममंदिर में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा के संबंध में लगाई गई याचिका के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ही आदेश दिया गया है कि राममंदिर का निर्माण करवाया जाए। देश के साधु-संतों और ज्ञाताओं ने ही इस मुहुर्त की तिथि निकाली हैं।

मुहुर्त केवल 84 सेकेण्ड का है। इतना ज्ञान हमारे सनातन धर्म में भरा हुआ है कि प्राण-प्रतिष्ठा पर किताब लिखी जा सकती है। अधूरे मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देशभर में हजारों मंदिर हैं जहां प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है और मंदिरों में निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को प्राण-प्रतिष्ठा का ही नहीं पता। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापित करके प्राण-प्रतिष्ठा हो गई हो तो वह जींवत हो गई और उसके सामने जाकर शीश नवाया जा सकता हैं, इस पर कोई रोक नहीं हैं।

## भारी कोहरे के कारण तीन ट्रकों की हुई भिडंत, एक घंटे तक लगा रहा जाम

**मानव गर्ग, देश रोजाना**



लाडवा-रादौर मार्ग पर दो ट्रक आपस में भिड़े खड़े।

**लाडवा।** लाडवा क्षेत्र में पड़ रहे भारी कोहरे के कारण लाडवा रादौर मार्ग पर तीन ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें एक ट्रक के चालक व परिचालक को मामूली चोटे आई, जिसको एंबुलेंस में लाडवा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। एक ट्रक के चालक मनदीप सिंह ने बताया कि वह सुबह के समय यमुनानगर से कुरुक्षेत्र की ओर जा रहा था कि अधिक कोहरा पड़ने के कारण उसका ट्रक बिल्कुल धीमी गति पर चल रहा था। वह लाडवा-रादौर मार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर अपने ट्रक में डीजल डलवाने के लिए जैसे ही अपने ट्रक को पेट्रोल पंप की तरफ मोडा तो पीछे से एक ट्रक चालक ने अपने ट्रक की टक्कर उनके ट्रक में मार दी। जैसे ही दूसरे ट्रक की टक्कर लगी तो एक तीसरे ट्रक ने आकर दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। जिसके कारण तीसरे ट्रक के चालक व परिचालक को मामूली चोटे आई। जिन्हें एंबुलेंस में लाडवा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया। वहीं अधिक कोहरे के कारण सुबह से दोपहर तक सडकों पर वाहन धीमी गति में चलते हुए दिखाई दिए और दुर्घटना के कारण मार्ग पर लगभग 1 घंटे से भी अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं लाडवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया और ट्रकों को साइड पर किया। समाचार लिखे जाने तक किसी के खिलाफ भी कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम पहुचा करनाल

- सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता पखवाड़ा क्रमागत नौंवी मुहीम जो की 16 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक मनाई जा रही है

**देश रोजाना ब्यूरो, परी बजाज**



**करनाल।** मुख्य आयकर आयुक्त हरियाणा क्षेत्र, पंचकूला तरुण कुमार गुरुवार को आयकर विभाग कार्यालय सेक्टर 12 करनाल पहुचें। उनका स्वागत प्रधान आयकर आयुक्त, करनाल निधि श्रीवास्तव, संयुक्त आयकर आयुक्त वेद प्रकाश, सहायक आयकर आयुक्त करनाल रवींदर सागर शर्मा व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण ने किया। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता पखवाड़ा क्रमागत नौंवी मुहीम जो की 16 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक मनाई जा रही है, यह वार्षिक कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन का एक हिस्सा है, जो महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किया गया एक मुख्य कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की अगुवाई करने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त हरियाणा, आयकर विभाग करनाल पहुंचे व अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया, इन गतिविधियों में स्वच्छता अभियान से सम्बंधित कार्य जैसे पुरानी भौतिक फाईलों की समीक्षा, छंटाई व पुरानी अप्रचलित वस्तुओं की पहचान, बिजली के उपकरण जैसे स्विच बोर्ड, पंखों, ए.सी. की सफाई व दीवारों तथा शौचालय की सफाई शामिल है। मुख्य आयकर व प्रधान आयकर आयुक्त ने सभी अधिकारीगणों व कर्मचारीगण के साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान, कार्यालय को स्वच्छ करने के लिए दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने कार्यालय के सभी अधिकारीगण व कर्मचारियों को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई एवं साथ ही उन्होंने सभी अधिकारीगण व कर्मचारियों को जागरूक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने कार्यालय/क्षेत्र को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

## कैबिनेट मंत्री ने जगाधरी मंदिरों की सफाई



**राहुल कोहली, देश रोजाना**

**जगाधरी।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जगाधरी मंदिरों में साफ सफाई अभियान चलाया गया। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के प्राचीन और ऐतिहासिक श्री खेड़ा मंदिर में जलाभिषेक कर माथा टेक सफाई अभियान की शुरूआत की। मंत्री कंवर पाल ने जगाधरी के प्राचीन श्री खेड़ा मंदिर और श्री गौरी शंकर मंदिर के पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर मंदिर में साफ-सफाई की। साथ में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों। कार्यकताओं और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। कड़ाके की ठंड और धुंध के बीच भी भगवान श्री राम के जय घोष लगाते हुए कैबिनेट मंत्री और सभी ने उत्साह और जोश के साथ सफाई अभियान में भाग लिया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य हो रहा है। देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने इस मौके पर बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। पीएम मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरूआत पंचवटी से की थी। जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राम मय हो गया है। 500 वर्षों के बाद आज हर देशवासी का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में श्री राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह है।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विचार दिया है कि

हमारी मंदिरों और धार्मिक स्थलों के प्रति जो आस्था और श्रद्धा है। जिस प्रकार से भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ उस विचार की भी प्रतिष्ठा हो रही है और हम उस विचार को और मजबूत करें जो हमारी संस्कृति है हम अपने धार्मिक स्थलों ,मंदिरों में जाएं और वहां पर सफाई करें और सभी व्यवस्थाओं को ठीक करें। तभी उसका लाभ है ।क्योंकि श्री राम मंदिर को बनाने को लेकर जितना बड़ा आंदोलन चला हजारों लोगों ने उस संघर्ष में बलिदान दिए और केवल एक मंदिर की चिंता ना करके हम पूरे देश के सभी मंदिरों धार्मिक स्थलों की चिंता करें। जो हमारे प्रसिद्ध धार्मिक स्थान है।

इस प्रकार के अभियान से हम एक दूसरे से प्रेरणा लेते है और जब सभी मिल जुलकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा बदलाव आएगा ।सफाई अभियान में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग्ग महामंत्री प्रियांक शर्मा,भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी , ललित गुप्ता,नरेंद्र सिंह राणा,प्रदीप गोयल,गोपाल,मनी गुप्ता,पंकज मंगला,मनोज अग्रवाल आशीष विद्यार्थी,पीयूष गोगियांन कपिल मित्तल श्री खेड़ा मंदिर के पुजारी ,श्री गौरी शंकर मंदिर के पुजारी राम स्वरूप उपाध्याय और कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी और भक्त मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने चलाया मंदिर में सफाई अभियान

**देश रोजाना ब्यूरो, परी बजाज**



करनाल। 18 जनवरी अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने करनाल के विभिन्न मंदिरों में अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छ भारत मिशन की जिला टास्क फोर्स के सदस्य रवि सौदा ने नगर के शिव मंदिर गांधी चौक सदर बाजार में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए झाड़ू लगाया। इसके साथ ही कार्यकताओं के साथ मंदिर परिसर को स्वच्छ करने में योगदान दिया। रवि सौदा ने कहा कि सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान 22 जनवरी तक पूरे ताकत से चलाया जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले भर में दीपोत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हर घर, हर मंदिर, हर प्रतिष्ठान में दीपक जलाने के साथ ही प्रभातफेरियां निकाली जाएंगी। भजन-कीर्तन समेत विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। पूरा जिला राममय और भक्तिमय होगा।

इस अवसर पर टीम के सदस्य मुकेश अरोड़ा ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है की देश एक ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है जो जन कल्याण के साथ साथ हिंदू समाज के पुनर्जागरण का काम कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की पहल से हमारे देश के संस्कार एवं संस्कृति की गौरवमई पहचान विश्व पटल पर पुनर्स्थापित हुई है। सभी से अपील है कि अपने आस-पास के मंदिर परिसर की सफाई करें व 14-22 जनवरी तक चलने वाले इस महाअभियान में मन और मंदिर को पवित्र करके राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लें।

## ईडी का इस्तेमाल कर हुड्डा की छवि को खराब करना चाहती है भाजपा : त्रिलोचन सिंह

**परी बजाज, देश रोजाना**

**करनाल।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ईडी द्वारा पूछताछ किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए करनाल जिला कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार भूपेंद्र हुड्डा की छवि को खराब करने की साजिश रच रही है।

भूपेंद्र हुड्डा की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा-जजपा सरकार बौखला गई है। सरकार एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा 10 साल हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। उनके शासन में 36 बिरादरी के लोग खुश थे। हर वर्ग के लिए रोजगार के द्वार खुले थे। भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसा जा रहा था। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि पूर्व सीएम भाजपा सरकार की ओछी हरकतों का सामना करने के लिए तैयार हैं।



उन्हें सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर जन सेवा करने से नहीं रोका जा सकता। हरियाणा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता व आम जन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ खड़े हैं। प्रदेश की जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। लोग चाहते हैं कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा सीएम बने और हरियाणा विकास के मार्ग पर अग्रसर हो।

## घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन की चपेट में आया स्कूली छात्र, लगी चोटें

**मानव गर्ग, देश रोजाना, लाडवा।** लाडवा-बाबैन मार्ग पर एक स्कूली छात्र भारी कोहरे के कारण एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण चोटिल हो गया। जिसको गंभीर रूप से चोटे लगी। राहगीरों द्वारा उसे लाडवा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कुरुक्षेत्र के जयप्रकाश लोकनायक अस्पताल में रेफर कर दिया। लाडवा थाना के सब इंस्पेक्टर मूलचंद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण संजय गांधी स्कूल का 12वीं कक्षा का एक छात्रा को अज्ञात वाहन टक्कर मार गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लाडवा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। परंतु उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे कुरुक्षेत्र के जयप्रकाश लोकनायक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### दो वर्षों में उनकी कंपनी 60 से अधिक गाने रिलीज कर चुकी है

## नये गीत 'ये आदत' को करनाल क्लब में किया रिलीज

- निमार्ता मनवीर सिंह ने बताया कि, ये आदत एक रोमांटिक गीत है जिसे युवा पीढ़ी के लिए लिखा व निर्माण किया गया है

**परी बजाज, देश रोजाना**



**करनाल।** नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने वाली करनाल की कंपनी फ़्लाइकिंग रिकॉड्र्स के नये गीत 'ये आदत' को आज करनाल क्लब में रिलीज किया गया। करनाल क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, फ़्लाइकिंग रिकॉड्र्स के निदेशक परमिंदर पाल सिंह, निमार्ता व युवा गायक मनवीर सिंह, जसवंत सिंह बावा, गीत के लेखक राज जोत व इसमें एक्टिंग करने वाले कलाकारों खुशबू तोमर व मयंक पांडेय ने गाने का पोस्टर जारी किया व साथ ही वीडियो को चलाकर गीत रिलीज किया गया।

निमार्ता मनवीर सिंह ने बताया कि, ये आदत एक रोमांटिक गीत है जिसे युवा पीढ़ी के लिए लिखा व निर्माण किया गया है। इस गीत को राजस्थान से प्रीतिश चौबासिया ने गाया है जबकि परमिंदर पाल सिंह व लव गुप्ता इसके सह निमार्ता हैं।

गाने की पूरी शूटिंग देहरादून में हुई है। आज प्रेस वार्ता में विशेष रूप से पहुँचे निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि आज के समय में नये कलाकारों को बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ता है व अक्सर उनमे से बहुतों को नउम्मीद होकर वापिस लौटना पड़ता है, ऐसे में करनाल से शुरू हुए फ्लाइंग रिकॉड्र्स द्वारा उन कलाकारों का हाथ थामकर उन्हें मंच देना वास्तव में प्रशंसनीय है। गीतकार राज जोत व इस गीत में एक्टिंग करने वाले कलाकारों खुशबू तोमर व मयंक पांडे में कहा कि हालाँकि यह उनका पहला प्रोजेक्ट था लेकिन उन्हें फ़्लाइकिंग रिकॉड्र्स में काम करते हुए हमेशा अपनापन सा महसूस हुआ।

इस अवसर पर फ्लाइंग रिकॉड्र्स के निदेशक परमिंदर पाल सिंह ने बताया कि विगत दो वर्षों में उनकी कंपनी 60 से अधिक गाने रिलीज कर चुकी है जिनकी शूटिंग देश के विभिन्न राज्यों के साथ साथ दुबई, इंग्लैंड आदि स्थानों में भी हो चुकी है। उन्होंने नये उभरते कलाकारों को मंच देते रहने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे, हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं....भजन पर झूमे श्यामप्रेमी

- समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा 510वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित

**अर्पित वधवा, देश रोजाना**



**थानेसर (कुरुक्षेत्र)।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार रात्रि हरगोविंद नगर में 510वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक मनोहर लाल कामरा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमीयों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायकों चंडीगढ़ से मोनू दुआ और पटियाला से आदित्य गोयल ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे,हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं......,फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले...., सांवरे की महफि ल को सांवरा सजाता है...., साँवरिया ले चल परली पार...व हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... इत्यादि काफी सराहे गए। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि ये हारे के सहारे हैं,दिनोंदिन श्याम प्रेमीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगला खाटू श्याम संकीर्तन व भंडारा शनिवार, 20 जनवरी को सुंदरपुर में होगा। श्याम आरती में गौरव गुप्ता, संजय चौधरी, पियांशु तायल, मोहित तायल, अनिल मित्तल, योगेंद्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, मदन लाल कामरा, संजय कामरा, यश, सचिन, गौरव कामरा, संदीप राणा,पप्पी जैन, जितेंद्र, कविता गोयल, अनु गर्ग, सोनिया गर्ग व स्वीटी मित्तल सहित अन्य शामिल रहे।

# नायब सैनी व सुभाष सुधा ने मंदिरों की स्वच्छता में किया श्रमदान

- श्री रामलला के विराजमान होने को लेकर देश के नागरिकों में जोश और उत्साह की लहर

**दलबीर मलिक, देश रोजाना**



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के अंदर श्री रामलला के विराजमान होने को लेकर देश के नागरिकों में जोश और उत्साह की लहर है। इस जोश के कारण देश का प्रत्येक नागरिक अयोध्या पहुंचकर अपनी आंखों के सामने श्री राम लला के विराजमान होने के दृश्य को देखना चाहता है।

इस जोश और उमंग के चलते देश के हर गांव और शहर में धार्मिक कार्यक्रमों और अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से आह्वान किया है कि अपने आसपास के सभी धार्मिक स्थलों पर 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जाए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी वीरवार को न्यू कॉलोनी सनातन धर्म मंदिर व हनुमान मंदिर में विधायक सुभाष सुधा की तरफ से आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने सबसे पहले न्यू कॉलोनी में सनातन धर्म मंदिर व हनुमान मंदिर में मंत्रौच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की और उसके बाद मंदिर के अंदर और प्रांगण में स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान किया। इसके साथ ही मंदिरों के आसपास के क्षेत्र से गंदगी को उठाया और झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस स्वच्छता अभियान में न्यू कॉलोनी के साथ-साथ शहर के दर्जनों लोग भी शामिल हुए। इस स्वच्छता अभियान के दौरान लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाकर न्यू कॉलोनी की पूरी फिजा को श्री राम लला के रंग में रंगने का काम किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 जनवरी से मंदिरों और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के अभियान को 22 जनवरी तक निरंतर आगे बढ़ाया जाए। इस अवधि के दौरान नागरिकों को अपने घरों के आसपास मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों के अंदर और आसपास के क्षेत्र को पूर्णतः: स्वच्छ बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस देश में 500 सालों के बाद सही मायनों में 22 जनवरी को दीपावली महोत्सव से बड़ा पर्व होगा। इस पावन पर्व 22 जनवरी को लाखों कुर्बानियों की शहादत सफल होगी और श्री राम लला को श्री राम मंदिर में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि 22 जनवरी को सभी नागरिक अपने-अपने घरों में रंग-बिरंगी लाइट जलाए और दीपक व मोमबत्तियां जलाकर अपनी खुशी का इजहार करें।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के सभी नागरिकों के लिए 22 जनवरी को एक बहुत बड़ा महोत्सव होगा। इस पावन पर्व पर कुरुक्षेत्र में भी पूरे जोश और उत्साह के साथ तैयारियां की जाएगी और जगह-जगह अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए लोगों द्वारा प्रबंध भी किए जाएंगे। इस मौके पर नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा, पूर्व पार्षद दीपक सिडाना, मनिंद्र छिंदा, मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, रविंद्र सैनी, अमित रोहिला, श्याम लाल, प्रवीण ढींगड़ा, अमित मलिक, पवन ढींगड़ा, एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा, जितेंद्र अग्रवाल, गौरव जुनेजा, राजीव गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अराईपुरा में पीएम श्री स्कूल बनाने की सिफारिश : हरविंद्र कल्याण

- बोले-86 करोड़ से देश की दूसरी एनसीसी अकादमी बनेगी, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर
- अराईपुरा और बसताड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**परी बजाज, देश रोजाना**

**करनाल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव अराईपुरा और बसताड़ा पहुंची। दोनों स्थानों पर विधायक हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि रहे। अराईपुरा में उन्होंने बताया कि यहां पीएम श्री स्कूल बनाने की सिफारिश सरकार को भेजी गई है। उम्मीद है कि आने वाले समय में यह मांग पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अराईपुरा में 86 करोड़ रुपए की लागत से देश की दूसरी एनसीसी अकादमी मंजूर हो चुकी है। हलके में इस गांव के सर्वाधिक युवक सेना में हैं।

अकादमी की स्थापना से भविष्य में युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और उनके सपनों को नए पंख लगेंगे। इतना ही नहीं यहां करीब ढाई करोड़ की लागत से कम्युनिटी सेंटर भी बनाया जाएगा। हलके में चार कम्युनिटी सेंटर मंजूर हुए हैं जिनमें से एक अराईपुरा का है। अराईपुरा में सरपंच प्रतिनिधि दीपक ठाकुर और बसताड़ा में सरपंच सुरेश फौजी के नेतृत्व में पंचायत ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली उद्बोधन सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकार विजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए।

# लाडवा हल्के को तीन विधायक मिलने पर भी आज लाडवा हल्का पिछड़ा हुआ है: संदीप गर्ग

- 15 साल से तीनों ही विधायकों के कायार्काल में लाडवा हल्के ने कोई तरक्की नहीं की

**मानव गर्ग, देश रोजाना**


लाडवा अनाजमंडी में स्थित अपने कार्यालय में युवाओं से बातचीत करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**लाडवा।** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के को अभी तक तीन विधायक मिले हैं। परंतु लाडवा हल्का आज भी पिछड़ा हुआ है। यही कारण है कि तीनों विधायक जनता के कार्य को करवाने में सफल नहीं हो पाए, तभी आज कार्य अधूरे है और जनता तीनों ही विधायकों से खुश नहीं हो सकें।

समाजसेवी संदीप गर्ग गुरूवार को लाडवा अनाजमंडी में स्थित अपने कार्यालय में युवाओं से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 15 साल से लाडवा हल्के को अभी तक तीन विधायक मिले हैं। परंतु किसी के कार्यकाल में लाडवा हल्के ने कोई तरक्की नहीं की है।

उन्होंने कहा कि जब से लाडवा हल्का बना है तभी से वह अभी तक सीमित दायरे में ही सिमटा पड़ा है। उन्होंने कहा कि न तो कोई भी विधायक लाडवा हल्के को लड़कियों के लिए कॉलेज दिला सका है और न ही लाडवा की जो सबसे प्रमुख मांग बाईपास की है उसे ही पूरा करवा सका है। उन्होंने कहा कि सिर्फ यह नेता चुनाव के समय में तो बड़े-बड़े वायदे कर देते हैं कि एक बार आशीर्वाद दीजिए उसके बाद लाडवा हल्के का चहुमुखी विकास करवाया जाएगा। परंतु वोट लेने के बाद पूरे पांच साल तक जनता के बीच जाकर नहीं देखते कि जनता का क्या हाल है। उन्होंने कहा कि इस बार 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ऐसे नेता को लोकसभा या विधानसभा में भेजने का काम करें। जो लाडवा हल्के की जनता का दुख दर्द को समझ सके और लाडवा हल्के को विकास की ओर लेकर जा सकें। मौके पर घनश्याम काम्बोज, रविप्रकाश, विजय काम्बोज, अमन सैनी, दीपक दहिया, दलजीत सिंह, दीपक चौधरी, राजेश कुमार, राहुल आदि मौजूद थे।

## संजीव चौधरी जगाधरी ने आम आदमी पार्टी से दिया इस्तीफा

**देश रोजाना ब्यूरो, जगाधरी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजीव चौधरी जगाधरी ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। अपने कार्यालय में संजीव चौधरी ने कहा कि राजनीति में आने का मकसद समाज सेवा करना है। इस मंच के माध्यम से जन सरोकार के मुद्दों को उठाना है,लेकिन आम आदमी पार्टी में वह ऐसा नहीं कर पा रहे थे। संजीव ने कहा कि यहां पर उनकी कई बार उपेक्षा व अनदेखी हुई। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता की नहीं बल्कि कुछ खास वर्गों को ही तव्वज्जों दे रही है। इसमें हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार नहीं है। संजीव चौधरी ने बताया कि मौजूदा में उनके पास पार्टी के एससी सैल की अंबाला जिला प्रधान का पद भी है। पार्टी की सदस्यता व इस पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही समर्थकों के साथ बात कर अगली रणनीति बनाई जाएगी। बता दें कि संजीव चौधरी पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर के खासमखास है।

## वेतन विसंगति को लेकर पटवारियों की हड़ताल जारी, स्थानीय लोग परेशान

**यज्ञदत शास्त्री, देश रोजाना**

**पिहोवा।** सरकार व कर्मचारियों के बीच जब भी किसी मसले पर खींचतान होती है, उसका खामियाजा हमेशा आमजन को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही अब पटवारियों की हड़ताल को लेकर हो रहा है। वेतन विसंगतियों की मांग को लेकर पटवारियों की हड़ताल 15 वें दिन में प्रवेश कर चुकी है,लेकिन अभी तक सरकार व कर्मचारियों के बीच कोई समझौता नहीं हुआ और होने के आसार भी नहीं हैं। तहसील कार्यालय में बना पटवारखाना व जमाबंदी कैबिन खाली पड़ा हुआ है और स्थानीय लोग जब अपने कार्यों के लिए आते हैं उन्हें निराश लौटना पड़ता है। तहसील कार्यालय में पहुंचे सागर, रामकुमार, जय सिंह, भतेरी, अमन आदि ने बताया उन्हें पटवारी से इंतकाल, प्रमाण पत्र, जमाबंदी इत्यादि बारे मिलना था और पटवारी से कागजात लेकर या उससे सबंधी जानकारी लेकर अपने निजी कार्य निपटाने थे,लेकिन हड़ताल के चलते उन्हें सर्द ठंड में यहां पहुंचकर फिर निराश लौटना पड़ रहा है। बलजीत सिंह ने बताया कि कई दिनों से वह तहसील कम्प्लेक्स में बैठे जानकारों से स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण फोन पर पटवारियों की हड़ताल बारे जानकारी लेता है,लेकिन जब पता चलता है कि हड़ताल खत्म नहीं हुई,बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताल इतनी लंबी चलेगी, अंदाजा नहीं था। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार भी जिम्मेवार है,क्योंकि जब भी किसी भी विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं वो कई दिन पहले सरकार को अल्टीमेटम दे देते हैं। सरकार को आमजन की समस्याओं को देखते हुए तुरन्त काम छोड़ हड़ताल को लेकर संज्ञान लेना चाहिए। वहीं हड़ताल के चलते तहसील कम्प्लेक्स में बैठे अर्जीनवीस,स्टाम्प वेंडर व टाइपिस्टों के कामकाज पर भी काफी असर पड़ता जा रहा है।

# भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित किया जाएगा वसंतोत्सव 2024

**मानव गर्ग, देश रोजाना**



भारत विकास परिषद के प्रकल्प प्रमुख अमित कंसल।

**लाडवा।** भारत विकास परिषद द्वारा 11 फरवरी दिन रविवार को शहर के एक निजी स्कूल में बसंतोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रकल्प प्रमुख अमित कंसल ने बताया कि बसंत पंचमी का प्रत्येक विद्यालय और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विशेष महत्त्व होता है क्योंकि बसंत पंचमी को विद्या की देवी माता सरस्वती का जन्मदिवस होता है। इसलिए भारत विकास परिषद ने निर्णय लिया कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए वसंतोत्सव का आयोजन किया जाये जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। परिषद ने निर्णय लिया कि कुल 14 प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। जिनमें फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य, समूह नृत्य, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, राखी मेकिंग, कलरिंग, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, काइट मेकिंग, मेहंदी, फेस पेंटिंग, सलाद सज्जा, पॉट सज्जा व मॉक टेस्ट प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं के लिए तीन ग्रुप बनाए गए हैं: तीसरी से पांचवीं, छठी से आठवीं व नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग ग्रुप बनाए गए हैं। प्रतियोगिताओं को भी अलग अलग ग्रुपों में बांटा गया है। जिसमें ग्रुप ए में मॉक टेस्ट, ग्रुप बी में एकल नृत्य, ग्रुप सी में समूह नृत्य, ग्रुप डी में फैंसी ड्रेस, ग्रुप ई में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट व राखी मेकिंग, ग्रुप एफ में कलरिंग व पेंटिंग, ग्रुप जी में कोलाज मेकिंग, काइट मेकिंग और मेहंदी तथा ग्रुप एच में फेस पेंटिंग, सलाद डेकोरेशन व पॉट डेकोरेशन होगा। कोई भी प्रतियोगी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है। परंतु वह एक ग्रुप में से एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

# धीरज गुलाटी बने फिनिक्स क्लब के नए प्रधान, विधायक सुभाष सुधा ने दी शुभकामनाएं

- फिनिक्स क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है

**दलबीर मलिक, देश रोजाना**



**कुरुक्षेत्र।** धीरज गुलाटी बने फिनिक्स क्लब के नए प्रधान, हुआ शपथ ग्रहण समारोह।थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब की अहम भूमिका है। फिनिक्स क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है।

यही वजह है कि समाजसेवा के क्षेत्र में इतने कम समय में फिनिक्स क्लब ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज फिनिक्स क्लब के नाम पर धर्मनगरी में नेकी की दीवार, फिनिक्स चौक, फिनिक्स रोड, फिनिक्स पिल्लर स्थापित है। फिनिक्स क्लब द्वारा एक नही बल्कि अनेक सेवा प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन और समाज को जब भी किसी सहयोग की जरूरत होती है तो फिनिक्स क्लब सेवा के लिए हमेशा सबसे अगली पंक्ति में खड़ा मिलता है और जरूरत पड़ते ही उस काम को पूरा कर देता है।

वह रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में फिनिक्स क्लब की नई टीम 2024 के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संकल्प में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त प्रधान धीरज गुलाटी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा कार्यों को गति देने के लिए इस क्लब का गठन 7 साल पहले किया गया था। इतने कम समय में ही क्लब ने जिला ही नहीं प्रदेश भर में सेवा के नए आयाम स्थापित कर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। थानेसर शहर को सुंदर बनाने की बात हो या किसी जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचाने की बात हो, आज तक फिनिक्स क्लब ने सभी कार्यों को समय से पहले पूरा कर पूरे समाज को प्रेरणा देने का काम किया है।

उन्होंने समाजसेवा के कार्यों के लिए क्लब के पदाधिकारियों को साधुवाद देने के साथ-साथ हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।समारोह में बतौर अतिथि पहुंचे स्वामी हरिओम दास, सुरिंदर ढींगरा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब, विजय चावला, आशीष सभरवाल, अजय बजाज, सतीश ललित, गौरव पुजानी आदि ने कहा कि फिनिक्स क्लब के सेवा कार्यों से पूरे समाज को प्रेरणा मिल रही है। पर्यावरण से लेकर शिक्षा और भारतीय संस्कृति के प्रचार को लेकर भी क्लब की ओर से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान विजेश ऐलावादी ने वर्ष 2023 के दौरान फिनिक्स क्लब द्वारा किये गए जनहित कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन शशि ऐलावादी, आशी जसूजा ने किया। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं राजकुमार अरोड़ा, अन्नु मदान, सुषमा शर्मा, संतोष शर्मा, प्रोमिला खेत्रपाल को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर जेपी केसरी रहे।

इस मौके पर पूर्व प्रधान विवेक कक्कड़, विशाल मदान, अश्वनी अरोड़ा, अमित अरोड़ा, विनीत अग्रवाल, अरुण गुप्ता, नरेश सिंगला, रविनंदन आहूजा, जेपी केसरी, प्रदीप बिडान, गिन्नी कक्कड़, गुरसेवक सिंह, कीर्ति खोसला, दिनेश अनेजा, जश्न अरोड़ा, जितेंद्र मेहता, राजेश छाबड़ा, राजेश पोपली, संजीव छाबड़ा, सुनील कालड़ा, शिवम ढींगरा, तरुण ढींगरा, आशिमा गुलाटी, समीना चिब, भूमिका झांब, सविता अरोड़ा, शीतू गुप्ता, निधि कक्कड़, ज्योति आहूजा, मधु केसरी, नीरा कक्कड़, मलविंदर कौर, ज्योति खोसला, रेनू सिंगला, नैना अनेजा, अंजू पोपली, मधु केसरी, सपना ढींगरा, पूजा अग्रवाल, सोनिका वधवा, अनिता कालड़ा, अंजना सिंगला, अमित गुलाटी, ऐनी गुलाटी आदि भी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### संवर्धिनी समागम में महिला सशक्तिकरण का दिया जाएगा संदेश: रमेश धारीवाल



**राहुल कोहली, देश रोजाना, जगाधरी।** राष्ट्रीय सेविका समिति की ओर से अंबाला के एसडी कालेज में 18 फरवरी को होने वाले संवर्धिनी समागम की रूप रेखा तैयार करने के लिए एक बैठक श्रीनगर कालोनी स्थित बीजेपी मंडल महामंत्री सीमा गुलाटी के निवास पर हुई। जिसमें जिला संघ संचालक रामेश धारीवाल, अंबाला विभाग सहकार्यवाहिका संतोष श्रीवास्तव, जिला कार्यवाहीका राजेश कुमारी, बौधिक प्रमुख रजनी वत्स ने अपने विचार प्रस्तुत किए। रमेश धारीवाल ने कहा कि स्त्री त्याग की मूर्ति है, इसलिए भारतीय दर्शन में उसे अत्याधिक सम्मान दिया गया है। स्त्री को समाज की वास्तुकार का दर्जा दिया जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को अंबाला में आयोजित होने वाले संवर्धिनी समागम में भारतीय चिंतन में महिला, वर्तमान में महिलाओं की स्थिति और भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका सहित अनेक विषयों पर महिलाओं द्वारा मंथन किया जाएगा। इस समागन में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका प्रभावशाली हो, इस पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। महिलाएं स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा अंतोदय भाव को ध्यान में रखते हुए राजनैतिक, शैक्षणिक, आर्थिक, धार्मिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रबुद्ध मातृशक्ति की सक्रियता में वृद्धि सुनिश्चित करना भी समागम का ध्येय है। राजेश कुमारी ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा को लेकर समाज को चिंता नहीं अपितु चिंतन करना चाहिए। बेटा-बेटी की शिक्षा में अंतर को समाप्त करना जरूरी है। शिक्षण क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण स्थापित करना होगा। मौके पर सुनीता मित्तल, वान्या, हरियाणा इंजीनियरिंग कालेज रजिस्ट्रार प्रतिभा, डीएवी गर्ल्स कालेज के पूर्व कार्यवाहक प्रिंसिपल विभा गुप्ता, रंजना दुआ, हर्शिका दुआ, किरण, ज्योति लूथरा, वीना, मोनिका उपस्थित रहीं।

### अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा करेगा महाराजा अग्रसेन चौक पर भव्य भगवान श्री राम दीपोत्सव का आयोजन


**अर्पित वधवा, देश रोजाना, थानेसर (कुरुक्षेत्र)।** धर्मनगरी में भी 22 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मोहन नगर के महाराजा अग्रसेन चौक पर भगवान श्री राम दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के पूर्वज मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को अग्र पूर्वज भगवान श्री राम गृहोत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला प्रधान अशोक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला के निदेर्शानुसार इस पुण्य अवसर पर 22 जनवरी को महाराजा अग्रसेन चौक पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल एवं कपिल मित्तल ने कहा कि इस अवसर को पूरी श्रद्धा से मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

### जयराम कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ



**अर्पित वधवा, देश रोजाना, थानेसर ( कुरुक्षेत्र)।** देश भर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. के सात दिवसीय आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. हुकम सिंह ने शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के शिविर का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का स्वागत किया। एन.एस.एस. की दोनों यूनिट की 100 स्वयं सेविकाओं ने इस शिविर में भागीदारी दिखाई। गांव कमोदा में लगे इस शिविर में मुख्य रूप से कमोदा के गांव की गलियों की सफाई और वहां स्थित श्री काम्यकेश्वर मंदिर के तालाब की सफाई को मुख्य उद्देश्य बनाया गया है। डा. हुकम सिंह ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण आंचल की इन छात्राओं ने पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देकर एवं अपने कर्मों के द्वारा सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति महान है। उन्होंने गांव में सफाई का जो बीड़ा उठाया है वह सराहनीय है। प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डा. संगीता शर्मा प्राचार्या, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांढ मौजूद रही। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी बेटियों को जीवन में आगे बढ़ने, उन्नति करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा एवम संदेश दिया। नारी के अधिकार एवम कर्तव्य के बारे में जागृत किया।

### जग ज्योति दरबार 21 जनवरी को निकलेगा कलश यात्रा



**अर्पित वधवा, देश रोजाना, थानेसर ( कुरुक्षेत्र)।** देश विदेश में सनातन प्रचार का अभियान चला रहे जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने प्रतिदिन की भाँति हवन यज्ञ करने के उपरांत भगवान श्री राम के जीवन और क्यों है भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम की महिमा की श्रद्धालुओं को सत्संग में जानकारी दी। महंत राजेंद्र पुरी ने दरबार में आए श्रद्धालुओं को 21 जनवरी को जग ज्योति दरबार से निकलने वाली कलश यात्रा के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को संध्या में हवन यज्ञ और दीप उत्सव तक लगातार श्री राम मंदिर प्रचार जारी रहेगा। संत महापुरुषों के साथ भगवान श्री राम नाम का गुणगान अभियान मंदिर बनने तक चलेगा। उन्होंने जोरदार अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी के अवसर को पूरे भारत वर्ष में दीपावली की तरह हर घर में दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ, नाच गाकर व ढोल नगाड़े के साथ खूब धूमधाम से मनाया जाएगा। महंत राजेंद्र पुरी ने सभी क्षेत्र वासियों, देश एवं प्रदेशवासियों को घरों में रामायण रखने, श्री हनुमान चालीसा पढ़ने और दीपोत्सव मनाने की अपील करते हुए कहा कि इन सभी धार्मिक कार्यों के लिए किसी तरह की सहायता की जरूरत पड़े तो महंत राजेंद्र पूरी और जग ज्योति दरबार यथासंभव मदद के लिए तैयार रहेगा। उन्होंने बताया कि गांव पाई में माता मंदिर में उन के गुरु भाई सिद्ध महात्मा महंत रस मंगल पुरी जी सांसारिक जीवन त्याग कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने अपने सभी साथियों के साथ उन्हे समाधि देने के अवसर पर नमन किया। इस अवसर पर सिद्ध महात्मा श्री श्री 1008 रूद्र पूरी महाराज, स्वामी भल्ले गिरी, महंत शिवपुरी, महंत चेतन पुरी और चमन गिरी सहित सैंकड़ों महापुरुष उपस्थित रहे।

# डबल ट्रेनिंग सिस्टम से युवाओं का किया जा रहा है तकनीकी विकास

प्रशिक्षण

- आईटीआई पास युवाओं को कंपनियों में दिया जाता है प्रशिक्षण
- कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग ने नए एमओयू साइन किए
- मंडलस्तरीय कार्यशाला का गुरुग्राम में हुआ आयोजन



निजी उद्योगों के साथ हुए एमओयू को साझा करते अधिकारीगण।

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** राज्य में तकनीकी एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली को आकर्षक ढंग से लागू करने के लिए और भी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं को फील्ड में काम सीखने का मौका दिया जाए तो उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। इसके अलावा कंपनियों को भी कम समय में प्रशिक्षित कर्मचारी मिल सकेंगे। गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस कॉफ्रेंस हॉल मे पंचकुला स्थित कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक डॉ. विवेक अग्रवाल ने मंडलस्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली अर्थात डीएसटी योजना आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं के लिए चलाई जा रही है। इसमें एक साल का कोर्स करने वाले युवक-युवतियों को तीन से 6 महीने और दो साल का आईटीआई कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को नौ से 12 महीने तक निजी कंपनियों में प्रशिक्षु के तौर पर काम सीखने का मौका दिया जाता है। इससे युवाओं की भी कुशलता बढ़ती है और कंपनियों को भी नए प्रशिक्षित युवा मिल जाते हैं। डॉ. विवेक अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार की इस योजना में शेयरधारक होने के नाते जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक, प्रतिष्ठित उद्योगों, क्षेत्रीय निदेशक एनसीआर व आईटीआई प्राचार्यों को अधिक से अधिक सहयोग करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली कौशल विभाग की एक प्रमुख योजना है। जिसके माध्यम से विभाग द्वारा आईटीआई प्रशिक्षुओं को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में लगभग दस हजार सीटों को दोहरे मोड के प्रशिक्षण में शामिल किया गया है।

वीरवार को कार्यशाला में निजी उद्योगों के साथ कई और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिनमें हीरो कॉर्प, मुंजाल शोवा लि., मोक्षा वेलनैस, मिंडारिक, डिनसो आदि शामिल थी। इस कार्यशाला में एसडीआईटी की ओर से सहायक निदेशक तकनीकी मनोज सैनी, प्रिंसिपल जयदीप कादियान, जयप्रकाश यादव, जागृति भाटिया आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला के बाद महानिनदेशक डॉ. विवेक अग्रवाल एवं सहायक निदेशक मनोज सैनी ने जापान इंडिया इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग का दौरा किया। डॉ. विवेक अग्रवाल ने निजी कंपनियों के पदाधिकारियों की भी अप्रेंटिसशिप में युवाओं की तरफ से आने वाली समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को इन्हें दूर करने के निर्देश जारी किए।

## फायरिंग के बाद ऑटो चालक से मारपीट, जान से मारने की धमकी दी, केस दर्ज

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** सेक्टर 17/18 एरिया में चार युवकों द्वारा ऑटो चालक से मारपीट कर फायरिंग करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में पलवल के उटावड़ निवासी सिराजुद्दीन ने कहा कि वह सेक्टर-62, गांव उल्लावास में किराए पर रहता है। वह इफको चौक पर ऑटो चलाता है। सुबह करीब 8.30 बजे वह अपना ऑटो लेकर एनएच-48 पहुंचा। वहां पहले से ही अंकित व जॉनी सहित चार युवक मौजूद थे। इनमें से एक युवक ने उस पर फायर कर दिया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद युवकों ने ऑटो चालक के साथ जमकर मारपीट की। सिराजुद्दीन ने पुलिस को कॉल करने के लिए फोन निकाला तो आरोपियों ने वह छीनकर तोड़ दिया। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# संतों और दिव्य पुरुषों के आशीर्वाद से ही फलता फूलता है समाज : जीएल शर्मा


भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत संत रविदास मंदिर में श्रमदान करते जीएल शर्मा व अन्य।

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ संत रविदास मंदिर में चलाया सफाई अभियान

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों के साथ गुड़गांव गांव के संत रविदास मंदिर में सफाई अभियान चलाया। शर्मा करीब 9:15 बजे गुड़गांव गांव के संत रविदास मंदिर पहुंचे।

यहां पहुंचते ही उन्होंने मंदिर के गर्भग्रह में सफाई की। संत रविदास जी की प्रतिमा को साफ कर उनके चरण वंदना की। तत्पश्चात उन्होंने कार्यकताओं के साथ झाड़ू से पूरे मंदिर परिसर की सफाई की। मंदिर परिसर के साथ-साथ उन्होंने मंदिर के सामने भी सफाई की। इससे पूर्व के प्रदेश उपाध्यक्ष नेक्स्ट सेक्टर 15 पार्ट 2 के भगवान जगन्नाथ मंदिर में भी सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा के कार्यकर्ता की ओर से अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों और तीर्थ स्थलों की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दीवार लेखन का भी कार्य आरंभ किया है।

प्रदेश के विकास पुरुष मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सभी पदाधिकारियों से इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने को कहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष के नाते मुझे पांच दीवार लेखन का कार्य मिला है, जिनमें से दो दीवार लेखन का कार्य वीरवार को पूरा कर लिया गया है।

# क्षेत्रवासी स्व प्रमाणित करके प्रॉपर्टी टैक्स में लें छूट का लाभ : आयुक्त

- 29 फरवरी तक उठाएं ब्याज माफी और छूट का फायदा

**देव चौहान, देश रोजाना**


अशोक कुमार गर्ग, आयुक्त नगर निगम मानेसर।

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने निगम क्षेत्र में स्थित प्रॉपर्टी धारकों से अपील करते हुए कहा कि वे एनडीसी पोर्टल या यूएलबीएचआरवाईएनडीसीडॉटऑआरजी पर अपने प्रॉपर्टी डाटा को स्व-प्रमाणित करके अपने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि पर छूट का लाभ उठाएं। हरियाणा सरकार द्वारा 29 फरवरी तक प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज माफी और टैक्स की राशि पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी प्रकार की प्रॉपर्टी पर टैक्स का प्रावधान है। योजनानुसार खाली प्लाटों, रिहायशी मकानों, कमर्शियल बिल्डिंग या औद्योगिक इकाइयों को हर वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। सरकार द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों को ब्याज माफी तथा शेष राशि पर 15 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनेगी सरकार : बिप्लव देव

- सरपंच सुंदरलाल के सिकंदरपुर गांव स्थित कार्यालय पर चाय के कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश प्रभारी

**देव चौहान, देश रोजाना**


प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव और जिलाध्यक्ष कमल यादव का स्वागत करते सरपंच सुंदरलाल।

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव बुधवार देर शाम गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव के कार्यालय पर चाय पीने पहुंचे। इस दौरान सरपंच की तरफ से बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार फिर से भाजपा सरकार बनेगी। केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं की बदौलत यह संभव हो रहा है। पिछले पांच सौ सालो से देश राम मंदिर की प्रतीक्षा कर रहा था। नरेंद्र भाई मोदी की सरकार द्वारा यह सपना पूरा किया गया। आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। पूरे देश ने इस दिन को दीपावली के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। आज से ही पूरा देश राममय हो चुका है। हर जगह मंदिरों में सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। मंदिरों में भजन कीर्तन किया जा रहे हैं। अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम के लिए अनुदान किया जा रहा है।

यह केवल नरेंद्र भाई मोदी के प्रयासों से सफल हो पाया है। धारा 370 जो देश की एकता में सबसे बड़ी रुकावट थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस धारा को तोड़कर देश को एक बनाने का कार्य किया है। आज देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। आने वाले 5 सालों में भाजपा के नेतृत्व में बनने वाली सरकार देश को नए आयाम देगी। इस दौरान गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि प्रभारी विप्लव देव कुमार ने 25 वर्षों से गुलामी की जिंदगी जी रहे मेरे त्रिपुरा के भाइयों को भाजपा सरकार बनाकर आजादी दिलाई। उनके नेतृत्व में त्रिपुरा ने विकास के नए आयाम स्थापित किया। आज हरियाणा प्रदेश भी उनसे बहुत कुछ सीख रहा है और आगे बढ़ रहा है। हमें भी उनके साथ कार्य कर बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि 22 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा दीप जलाकर खुशियां मना कर पूरे देश में दीपावली मनाई जाएगी।

## न्यूज डायरी

### बिना सी फार्म जमा कराए नाइजीरियाई नागरिक को ठहराने पर पीजी संचालक पर केस

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** सेक्टर-56 एरिया के एक पीजी में बिना सी फार्म के नाईजीरियन के ठहराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में पीजी संचालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर हेड कांस्टेबल अमरजीत सिंह अपने साथी सिपाही मेवा सिंह के साथ गश्त क्राइम पैट्रोलिंग कर रहे थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि सेक्टर-57 के एक मकान में एक विदेशी नागरिक बिना सी- फार्म के किराये पर रह रहा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें वहां एक नाईजीरियन मूल का युवक मिला। पुलिस ने फोन पर पीजी संचालक प्रतीक फोगाट से संपर्क किया तो उसने बताया कि इजेपुता नामक युवक पिछले दो माह से यहां किराए पर रह रहा है। जिसका सी-फार्म प्रतीक के पास नहीं था। जिसके बाद पुलिस ने फॉर्नर एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कंपनी कर्मी ने घर में फंदा लगाकर की खुदकुशी

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में कंपनी कर्मी ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। यूपी के अमेठी निवासी 22 वर्षीय श्रवण कुमार की करीब सात माह पूर्व ही शादी हुई थी। श्रवण कुमार करीब डेढ़ माह पहले ही गुडगांव में आया था। वह यहां मानेसर के नाहरपुर में अपनी पत्नी गुड्डी सहित किराए के मकान में रहता था। वह यहां एक निजी कंपनी में काम करता था। बुधवार शाम गुड्डी किसी काम से गई थी। पीछे से करीब पांच बजे श्रवण ने घर में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। जब गुड्डी वापिस आई तो उसे श्रवण कमरे में लटका हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस को गुड्डी ने बताया कि श्रवण मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### अब देवीलाल स्टेडियम में होगी गणतंत्र दिवस के समारोह की रिहर्सल



**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए शुक्रवार से स्कूली छात्रों की रिहर्सल सेक्टर-38 स्थित देवीलाल स्टेडियम में शुरू की जाएगी। अब तक यह रिहर्सल अलग-अलग स्कूलों के साथ-साथ नेहरू स्टेडियम में करवाई जा रही है। लेकिन अब एक साथ सभी स्कूली छात्र रिहर्सल में हिस्सा लेंगे। जिसमें मार्चपास्ट, लेजियम, डंबल, बैंड के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी भी होगी। शिक्षा विभाग में असिस्टेंट एजुकेशन ऑफिसर जगदीश अहलावत ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व मार्चपास्ट, डंबल, लेजियम अलग-अलग गतिविधियों में जिले के 4000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। इसमें कई सरकारी व निजी स्कूल शामिल हैं। देवीलाल स्टेडियम में शुक्रवार से रिहर्सल शुरू होगी। जिसके बाद 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल करवाई जाएगी। एक दिन का ब्रेक मिलने के बाद छात्रों द्वारा 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपनी परफॉर्मेंस दी जाएगी। बड़ी संख्या में स्कूलों की ओर से कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रुझान दिखाया जा रहा है। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम फाइनल कार्यक्रमों का चयन भी किया जाएगा। इसके बाद वही छात्र रिहर्सल में आएंगे जो कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में परफॉर्म करेंगे। अभी अलग-अलग एक्ट स्कूलों द्वारा तैयार करवाए जा रहे हैं, जिसमें से चार या पांच कार्यक्रमों को फाइनल के लिए चयनित किया जाएगा।

### सपनों को साकार कर रही संकल्प यात्रा

**निर्मल संधु, देश रोजाना, इन्द्री।** विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के सपनों को उनके घर-द्वार पर पहुंचकर साकार करने का कार्य कर रही है, घर पर कार्य पूरे होने से लोगों में उत्साह व खुशी का माहौल हैं और ग्रामीण केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका मौके पर ही सरकारी विभागों के लगे स्टालों पर लाभ दिया जा रहा है यह शब्द विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र इन्द्री के गांव गोरगढ व खेड़ी मान सिंह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कहें। इसके उपरांत उन्होंने सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के लिए योजनाएं शुरू की है। जनधन योजना से प्रत्येक व्यक्ति को बैंक से जोड़ा गया है, इसी प्रकार उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति

## दंपति से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** सिविल लाईंस थाना एरिया में मकान निर्माण के दौरान पड़ोसी द्वारा दंपत्ति से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रहमत खातून ने कहा कि वह पटेल नगर में अपने परिवार सहित रहती है। उसके पति मोहम्मद अमजद की टायर पंक्चर की दुकान है। वह पटेल नगर स्थित अपने प्लॉट पर मकान का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी राजकुमार सोनी ने आकर झगड़ा शुरू कर दिया। राजकुमार व उसके दोनों बेटे ने अमजद से मारपीट की। विरोध करने पर उन्होंने दंपत्ति पर हमला कर दिया। लोगों के एकत्रित होने पर वे उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# नवीन गोयल ने की गुरु रविदास मंदिर में सफाई

- पीएम मोदी के आह्वान पर देशभर में चलाया जा रहा है मंदिरों की सफाई का अभियान
- प्रतिमा का पंचामृत से कराया स्नान

**देव चौहान, देश रोजाना**


संत रविदास जी की प्रतिमा का पंचामृत से स्नान कराते नवीन गोयल व अन्य।

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में मंदिरों में सफाई अभियान के क्रम में यहां जैकबपुरा स्थित संत गुरू रविदास मंदिर में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने सफाई अभियान चलाया।

मंदिर परिसर की सफाई करने के पश्चात उन्होंने सहयोगियों के साथ गुरू रविदास जी की प्रतिमा का पंचामृत से स्नान कराया। उन्होंने गुरू रविदास जी को नमन करके सबके सुखी, सबके स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर संस्था के प्रधान योगेंद्र सिंह, अनु साहनी, शेख कन्हैयालाल, ज्वाला प्रसाद, भरत कुमार, विशाल कदम, कृष्ण कुमार, पवन साहनी, प्रताप कदम, रविन्द्र व संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नवीन गोयल ने कहा कि अयोध्या में आने वाली 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह का भाव है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मन्दिरों की सफाई मुहिम चलाई गई। इस मुहिम से जुडकर जैकमपुरा में संत गुरु रविदास मंदिर की सफाई की व संत गुरु रविदास का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन मानव व समाज कल्याण को लेकर समर्पित रहा है। हमें उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने मंदिरों में सफाई का संदेश देकर धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता की मुहिम चलवाई है। देशभर के मंदिर व उनके आसपास की जगह आज चमक रही है। हमें नियमित तौर पर स्वच्छता के अभियान चलाने चाहिए, ताकि अपने शहर, अपने कस्बे व गांव को गंदगी रहित बनाया जा सके।

## स्नेचरों ने चाय पी रही कंपनी एसोसिएट का मोबाइल झपटा

**हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम।** उद्योग विहार थाना एरिया में बाइक सवार स्नेचर ने चाय पी रही कंपनी एसोसिएट का मोबाइल झपट लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के जयपुर की प्रतिक्षा ने कहा कि वह गुडगांव के नाथूपुर में रहती है। वह डीएलएफ साइबर पार्क स्थित कंपनी में बतौर प्रीमियर ट्रेवलर केयर एसोसिएट है। मंगलवार की रात वह कंपनी में थी और करीब सवा 12 बजे अपनी सहेली अनुराधा के साथ कंपनी के गेट नंबर-4 पर चाय पीने के लिए गई थी। दोनों वहां चाय पी रहे थे कि अचानक बाइक से दो युवक आए और प्रतीक्षा के हाथ से मोबाइल फोन झपट कर फरार हो गए।

स्वच्छता

## भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने गांव कन्हई के शिव मंदिर में किया श्रमदान

# स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिरों में की जा रही है साफ-सफाई

- हर बूथ पर पांच दीवार लेखन का कार्य करें कार्यकर्ता

**देव चौहान, देश रोजाना**


कन्हई गांव स्थित मंदिर में स्वयं श्रमदान कर स्थानीय लोगों को प्रेरित करते जिलाध्यक्ष कमल यादव।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत जिला के मंदिरों व तीर्थ स्थलों पर सफाई अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता गांव, शहर व वार्डों में स्थापित तीर्थ स्थलों पर गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर साफ-सफाई अभियान में जुटे हैं। जिला अध्यक्ष ने स्वयं वीरवार को कन्हई गांव के शिव मंदिर में साफ सफाई की और श्रमदान भी किया। इस अभियान में उनके साथ गांव के प्रबुद्ध लोगों के अलावा युवाओं ने भी हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की तरफ से दीवार लेखन कार्य भी लगातार चल रहा है।

उन्होंने कहा कि जिला में हर बूथ पर पांच व उससे अधिक दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। दीवार लेखन के जरिए मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही भाजपा का लक्ष्य है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। गरीब कल्याण की योजनाओं ने गरीब लोगों के जीवन को सरल बनाया है। कमल यादव ने बताया कि जिले में एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास का हमारा ध्येय नए आयाम प्राप्त करेगा। उन्होंने जिले की जनता से भी अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनें।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर नूंह प्रशासन अलर्ट

## सद्भावना बैठक

- नूंह हिंसा जैसी घटना फिर ने घटे, एसपी डीसी ने जिले की पीस कमेटी के साथ की बैठक
- नूंह जिला में 22 जनवरी तक चाक चौबंद रहेगी पुलिस

**यूनुस अलवी, देश रोजाना**



### ये रहे बैठक में मौजूद

सद्भावना समिति की बैठक में एसीपी कुलदीप व जिला स्तरीय सद्भावना समिति के सदस्य व मंदिर कमेटियों के सदस्य उपस्थित थे, जिसमें सुरेंद्र पिंटू, मौलाना याहया तिरवाड़ा, जेजेपी नेता तैयब हुसैन घासेड़िया व बदरूद्दीन, औरंगजेब, डा. महेंद्र गर्ग, राजकुमार गर्ग, महेंद्र कौशिक, शिव कुमार, मुकेश राजपूत, दयानंद कोली, रमेशचंद भारद्वाज, रोहताश सिंह, जसवंत गोयल, कमल प्रकाश सैनी, सुनील, नवीन कुमार सहित अन्य मौजिज व्यक्ति उपस्थित थे।

**नूंह (मेवात)।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर नूंह जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। नूंह जिला प्रशासन के डीसी और एसपी ने जिले के दोनों समुदायों के पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। पीस कमेटी के सदस्यों ने 31 जुलाई की हिंसा को काला दिन बताया और प्रशासन को भरोसा दिलाया कि ऐसी घटना फिर कभी नहीं होगी।

आपको बता दें कि भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित होगा। इस दिन जिला नूंह के सभी मंदिरों में भी भजन-कीर्तन, सुंदर कांड का पाठ, हवन-यज्ञ, प्रभात फेरी, स्वच्छता कार्यक्रम, शोभा यात्रा व प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी समुदाय व समाज के लोग मेवात की वर्षों पुरानी शांति व आपसी भाईचारे की परंपरा अनुसार जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला स्तरीय सद्भावना समिति की बैठक में मोजूद हिंदू-मुस्लिम समुदाय के मौजिज लोगो से आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। वही बैठक में सभी समुदाय के लोगों ने भी जिला प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे सभी एक-दूसरे समुदाय के धार्मिक कार्यक्रमों व उनकी भावनाओं का सम्मान करते आएं हैं और मेवात की परंपरा हमेशा भाईचारे की रही है और सभी समाज के लोग राष्ट्रीय पर्व, तीज-त्योहार, ब्याह-शादी व अन्य समारोह मिलकर आयोजित करते आए हैं, इसलिए 22 जनवरी के कार्यक्रमों में भी सभी समुदाय के लोग मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि 22 जनवरी के आयोजनों के संबंध में मंदिर कमेटियां जिला प्रशासन को अपने कार्यक्रमों की सूची व समय, स्थान आदि के बारे में पहले ही जानकारी उपलब्ध करवा दें। सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक माहौल में आयोजित किए जाएं। अगर कहीं पर कोई परेशानी आती हैं, तो जिला प्रशासन को इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के मद्देनजर जिला में भाईचारे, एकता व धार्मिक सहयोग के साथ कार्य करना है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने कहा कि जिला नूंह में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जिला व पुलिस प्रशासन को सूचना उपलब्ध करवाई जाए। इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार आदि न करें। पुलिस प्रशासन हर प्रकार की गतिविधि पर पूरी नजर रखेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष व पीस कमेटी के सदस्य नरेंद्र पटेल व बड़ा मदरसा नूंह के संचालक मुफ्ती जाहिद हुसैन ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि न सिर्फ 22 जनवरी के कार्यक्रम, बल्कि भविष्य में जिला नूंह में आयोजित होने वाले प्रत्येक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में दोनो समुदाय एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।

# न्याय के देवता न्यायधीशों और सिविल जजों को दिया निमंत्रण



फोटो-04: श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण देते समिति सदस्य।

**धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना**

**रेवाड़ी।** श्रीराम मन्दिर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति जिला रेवाडी द्वारा जिला न्यालय रेवाडी में नायधिशो व सिविल जजो को राम मंदिर निमंत्रण रूपी अक्षत दिए गये। जिला समिति की ओर से विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल, अभियान जिला संयोजक राजकुमार यादव एवं जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव व युवा समाज सेवी अधिवक्ता सूर्यकांत मुकदम निमंत्रण देने पहुंचे।

निमंत्रण देने के क्रम में सबसे पहले जिला न्यायाधीश विमल कुमार को पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर चित्र व मंदिर विवरण पत्रक श्रद्धाभाव से निमंत्रण के रूप में दिया गया जिसको जिला न्यायधीश ने सह हर्ष सम्मान पूर्वक स्वीकार किया व समय मिलने पर स्थानीय मंदिर के कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आश्वासन भी दिया निमंत्रण के अगले क्रम में जिला न्यायधीश आर के जैन, डॉक्टर सुनीता ग्रोवर, सरताज बसवाना, सी जे एम विनीत सपरा, ऐ सी जे एम पीयूष शर्मा, सिविल जज ऋतु यादव, रूपा व हरलीन कोर को निमंत्रण दिया गया।

इस अवसर पर विहीप जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि कानून के माध्यम से न्याय के देवताओं ने राम मन्दिर का फैसला सत्य के पक्ष में दिया था जिसके कारण हिन्दुओ की आस्था का सपना साकार हो सका है। अब राम मन्दिर बनकर तैयार हो गया है इसलिए न्याय के देवताओं को धन्यवाद स्वरूप अक्षत रुपी निमंत्रण दिया गया है। अभियान जिला संयोजक राजकुमार यादव ने सभी न्यायधीशों व जजो का निमंत्रण स्वीकार करने पर आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## न्यूज डायरी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा और सम्मान समारोह का हुआ आयेजन




**नसीम खान, देश रोजाना, तावडू।** उपमंडल के गांव सीलखो में गुरूवार को सोहना-तावडू विधायक कुंवर संजय सिंह के अनुज कुंवर राजीव सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा और सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान गांव वासियों द्वारा राजीव सिंह का भव्य स्वागत किया गया और पगड़ी बांध कर सम्मान किया। राजीव सिंह ने उपस्थिति लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ऐसी पहली सरकार है जो गांव गांव जाकर सुविधाएं प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और हम सबको मिलकर देश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनानी है। इसके बाद राजीव ने गांव छारोड़ा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार, सरपंच जाकिर हुसैन,समय सरपंच सराय, सतपाल पार्षद, अब्दुल सरपंच सिल्खो, मुबारिक सरपंच पचगांव, सब्बीर अहमद जिला उप परमुख,हाकम ब्लॉक समिति मेंबर,शेर मोहम्मद मेंबर पंचायत, रूकमुदिन, डॉक्टर देवव्रत, अरविंद चौहान सहित सभी विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### वाहे गुरुजी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह से गुंजायामान रहा क्षेत्र



**नसीम खान, देश रोजाना, तावडू।** शहर के मुख्य बाजार में स्थित गुरुद्वारे पर गुरू गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र से नगर कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की शुरूआत गांव खोरी कलां में स्थित रामपुरा गुरुद्वारे से से आरंभ हुआ। नगर कीर्तन शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ रामलीला मैदान में पहुंचा। इस दौरान सोहना-तावडू विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने मुख्य रूप से भाग लिया और गुरूद्वारा कमेटी को अपने निजि कोष से 11 हजार रूपए दिए। प्रदीप खटाना ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाई चारा बढता है और सहयोग की भावना भी पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सिखों के दसवें गुरुएगुरु गोबिंद सिंह थें। जिन्हें जयंती के रूप में याद किया जाता हैं। गुरु गोबिंद सिंह सिख धर्म के दसवें और आखिरी गुरु थे। वे सिख धर्म के 9 वें गुरु तेगबहादुर के पुत्र थे। सिख धर्म में गुरु गोबिंद सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने सिख धर्म के लिए कई नियम बनाए, जिसका पालन आज भी किया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह अपने जीवनकाल में हमेशा दमन और भेदभाव के खिलाफ खड़े रहे। इसलिए वे लोगों के लिए एक महान प्रेरणा के रूप में उभरे। इस नगर कीतन को देखने के लिए लोगों का जमघट उमड पडा। गतका पार्टी ने नगर में जगह-जगह अपने करतब दिखाए। लोगों ने नगर कीर्तन में गुरू ग्रन्थ साहिब पर माथ टेक आशिर्वाद लिया। गुरू ग्रन्थ साहिब के आगे-आगे पंज प्यारे चल रहे थे। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला मैदान में विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### शीत लहरों से लोग घरों में दुबने को मजबूर



**यूनुस अलवी, देश रोजाना, नूंह (मेवात)।** नूंह जिला में गत दिनों से लगातार शीतलहर का कहर जारी रहा। शीतलहर के कारण सूर्य देव बादलों से घिरे रहे और धूप का क्षेत्रवासियों ने इंतजार किया। वहीं जनजीवन भी प्रभावित होकर रह गया। शीतलहरों के चलते लोग घरों में दुबने को मजबूर हो रहे रहे और बाजारों में भी सन्नाटा छाया हुआ है। कोहरे के कारण जहा सरसों की फसल के नुकसान होने का खतरा मंडरा रहा है वही गेहूं की फसल को ये काफी फायदे बंद साबित हो रहा है। आए दिन तापमान भी नीचे गिर रहा है। ठंड का खतरा ज्यादा बच्चो और बुजुर्गो को भी सता रहा है। अपने आप को ठंड से बचाने के लिए लोग अलाव के सहारे घरों में बैठ दिखाई देते हैं। बृहस्पतिवार को पूरे दिन ठंडी हवाओं से क्षेत्र में ठिठुरन बनी रही, वहीं बुधवार को क्षेत्रवासियोन को थोड़ी देर धूप का नजारा हुआ लेकिन उसके बाद फिर शीत लहर चलने लगी। शीतलहर का प्रभाव छोटे बच्चों व बुजुर्गों सहित स्कूली बच्चों पर देखने को मिला। बुधवार सुबह 10 बजे तेज धूप निकल गई थी जिससे जिले में ठंड से काफी राहत मिली। लेकिन बृहस्पतिवार को तापमान 15 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धूप नही निकली। बुधवार शाम पांच बजे से गायब धूप आज शाम तक कही नजर नही आई। जिससे एक बार फिर से ठंड बन गई।

### विटामिन डी की कमी का नुकसान मनुष्य की हड्डियों पर पड़ता है :डॉ चौधरी

नसीम खान, देश रोजाना, तावडू। विटामिन डी की कमी के चलते आम व्यक्तियों सबसे अधिक नुकसान उसकी हड्डीयों और मांसपेशियों पर पड़ता है। इसके अलावा दिल की बीमारियां, कमजोर दिमाग, कमजोर नाडीतंत्र के अलावा पेट की शिकायतों के लिए भी विटामिन डी की कमी मानी जाती है। यह बात आयुष मैडिकल एसोशिएसन के राष्ट्रीय महा सचिव डाक्टर आरए चौधरी ने रखे। उन्होंने कहा कि सूर्य की किरणें प्रकाशवान हो होती ही है। इनमें विटामिन डी की प्रचुर मात्रा भी होती है। उनके अनुसार शहरों में रहने वाले लोग विटामिन डी की कमी का शिकार होते जा रहे है। क्योंकि शहरों में रहने वाले लोग अधिक समय बंद घरों व कार्यालयों तथा अन्य बंद प्रतिष्ठानों पर रहते है।

# संकल्प-यात्रा: गांव संगेल-बीरसीका में हुआ संवाद कार्यक्रम

**यूनुस अलवी, देश रोजाना**



**नूंह।** बृहस्पतिवार को नूँह विधानसभा के गाँव संगेल में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आदेशानुसार *विकसित भारत संकल्प यात्रा* के तहत संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नूँह के एस डी एम श्री अश्विनी कुमार ने की। इस अवसर पर नूँह के बीडीपीओ कुलजीत दहिया भी मौजूद रहे।

गाँव संगेल में पहुंचने पर ग्रमावासियों ने मुख्य अतिथि चौधरी जाकिर हुसैन का फूलमालाओं व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन ने उपस्थित सभी गणमान्यों व गाँववासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई तथा संकल्प यात्रा में लगी सभी विभागों की स्टालों का अवलोकन भी किया। अवलोकन के बाद करीब 12 बजे प्रधानमन्त्री द्वारा देश को दिए गए लाईव संबोधन को भी सुना गया। चौधरी जाकिर हुसैन ने ग्रमावासियों को संबोधित किया और कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली वैन से देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित देशों की सूची में आने वाला है।

उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 2 महीने से भाजपा के कद्दावर नेता चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गाँव-गाँव तक केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की जन कल्याणकारी व लाभकारी योजनाओं को पंहुचाने का काम किया है। जो लोग इन योजनाओं से वंचित रह गए थे उन्हें मौके पर इसका फायदा पंहुचाया गया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम सचिव सुंदर सिंह, ग्राम सचिव अमानतुल्ला, बिजेंद्र मनरेगा सहायक, प्रेम कुमार स्वच्छ भारत मिशन, महेंद्रपाल संगठन मंत्री किसान संघ, सुरेंद्र सरपंच संगेल, आदिल सरपंच बीरसिका, केशव पंडित जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, डॉ रविंद्र, रतन लाल, डॉङ्क महेन्द्र कुमार, सतपाल, संजू, राजेंद्र पूर्व सरपंच संगेल, बुधराम, पूर्व सरपंच हरकेश उजीना, जगन पूर्व जिला पार्षद, संजय गर्ग (बिट्टू), अमर सिंह छपेड़ा, मद्दीन खान सेक्रेट्री, शौकत सरपंच सुल्तापुर, आफताब सरपंच बाबुपुर, सुंदर पहलवान आलदुका, राजू पंडित छछेड़ा, दिवाकर छछेडा, खलील सरपंच बीबीपुर, जावेद खान सरपंच देवला नंगली आदि के अलावा सैंकडों ग्रामवासी व महिलाएँ मौजूद रहीं।

# गांव बचीनी व पाथेड़ा में सरपंच व ग्रामीणों के साथ की बैठक

- गांव में गठित कमेटी अवैध नशे की गतिविधियों में संलिप्तों की करेगी काउंसिलिंग

**पंकज यादव, देश रोजाना**



सरपंचों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी।

**महेंद्रगढ़।** गांव बचीनी और पाथेड़ा में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। थाना सदर महेंद्रगढ़ प्रबंधक निरीक्षक देवेंद्र ने गांवों के सरपंचों, ग्रामीणों, युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस की पाठशाला विशेष तौर पर नशे के खिलाफ आमजन को जागरूक करने पर आधारित रही।

निरीक्षक देवेंद्र ने गांव बचीनी के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। उन्होंने कहा कि नशे जैसी बीमारी से दूर रहें और दूसरों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। अपनेझअपने गांवों के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा अभिभावकों को अपने बच्चे पर रोज की होने वाली क्रियाओं पर ध्यान देना चाहिए तथा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर ही युवा अपने परिवार, समाज व देश का भला कर सकता है। आज पूरा विश्व नशे के सेवन को लेकर चिंतित है क्योंकि नशा से अनेक जानलेवा बीमारियां होने का खतरा सबसे अधिक है। मानव जीवन अनमोल है, इसलिए वे अपने बेहतर स्वास्थ्य और परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए कभी नशा न करें। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ प्रदेश भर में अभियान चलाया हुआ है, इसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और खेलों व शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद गांव के सरपंच और मौजिज व्यक्तियों के साथ गांव में कमेटी गठित करने की लेकर चर्चा की गई। यह कमेटी नशा बेचने वाले, नशा करने वाले या किसी भी प्रकार से अवैध नशे की गतिविधियों में संलिप्त गांव के लोगों, युवाओं की काउंसिलिंग करेगी और उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक करेगी। थाना प्रबंधक ने ग्रामीणों को पुलिस द्वारा कमेटी का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया ताकि युवाओं को नशे से बचाया जा सके।

# पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण नसीबपुर में 19 से

**पंकज यादव, देश रोजाना**

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में 19 जनवरी से सिलाई, अचार पापड़, मशाला पाउडर, मुरब्बे बनाना, ब्यूटी पार्लर, जूट बैग बनाना व आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें कोई भी बेरोजगार महिला जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं।

यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशिका श्वेता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति एवं 4 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिएअपना रजिस्ट्रेशन संस्थान के कार्यालय धरसूं रोड़ नसीबपुर में करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण संस्थान द्वारा निशुल्क करवाए जाते हैं तथा संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की भोजन, ट्रेनिंग मैटीरियल, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था भी निशुल्क की जाती है। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 70 प्रतिशत सीटे बीपीएल राशन कार्ड धारकों के लिए आरक्षित है। दाखिला पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाता है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही प्रशिक्षणार्थी का ऋण आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंको में स्वीकृति के लिए भेज दिए जाते हैं।

**छापेमारी** — दो फरार, मौके से पांच क्विंटल नमक, साढ़े आठ हजार खाली पैकेट, हजार खाली बोरे सहित पैकिंग मशीनें बरामद

# मेवात में नकली टाटा का नमक बनाने वाले कारखाने का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**यूनुस अल्वी/तसलीम अल्वी, देश रोजाना**



**नूंह/पुनहाना।** देश की नामी गिरामी टाटा कम्पनी के नमक की नकली पैकिंग कर बाजार में बेचने वाले एक कारखाने का पुनहाना पुलिस ने भंडा फोड़ किया है। पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर 4 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापा मारी के दौरान कारखाना और किराना की दुकानों से लगभग पांच क्विंटल नमक, एक हजार खाली कम्पनी प्रिंट बोरे, साढ़े आठ हजार खाली पैकेट सहित पैकिंग मशीन, इलेक्ट्रोनिक कांटा, सिलिंग मशीन आदि बरामद की है। पुनहाना पुलिस ने कम्पनी के फील्ड ऑफिसर की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### क्या कहती है पुलिस

पुनहाना थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया की टाटा कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर प्रेमचंद, शमशाद, विनोद कुमार, महेश कुमार, पिंटू व सतवीर के खिलाफ नकली टाटा कंपनी का मार्का लगा कर व नकली टाटा नमक तैयार करके व बेच कर व सप्लाई करके जुर्म में धारा 63, 65 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि आरोपी विनोद, महेश, हरकेश और को गिरफ्तार कर लिया गया है। चारो आरोपियों को बृहस्पतिवार को पुनहाना अदालत में पेश किया गया। अदालत ने चारो आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया है। थाना परभारी का कहना है की अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

टाटा कंपनी के फील्ड ऑफिसर अमित ने पुनहाना पुलिस की दी शिकायत में आरोप लगाया कि कंपनी को काफी समय से सूचना मिल रही थी की पुनहाना में नकली टाटा नमक बनाने की सूचना मिल रही थी। कंपनी ने इस मामले की जिम्मेदारी उसे सौंपी। बुधवार को उसने शहर पुन्हाना मार्केट का सर्वे किया तो मालूम पडा है कि मयंक ट्रेड्स कम्पनी जमालगढ रोड का मालिक प्रेमचंद्र के साथ काम करने वाला लडका महेश चन्द्र अपनी फैक्ट्री में टाटा कंपनी के नाम से नकली नमक की थैलियो मे और प्लास्टिक के हुबहु मिलते हुए कट्टो मे भरकर सप्लाई करते है तथा शमशाद किराना स्टोर के मालिक शमशाद जमालगढ रोड, शिव चरण किराना स्टोर जमालगढ रोड के मालिक विनोद कुमार, महेश किराना स्टोर के मालिक महेश कुमार जमालगढ रोड, मोहित किराना स्टोर जमालगढ रोड के मालिक पिन्टु, व सतवीर किराना स्टोर जमालगढ रोड के मालिक सतवीर उनकी कम्पनी के नाम से नकली नमक बेचता व स्पलाई करते है। जिससे कम्पनी को आर्थिक रुप से नुकसान पहुचता है।

उसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी वे कॉपीराईट एक्ट की धारा 63, 65 व 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के ठिकाने पर छापा मारा। सूचना के आधार पर पुलिस ने जमालगढ़ रोड मयंक ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा जहां दुकान के अंदर बने कारखाने की जांच दौरान एक एक किलो टाटा नमक के 240 भरे हुए पैकेट, 860 थैले टाटा नमक खाली, 8500 खाली पैकेट टाटा नमक, 270 किलो खुल्ला नमक, एक मशीन ईलेक्ट्रोनिक वजन करने वाली, एक मशीन ऑटोमैटिक सीलिंग व पैकिंग करने वाली व एक मशीन इलैक्ट्रिकल सीलिंग बरामद हुई।

उसके बाद पुलिस ने फैक्टरी के सामने बनी दुकान शिवचरण किरयाना स्टोर की जांच की तो मौके से 14 पैकेट नकली टाटा नमक बरामद हुआ। उसके बाद पुलिस ने जमालगढ़ रोड पर ही शमशाद किरयाना स्टोर कि जांच कि दुकान से 250 पैकेट नकली टाटा नमक बरामद हुये। उसके बाद पुलिस महेश किरयाना स्टोर पर पहुंचे जहां तलाशी के दौरान प्लास्टिक के कट्टे मे 18 पैकेट नकली टाटा नमक बरामद हुआ। उसके बाद पुलिस ने मोहित किरयाना स्टोर की जांच की तो वहा से 17 पैकेट नकली टाटा नमक के बरामद हुये। उसके बाद पुलिस ने जमालगढ़ रोड पेट्रोल पम्प के नजदीक सतवीर किरयाना स्टोर की जांच कि तो पुलिस को मौके पर 250 नकली नमक के पैकेट बरामद हुये।

# मंत्री कैलाश गहलोत ने नए बस रूट 711अ का किया शुभारंभ

- उत्तम नगर से सराय काले खां तक चलेंगी बसें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली में लगभग 43 लाख लोग प्रतिदिन बसों में यात्रा करते हैं। इस नए मार्ग की मांग स्थानीय लोगों की ओर से की गई थी। जब यह मेरे संज्ञान में आया, तो मैं खुशी-खुशी इस मार्ग पर सेवा शुरू करने के लिए सहमत हो गया।

देश की राजधानी में सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को नए बस रूट 711ए का शुभारंभ किया। दिल्ली छावनी के ओल्ड नांगल में



एक कार्यक्रम में स्थानीय विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान के साथ उन्होंने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नए मार्ग 711ए पर बसें उत्तम नगर टर्मिनल से सराय काले खां तक विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करते हुए जाएंगी। इस नए बस मार्ग से जनकपुरी, तिलक पुल, जीवन पार्क, डाबरी क्रॉसिंग, जनक सिनेमा, डेसू कॉलोनी, सागरपुर, ओल्ड नंगल और किर्बी प्लेस और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को आने-जाने में आसानी होगी।

इस दौरान परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, 'सार्वजनिक परिवहन लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाता है। दिल्ली में लगभग 43 लाख लोग प्रतिदिन बसों में यात्रा करते हैं। इस नए मार्ग की मांग स्थानीय लोगों की ओर से की गई थी। जब यह मेरे संज्ञान में आया, तो मैं खुशी-खुशी इस मार्ग पर सेवा शुरू करने के लिए सहमत हो गया, क्योंकि हमारा प्राथमिक लक्ष्य दिल्ली के लोगों की सेवा करना और उन्हें हमारी बसों में आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। 711ए बस मार्ग की शुरूआत दिल्ली के नागरिकों के लिए सुविधाजनक विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में हम दिल्लीवासियों को सुरक्षित, आरामदायक, विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आपसी रंजिश में बदमाशों ने चलाई गोलियां, चार लोग जख्मी

**देश रोजाना ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की बुराड़ी इलाके में एक डेरी के बाहर आपसी रंजिश में गोलियां चल गई। आपसी रंजिश में बदमाशों ने गोलियां चलाई। इस दौरान चार लोग जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक, आज रात करीब एक बजे थाना वजीराबाद इलाके में झगड़े और कई राउंड फायरिंग की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस संत नगर, बुराड़ी (पीएस वजीराबाद) में घटनास्थल पर पहुंची और चौधरी डेयरी में मौके पर दो कारें और एक बाइक मिली। मालिक अमरदीप चौधरी ने कहा है कि सोनू त्यागी



निवासी बुराड़ी के साथ कुछ लोग आए और उनके साथ झगड़ा किया, उनके पैसे छीन लिए और गोलियां भी चलाईं।

अमरदीप समेत 4 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर 5 खाली कारतूस मिले हैं। घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। फोरेंसिक जांच कराई गई और शिकायत दिए जाने पर मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### स्टॉक मार्केटिंग के कोर्स करवाने के बहाने प्रोफेसर से 21.40 लाख की ठगी

**श्यामल मुखर्जी, गाजियाबाद।** साइबर ठग अब लोगों को ठगने का नया-नया तरीका अपना रहे हैं। कविनगर क्षेत्र में रहने वाले प्रोफेसर को साइबर ठगों ने जाल में फंसाकर स्टॉक मार्केटिंग ट्रेडिंग का कोर्स कराने के नाम पर 21.40 लाख रुपये ठग लिए। इस रकम को वापस लेने के लिए 31 लाख रुपये की और मांग करने लगे। परेशान होकर प्रोफेसर ने साइबर सेल में शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया है।कविनगर क्षेत्र के रहने वाले प्रोफेसर ने बताया कि जनवरी में उन्हें एक स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। जिसे कराने के लिए उनसे आशीष शाह नाम के व्यक्ति ने बात की और बाद में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। इसके बाद उनकी ऑनलाइन क्लास होने लगी। कुछ दिन बाद उन्हें एक यूएसए की ट्रेडिंग कंपनी के बारे में बताया गया। इसके लिए उन्हें एक लिंक भेजकर एप इंस्टॉल कराए गए। जिसे कोर्स का हिस्सा व प्रशिक्षण बताया। बाद में उनसे रुपये भी निवेश कराए गए। उनकी लॉग इन आईडी में मुनाफा समेत एक करोड़ रुपये दिखने लगे। उन्होंने निकालने का प्रयास किया उनसे 31 लाख रुपये की और मांग करने लगे। एसीपी कोतवाली ने बताया कि मामले में साइबर सेल की मदद लेकर शातिरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए भी टीम प्रयास कर रही है।

### कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

**श्यामल मुखर्जी, साहिबाबाद।** थाना क्षेत्र लोनी के ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कपड़ा फैक्टरी में मंगलवार रात दो बजे अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने तीन पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने से फैक्टरी में रखा लाखों का सामान जल गया। ट्रॉनिका सिटी सेक्टर ए-एक स्थित प्लांट संख्या एफ-19में करीब 450 वर्गमीटर भूमि पर सना गारमेंट्स नाम से फैक्टरी है। फैक्टरी अयान नामक व्यक्ति की है। देर रात फैक्टरी से धुआं निकलते देख लोगों ने इसकी सूचना दमकल को दी। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप के जरिए आग बुझाना शुरू किया। फैक्टरी से आग की लपटें निकल रही थी। आग की भयावहता देख दो और पानी के टैंकरों को मंगाया गया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के सही कारणों का पता किया जा रहा है।

### स्टॉक मार्केटिंग का कोर्स कराने के नाम पर प्रोफेसर से ठगे 21.40 लाख

**गाजियाबाद।** साइबर ठग अब लोगों को ठगने का नया-नया तरीका अपना रहे हैं। कविनगर क्षेत्र में रहने वाले प्रोफेसर को साइबर ठगों ने जाल में फंसाकर स्टॉक मार्केटिंग ट्रेडिंग का कोर्स कराने के नाम पर 21.40 लाख रुपये ठग लिए। इस रकम को वापस लेने के लिए 31 लाख रुपये की और मांग करने लगे। परेशान होकर प्रोफेसर ने साइबर सेल में शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया है। कविनगर क्षेत्र के रहने वाले प्रोफेसर ने बताया कि जनवरी में उन्हें एक स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। जिसे कराने के लिए उनसे आशीष शाह नाम के व्यक्ति ने बात की और बाद में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। इसके बाद उनकी ऑनलाइन क्लास होने लगी। कुछ दिन बाद उन्हें एक यूएसए की ट्रेडिंग कंपनी के बारे में बताया गया। इसके लिए उन्हें एक लिंक भेजकर एप इंस्टॉल कराए गए। जिसे कोर्स का हिस्सा व प्रशिक्षण बताया। बाद में उनसे रुपये भी निवेश कराए गए। उनकी लॉग इन आईडी में मुनाफा समेत एक करोड़ रुपये दिखने लगे। उन्होंने निकालने का प्रयास किया उनसे 31 लाख रुपये की और मांग करने लगे। एसीपी कोतवाली ने बताया कि मामले में साइबर सेल की मदद लेकर शातिरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए भी टीम प्रयास कर रही है।

# हमें किसी की सेवा करके आनंद की अनुभूति होती है

**श्यामल मुखर्जी, देश रोजाना**

**गाजियाबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद व रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट द्वारा संयुक्त रूप से नरसेवा नारायण सेवा को चरितार्थ करते हुए गाजियाबाद के सिहानी गांव में नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में चयनित छात्राओं को विद्यालय की वर्दी का जूता, मोजा व स्वेटर वितरित किया गया।

ज्ञातव्य हो कुछ दिन पहले विद्यालय में नेत्र जांच शिविर लगाया गया था। जिसमें कुशल नेत्र विशेषज्ञ द्वारा जांच करके चश्मे का नंबर दिया गया था उन बच्चों को भी आज चश्मा वितरित किया गया और सभी को निरंतर चश्मा लगाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि चश्मा का नंबर और आगे ना



बढ़े। रेड क्रॉस हो या रोटरी हो दोनों का उद्देश्य सेवा का है। वह सेवा अगर विद्यालय में की जाए तो ईश्वरीय पूजा का यस मिलता है। समर्थ जनपद की कड़ी में इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस सभापति डॉ सुभाष गुप्ता, रोटरी अध्यक्ष रो. सुरेंद्र शर्मा, रो. अब्दुल वाहिद, रो. एम सी गौड़ व अंकुर शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ठिठुरती ठंड को देखते हुए कार्यक्रम के आखिरी पड़ाव में सेवा बस्ती में निशक्त बुजुर्गों को कंबल भी वितरीत किए गए। चश्मा,जूता, मौजा, स्वेटर व कंबल पा कर सभी लाभार्थी बहुत खुश हुए तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या व अध्यापिकाओं ने आज की इस सेवा पूर्ति के लिए रेड क्रॉस व रोटरी का आभार जताया।

# ट्रैक्टर में बैठाने को लेकर मजदूरों के दो पक्ष में हुआ झगड़ा, मजदूर की हुई मौत

**देश रोजाना ब्यूरो**

**लोनी।** पंचलोग गांव के सामने दिल्ली देहरादून कॉरिडोर निर्माण में मजदूरी कर रहे दो मजदूरों के गुट में बुधवार रात करीब 9 बजे झगड़ा हो गया। मजदूरों के एक पक्ष के 20 से 25 लोगों ने दूसरे पक्ष के मजदूरों के घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट और तोड़फोड़ की।

मारपीट में नदीम निवासी सहारनपुर 27 समेत 12 मजदूर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 6 से 7 शाहरुख, नदीम, अमवद, कुर्बान, आशिक, फरीद, तालीम मजदूरों को पुलिस ने लोनी दो नंबर स्थित 50 बेड के अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में नदीम की हालत गंभीर हो गई, जिसको दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात उपचार के दौरान नदीम की अस्पताल में मौत हो गई।

इस मामले में नदीम के भाई ने



पश्चिम बंगाल के 11 नामजद समेत अज्ञात मजदूरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि इस मामले में नदीम के भाई रहमान ने शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर तपश ठेकेदार, जयंत फोरमैन, ढेरू वर्मन, राणा वर्मन, उत्तम सरकार, पुरिमल वर्मन, डालिम वर्मन, आकाश गपसुआ, तोपन राय, तपूवर्मन और अज्ञात मजदूरों के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

पुलिस का कहना है कि नदीम पक्ष के लोग सहारनपुर के रहने वाले हैं। सहारनपुर से करीब 80 मजदूर एचपीसी कंपनी के एक ठेकेदार के माध्यम से लोनी आए थे। वहीं पश्चिम बंगाल में रहने वाले मजदूर भी एचपीसी कंपनी में ठेकेदार के अधीन काम करते हैं। दोनों पक्ष के लोग पश्चिम बंगाल पंचलोक गांव के सामने झोपड़ी में रहते हैं।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की मुहिम लाई रंग, बेहटा बन्द फाटक पर अंडरपास के लिए तैयार हुआ ले-आउट प्लान

- रेलवे इंजीनियरों, जल बोर्ड, पीडब्लूडी के संयुक्त समिति ने किया निरीक्षण, जल्द दूर होगी बन्द फाटक की समस्या

**मौसम खान, देश रोजाना**

**लोनी।** लोनी के बन्द फाटक की वर्षों पुरानी समस्या समाधान की दिशा में बढ़ रही है। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की हाल में हुई मुलाकात के बाद गुरुवार को लोनी बन्द फाटक पर रेलवे के इंजीनियरों, पीडब्लूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में गहन सर्वे के बाद बन्द फाटक की समस्या के



समाधान के लिए लेआउट प्लान बनाकर अंडरपास को अपनी स्वीकृति दी।

इस दौरान रेलवे विभाग से सहायक मंडल अभियंता वीरेंद्र कुमार, सीनियर सेक्सन इंजीनियर अभिषेक शर्मा, जेई पीडब्लूडी सुशील कुमार, संजय कुमार उपस्थित रहें। वहीं इस दौरान भाजपा नेता पंडित ललित शर्मा, देवेश दीक्षित व अन्य उपस्थित रहें।

# मृत व्यक्ति के नाम पर 3.5 करोड़ के ऋण के फजीर्वाड़े का प्रयास, आरोपी शिकंजे में

**श्यामल मुखर्जी, देश रोजाना**

**गाजियाबाद।** 30 साल पहले 1993 में जिस व्यक्ति की मौत हो गई, उसी के नाम के फर्जी दस्तावेज से एक फाइनेंस कंपनी से 3.5 करोड़ रुपये का ऋण लेने के प्रयास का मामला सामने आया है। सत्यापन के दौरान फाइनेंस कंपनी को जालसाजी का पता चला तो कंपनी के प्रतिनिधि जलज कुमार ने आरोपी राकेश सहगल के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जलज कुमार ने बताया कि वह संजयनगर में वी फाइनेंसर्स नाम से कंपनी चलाते हैं। जहां प्राइवेट फंडिंग करवाई जाती है। नवंबर में उनके पास एक प्राइवेट फाइनेंस के लिए नाथन सिंह के नाम से फाइल मिली। जिसमें बताया गया कि उनकी राजनगर में कोठी है। उन्हें एक निजी कंपनी में रुपये निवेश करने हैं। इसके लिए ऋण लेने के लिए प्रॉपर्टी के फर्जी दस्तावेज लगाए गए। जलज ने बताया कि उन्होंने दस्तावेजों के आधार पर प्रक्रिया कराई। जिसमें कंपनी के साढ़े तीन लाख रुपये खर्च भी हुए। इसी बीच कोठी के सत्यापन कराने के दौरान पता चला कि जिसने आवेदन किया वह नाथन सिंह है ही नहीं। नाथन सिंह की 1993 में मौत हो गई और आरोपी दिल्ली के कश्मीरी गेट सिविल विंग तीस हजारी निवासी राकेश सहगल है। मामले में शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी राकेश सहगल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभिषेक श्रीवास्तव एसीपी कवि नगर ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# जन संघर्ष मोर्चा और मोदी ग्रुप के प्रतिनिधियों ने उपजिला मजिस्ट्रेट के समक्ष की वार्ता

**मौसम खान, देश रोजाना**

**मोदीनगर।** जन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अध्यक्ष देवव्रत धामा के नेतृत्व में 16 जनवरी को दिए गए ज्ञापन के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी के समक्ष मोदी ग्रुप के प्रतिनिधियों से त्रिपक्षीय वार्ता हुई, जो लगभग 45 मिनट चली। बैठक में जन संघर्ष मोर्चा ने समस्त डॉक्यूमेंट और जरूरी दस्तावेज एसडीएम और मोदी ग्रुप के प्रतिनिधियों के समक्ष रखें। मोदी ग्रुप के प्रतिनिधियों के साथ हुई तीखी बहस में उप जिलाधिकारी जन अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी से संतुष्ट नजर आए और कॉलोनीवासियों के पक्ष में



कार्यवाही करने के लिए 7 दिन का समय मांगा।

ज्ञात हो पूर्व में दिए गए ज्ञापन में मोर्चे की तरफ से पांच सप्ताह का समय दिया गया था जो 2 फरवरी को खत्म हो रहा है। उसी संदर्भ में रिमाइंडर दिया व इस के बाद किसी भी दिन धरने पर बैठने का अल्टिमेटम देते हुए कहा कि आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

प्रतिनिधि मण्डल में जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक देवव्रत धामा के साथ तेजपाल पोसवाल, चौधरी कृष्णपाल, विनय मिश्रा, कुलदीप सैनी, विजय कुमार खन्ना, प्रदीप माहेश्वरी, विनोद गौतम, अभिषेक खन्ना, संतोष पाण्डेय, नवनीत तोमर, कृपाल सिंह यादव आदि सह संयोजकगण व मुकेश देवी, कमला, सीमा, आशा आदि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोनी के कई दिग्गज नेताओं ने की शिरकत

- शपथ दिलाई कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाएंगे
- 2024 मे होने वाले राष्ट्र यज्ञ मे अपना योगदान देकर मोदी जी के हाथ मजबूत करने का आग्रह
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

**मौसम खान, देश रोजाना**

**लोनी।** लोनी इंटर कालेज,भनेड़ा खुर्द लोनी, बाजार लोनी, महमूद पुर लोनी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रुप मे गरिमामयी उपस्थिति भाजपा के जनपद गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता बसंत त्यागी, ब्लॉक प्रमुख पति कोमल गुर्जर, जिन्होंने सबको शपथ दिलाई कि देश को 2047 तक विकसित







राष्ट्र बनाएंगे। गुलामी की मानसिकता को तोडकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। देश की एकता अखंडता को बनाए रखेंगे एवं नागरिकों के सभी कर्तव्यों का वहन पूरी निष्ठा से करेंगे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व मे हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा मे देशवासियों को विकास जिस धारा से जोडा हैं। उन सभी कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया और सभी क्षेत्रवासियों से 2024 मे होने वाले राष्ट्र यज्ञ मे अपना योगदान देकर मोदी जी के हाथ मजबूत करने का आग्रह किया। जिससे विकास की गति को और तेज बढाया जा सके। इस कार्यक्रम में देश के माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का मोबाइल वाहन की स्क्रीन पर वक्तव्य भी सुनाया गया। जहां पर प्राथमिक विधालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। प्रांगण मे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाए गए थे।

जिसके बाद केन्द्रीय सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव बताए कि किस तरह से भाजपा सरकार के द्वारा प्राप्त योजनाओं ने उन्हे कैसे लाभान्वित किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। आयुष्मान भारत के कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, महिला कल्याण विभाग, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, पशुपालन विभाग, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, मृदा स्वस्थ्य कार्ड का प्रदर्शन, मिलेट्स जागरूक अभियान, पोषण तस्तरी, पोषण अभियान, बेसिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, सक्रीय क्षयरोगी खोज अभियान, स्वस्थ जांच शिविर की सुविधाएं के स्टाल लगाए गए जिसमे आवेदक करवाया गया लाभार्थियों ससम्मान योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष भाजपा सत्यपाल प्रधान ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी की गारंटी एंव मुख्यमंत्री जी द्वारा जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उसे जन जन तक पहुंचाया गया है। जिसमें भाजपा के समस्त कार्यकताओं का अथक प्रयास रहा हैं। जिसके लिए वो बधाई के पात्र हैं आगामी 2024 चुनाव मे विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम मे जिला महांमत्री राजेंद्र बाल्मीकि, सभासद दल के अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, देहात के मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान, जिला संयोजक अनूसूचित मोर्चा प्रदीप गहलोत नमो एप के विधानसभा संयोजक, नितिन मावी, भाजपा नेता ब्रह्ममेश तिवारी, आकाश, धर्मेंद्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो हर्ष चौहान, जिलामंत्री निशांत त्यागी, राजदीप तंवर, मनवीर सभासदगण वार्ड न०-34 मल्लिका जी वार्ड न०-47 हसमुद्दीन जी,वार्ड न०-राहुल अल्वी,सहित बूथ,मण्डल, जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित सैकडो कार्यकताओं ,समाजसेवी, उपजिलाधिकारी अरुण दिक्षित जी नोडल अधिकारी अधिशासी अधिकारी कृष्ण कान्त मिश्रा जी,नायब तहसीलदार ,ग्राम विकास विभाग से डी.सी राम उदरेज जी,खण्ड विकास अधिकारी विन्नी यादव जी, श्रीमती रति गुप्ता जी नोडल अधिकारी संजीव कुमार जी जिला दिव्यांग जन अधिकारी,सुधीर कुमार जी,डे नोडल अधिकारी मुख्य खाद्य एंव सफाई निरीक्षक,टैक्स कलेक्टर तप्सी जी,प्रणव जी , दिगंबर भंडारी जी,दिनेश जी सहित सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# उत्तराखंड की 50 हजार छात्राओं को मिलेगी मुफ्त साइकिल, जारी किए 14 करोड़ रुपये

**एजेंसी, देहरादून**



उत्तराखंड के सरकारी और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा नौ की 50 हजार छात्राओं को मुफ्त साइकिल मिलेगी। शिक्षा निदेशालय ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 13 जिलों को इसके लिए 14 करोड़ की धनराशि जारी कर दी। योजना के तहत हर छात्रा के खाते में डीबीटी के माध्यम से साइकिल के लिए 2850 रुपये दिए जाएंगे।

शिक्षामंत्री डॉ.धन सिंह रावत के मुताबिक राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना शुरू की है। योजना के तहत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को मुफ्त साइकिल योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना की खास बात यह है कि मैदानी क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ की सभी छात्राओं को अनिवार्य रूप से साइकिल क्रय करनी होगी। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों की बालिकाओं को मुफ्त साइकिल क्रय करने या किसी अधिकृत बैंक व डाकघर में चार वर्षीय एफडी जमा करने का विकल्प दिया गया है।

योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, वित्त अधिकारी एवं जनपद के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य की चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो ब्लॉक स्तर पर 20 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करेगी, इसके अलावा समिति को मैदानी जनपदों में साइकिल क्रय व पर्वतीय जनपदों में एफडी का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट निदेशालय को भेजनी होगी।

बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत अल्मोड़ा में 3492 बालिकाओं के लिए एक करोड़, बागेश्वर में 1595 के लिए 45 लाख, चमोली में 2533 के लिए 72 लाख, चंपावत में 1677 के लिए 47 लाख, देहरादून में 5615 के लिए एक करोड़ 60 लाख, पौड़ी 3284 के लिए 94 लाख, हरिद्वार में 7075 बालिकाओं के लिए दो करोड़, नैनीताल में 5021 के लिए एक करोड़ 43 लाख, पिथौरागढ़ में 2635 के लिए 75 लाख, रुद्रप्रयाग में 1736 बालिकाओं के लिए 50 लाख, टिहरी में 3780 बालिकाओं के लिए एक करोड़ आठ लाख, उत्तरकाशी में 2258 बालिकाओं के लिए 64 लाख एवं ऊधमसिंह नगर में 8429 छात्राओं के लिए दो करोड़ 40 लाख की धनराशि दी गई है।

# कोर कॉलेज के समीप होगी आंबेडकर पार्क की स्थापना



**चन्द्रभान, देश रोजाना**

**रुड़की।** अंतर्राष्ट्रीय जनकल्याण श्री रविदास धाम ट्रस्ट द्वारा आंबेडकर पार्क का निर्माण किया जा रहा है जिससे पूर्व नगर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी दी।

रुड़की रविदास घाट पर आयोजित पत्रकार वार्ता में धाम के अध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि रुड़की में कोर कॉलेज के समीप ट्रस्ट द्वारा आंबेडकर पार्क की स्थापना की जा रही है। यह ऐसा भव्य पार्क होगा जिसे देखने के लिए लोग अन्य प्रदेशों से भी उत्तराखंड आयेंगे। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को पार्क की स्थापना की जाएगी। जिससे पूर्व रविदास घाट से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों पर होती हुई हरिद्वार हाईवे स्थित कोर कॉलेज के समीप संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि वहां पर धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन होगा। बताया कि इस यात्रा में सर्वसमाज से हजारों लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में प्रमोद कुमार, रवि गौतम, अमित कुमार कुलदीप सिंह, गजेंद्र सिंह, गोविंद गौतम, अवधेश कुमार, दीपक कुमार, सोमपाल सिंह, चंद्रशेखर नीटू, अजय, नितिन आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### शीतलहर के चलते 19 जनवरी को भी बंद रहेंगे स्कूल

**एजेंसी, नैनीताल।** जिले में लगातार बढ़ती शीतलहर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए जनपद के सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित कर गई दी है। मौसम के पूवार्नुमान के अनुसार घने कोहरे की संभावना को देखते हुए मैदानी क्षेत्र हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी और रामनगर के स्कूलों में 19 जनवरी को अवकाश रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट पीआर चौहान ने बताया कि मौसम विभाग देहरादून की ओर से राज्य के मैदानी इलाकों में 19 जनवरी (शुक्रवार) को शीतलहर और घने कोहरे की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही वर्तमान में जनपद के मैदानी क्षेत्रों (हल्द्वानी,लालकुआं, कालाढूंगी व रामनगर) में शीत दिवस एवं कोहरे की स्थिति बनी हुई है जिसकों देखते हुए ज्यादा ठंड व शीतलहर के कारण दृश्यता कम होने से जनपद के मैदानी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के जान-माल के खतरे की संभावना है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर 19 जनवरी (शुक्रवार) को जनपद के मैदानी क्षेत्रों हल्द्वानी,लालकुआं, कालाढूंगी व रामनगर के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित कि गई है।

### 35 लाख की साइबर धोखाधड़ी का आरोपी फरीदाबाद से गिरफ्तार

**एजेंसी, ऊधम सिंह नगर।** उत्तराखंड एसटीएफ के साइबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र पुलिस ने भीमताल में रिटायर आईटीआई के इंस्ट्रक्टर से 35 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के आरोपी रविकांत शर्मा को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद आरबीआई कर्मचारी बनकर रिलायंस बीमा पॉलिसी की धनराशि में विभिन्न स्कीम के तहत मुनाफे का लालच देकर पीड़ितों से जमा करवाता था। इस काम में आरोपी दूसरों की आईडी से निर्गत कई सिमकाड्र्स और बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। आरोपी से धोखाधड़ी के दौरान इस्तेमाल बैंक खाते के 3 चैक बुक, 6 डेबिट कार्ड, 3 मोबाइल फोन व विभिन्न सिम कार्ड आदि बरामद हुए है। आरोपी ने 2014 में बीटेक कंप्यूटर साइंस से किया है और नोएडा में कंपनी में जॉब कर चुका है। पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि वह इस काम को साल 2014-15 से लगातार कर रहा है। साथ ही उसने कई लोगों के साथ ठगी की है। आज तक वह कभी भी पुलिस द्वारा पकड़ा नहीं गया। साइबर ठग द्वारा देश में अन्य लोगों के साथ भी साईबर ठगी को अंजाम दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में अपर उपनिरीक्षक सत्येन्द्र गंगोला व आरक्षी मुहम्मद उसमान द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। आरोपी का नाम रविकांत शर्मा (32) पुत्र राजबीर वार्ड नंबर-1 पदमा विद्यालय के पास, ग्राम मुड़ियाखेड़ा, थाना मोरेना जिला मोरेना मध्यप्रदेश हाल निवासी फरीदाबाद हरियाणा है।

### कूड़ेदान वाले चयनित स्थानों पर लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग।** जनपद के पालिका व नगर पंचायतों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पुराने कूड़ेदान स्थलों की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने व उक्त चिह्नित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। एनआईसी कक्ष में हुई बैठक में डीएम ने शहर एवं नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के उचित प्रबंधन के लिए वाहन एवं जरूरी उपकरण मांग के अनुसार प्रस्ताव उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुराने कूड़ेदान स्थलों की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने व चिह्नित स्थलों पर लगने वाले सीसीटीवी कैमरे की सूची उपलब्ध कराने को कहा। निकाय क्षेत्रों में बड़े सीवेज पिट बनाए जाने के संबंध में पेयजल निगम को निकायों का सर्वे कर जनसंख्या के आधार पर पिट तैयार किए जाने के संबंध में कार्रवाई करते हुए 24 मार्च तक आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्याम सिंह राणा, एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, बीएल शाह मौजूद थे।

### कौसानी में चाय बागान के पास आग

**एजेंसी, बागेश्वर/कौसानी।** कौसानी में मंगलवार की रात चाय बागान के समीप जंगल में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए समीप बने रिजॉर्ट की ओर बढ़ रही थी। क्षेत्र के लोगों ने दमकल केंद्र को आग लगने की सूचना दी। फायर सर्विस गरुड़ की टीम मनोज सिंह के नेतृत्व में मौके पर गई और आग को पंपिंग और हरी टहनियों से पीट-पीटकर काबू किया। बुधवार को जिला मुख्यालय के नीलेश्वर की पहाड़ी में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग ने तेजी से फैलते हुए पहाड़ी को चपेट में ले लिया। पहाड़ी की सूखी घास और हवा के झोंके ने आग को फैलाने में मदद की, कुछ ही देर में पहाड़ी का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया। इधर रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि सूचना के बाद आग को काबू कर लिया गया। जंगलों को जलाने वाले अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एनआईटी में बीटेक और पीएचडी कोर्स में बढ़ी सीटें, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने दी हरी झंडी

**एजेंसी, श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर में बीटेक और पीएचडी कोर्स में सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की मंजूरी मिली है। अगले शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीटेक प्रोग्राम में छात्रों के वार्षिक प्रवेश की संख्या को 180 से बढ़ाकर 200 कर दिया गया है, जबकि पीएचडी प्रोग्राम के लिए इंस्टीट्यूट फेलोशिप के तहत सीटों की संख्या 40 से बढ़ाकर 60 कर दी गई है। जूनियर रिसर्च फेलोशिप और स्व-वित्तपोषित योजना के तहत पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। एनआईटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि बेसिक साइंसेज में स्नातकोत्तर प्रोग्राम शुरू करने की मंजूरी भी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की तरफ से मिल गई है। शैक्षणिक सत्र 2024 -25 से गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान विषयों में स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत गैर आवासीय एमएससी प्रोग्राम शुरू करने की योजना है। शुरूआत में भौतिकी, रसायन और गणित के प्रत्येक विभाग में 20 छात्रों के प्रवेश के साथ एमएससी कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। एमएससी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए संस्थान अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। हालांकि सीयूईटी और जैम की परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश में वरीयता दी जाएगी। प्रो. अवस्थी ने कहा कि सीटों में वृद्धि से छात्रों को लाभ मिलने के साथ संस्थान की रैंकिंग में भी सुधार होगा। उन्होंने बताया कि नए कोर्सेज को संचालित करने के लिए संस्थान में पर्याप्त संकाय सदस्य हैं। संकाय सदस्यों और गैर संकाय सदस्यों के कुछ रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है और शीघ्र ही आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### कांग्रेस ने पदयात्रा निकाल अंकिता भंडारी के लिए मांगा न्याय

**एजेंसी, देहरादून।** कांग्रेस के कार्यकताओं ने अंकिता भंडारी के परिवारजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नगर क्षेत्र में पदयात्रा निकाली। कार्यकताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। इससे पूर्व कार्यकताओं की रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक भी हुई। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरिद्वार लोकसभा प्रभारी गणेश गोदियाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। यात्रा रेलवे रोड से होते हुए घाट रोड से त्रिवेणीघाट स्थित गांधी स्तंभ के पास समाप्त हुई। हरिद्वार लोकसभा प्रभारी गणेश गोदियाल और जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी का फर्क जगजाहिर हो चुका है।

# इक्ष्वाकु वंश में जन्में श्री राम हैं सर्वगुण सम्पन्न

**चन्द्रभान, देश रोजाना**



**रुड़की।** ज्योतिष मंदिरम् में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य रमेश सेमवाल ने रामचरित्र मानस के चरित्र के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि श्री राम चरित्र को धारण करने से मनुष्य का कल्याण होना निश्चित है। इस चरित्र को धारण करने से संपूर्ण मानव का कल्याण होगा।

आचार्य सेमवाल ने बाल्मीकि रामायण में श्री राम जी के बताए गए गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि वे लोगों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने व किसी भी क्षेत्र में अगुवाई करने के अहम सूत्र हैं। वाल्मीकि जी ने नारद जी से प्रश्न किया कि इस लोक में कौन ऐसा मनुष्य है जो गुणवान, वीर्यवान, धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यवादी और दृढ़व्रत होने के साथ-साथ सदाचार से युक्त हो, जो सब प्राणियों का हितकारक हो। उत्तर में नारद जी कहते हैं कि इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न श्री राम में यह सभी गुण है। आचार्य सेमवाल ने बताया कि कथा के अंतिम दिन 1008 दीपक जलाए जाएंगे तथा विशाल भंडारे के साथ ही राष्ट्र कल्याण के लिए विशेष यज्ञ का आयोजन होगा। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर गौरव गोयल, नरेंद्र भारद्वाज,पंडित राजकुमार दुखी, रेनू शर्मा, राधा भटनागर, सुलक्षणा सेमवाल, प्रेक्षा वर्मा, गौरव वर्मा, सोनिया राणा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 300 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

**एजेंसी, टिहरी**



नरेंद्रनगर रानी पोखरी मोटरमार्ग पर बुधवार देर शाम हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर शाम छह बजे नरेंद्रनगर से डोईवाला जा रही कार (नंबर यूके 07 बीएफ 1409) गुजराडा की ओर अनियंत्रित होकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दौरान घटनास्थल के पास से एक व्यक्ति चतर सिंह ने इसकी जानकारी नरेंद्रनगर थाना पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर थाना अध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक गोपाल दत्त भट्ट फोर्स के फायर सर्विस कर्मियों और एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवान के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। अंधेरा होने और गहरी खाई के कारण आपदा कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटना स्थल से सुशील रावत (65) पुत्र स्वर्गीय शेर सिंह रावत निवासी भानियावाला घायल अवस्था पर पड़े मिले, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सड़क में पहुंचाकर जॉलीग्रांट हिमालयन हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां पर उनकी मौत हो गई। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान बीच में बंद करना पड़ा। इसके बाद आज सुबह पीड़ितों के परिजनों के साथ रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया।

जिसपर घटनास्थल में गाड़ी के कुछ दूरी पर संजीव बजाज (55) न्यू मार्केट डोईवाला निवासी मृत अवस्था पर मिले। जिन्हें रेस्क्यू कर यहां नरेंद्रनगर स्थित श्री देव सुमन राजकीय उप जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया। पुलिस की ओर से पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर सव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# उत्तराखंड में 500 कोच तैयार करेंगे 2500 मेडलिस्ट खिलाड़ी: रेखा आर्य

**एजेंसी, देहरादून**



खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने खेल निदेशालय में विभागीय अधिकारियों के साथ इस वर्ष प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल और सीएम धामी की घोषणाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में विभागीय अधिकारियों से राष्ट्रीय खेलों के खेल मैदानों के निर्माण व अवस्थापना के बारे में जानकारी ली। कहा कि राष्ट्रीय खेल की मेजबानी मिलना राज्य के लिए खुशी की बात है।

हम राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी निर्माण कार्य शेष रह गए हैं उन्हें तय समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करा लिया जाए। खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में कार्यरत करीब 500 कोच पांच-पांच मेडलिस्ट को राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार करेंगे। ऐसे में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने निखर कर आएगी और हम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर, एडिशनल डायरेक्टर अजय अग्रवाल , प्राचार्य राजेश ममगाईं सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल संसाधनों का भविष्य विषय पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

- आईआईटी रुड़की में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ

**चन्द्रभान, देश रोजाना**



**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के जल संसाधनं विकास एवं प्रबंधन विभाग और इन्डियन वाटर रिसोर्सेस सोसयटी के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से आये विशेषज्ञ जल संसाधनों के भविष्य पर चर्चा करेंगे।

सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथियो द्वारा दीप प्रज्जवल के उपरांत कुलगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय भूजल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसके अम्बास्त ने कहा कि भारत में तीन नदियों के नाम पूछो तो गंगा जमना और सरस्वति जवाब मिलेगा। यह देश की सांस्कृतिक विरासत का संकेत हैं गंगा सृष्टी के पालनहार भगवान शिव का प्रतिनिधित्व करती है। जमना श्री कृष्ण के कर्म के ज्ञाप का लेकिन दुर्भाग्य से सरस्वती नदिय भैतिक रूप से गायब हो गईं। इसका तात्पर्य यह भी है कि अपने पारम्परिक ज्ञान को हमने खो दिया है। जिसे वापस पाने की जरूरत है। दीनदयान शोध संस्थान के प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि हम पर्यावरण प्रदूषित कर रहे हैं,। हम पानी का सतहों से अधिक पानी धंवन भी कर रहे है। हमें जल विज्ञान के विभिन्न आयामों को संबोधित करना होगा और हमें एक सुंदर निष्कर्ष देना होगा।

कार्यक्रम को टेक्सस विश्व विद्यालस के प्रो. वीपी सिंह, संस्थान के कार्यकारी निदेशक अपूर्व शर्मा, चैपमैन विश्वविद्यालय अमेरिका के डॉ आरपी सिंह, राष्ट्रीय जलविाान संस्थान के अध्यक्ष डॉ.एमके गोयल आदि ने भी स्म्बोधित किया। इससे पूर्व जल संसाधनं विकास एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष तथा इन्डियन वाटर रिसोर्सेस सोसयटी के अध्यक्ष प्रो. आशीष कुमार पाण्डे ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव बसन्त यादव ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# विश्वशांति के महानायक ब्रह्माबाबा को किया गया याद

**चन्द्रभान, देश रोजाना**



**रुड़की।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रुड़की सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक ब्रह्माबाबा का 55वां स्मृति दिवस विश्वशांति दिवस के रूप में मनाया गया।

राजयोगिनी बीके गीता दीदी की अध्यक्षता व बीके रजनी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड गन्ना विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी ने कहा कि विश्व शांति व चरित्र निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी ब्रह्माकुमारीज से बेहतर संस्था दुनिया मे कोई दूसरी नही है।

उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वयं में एक ब्रह्माकुमारी है, जो इस संस्था के ऊंचे मानदंडों का एक बड़ा प्रमाण है। उन्होंने ब्रह्माबाबा के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए स्वयं भी इस संस्था से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने शिवाजी महाराज का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भारत भूमि पर हमेशा से नारी शक्ति को पूज्य माना जाता रहा है, इसीलिए हम अपने देश को भारत माता के रूप में सम्मान देते है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में उनका आना,उनके किसी बड़े पुण्य का प्रतिफल है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज की ईश्वरीय साधना व नारी शक्ति के प्रति सम्मान को सराहा और कहा कि ब्रह्माबाबा ने जिस प्रकार अपना सर्वस्व त्यागकर युग प्रवर्तक की भूमिका निभाई वह अनुकरणीय है। अध्यक्षीय उदबोधन में बीके गीता ने विस्तार से ब्रह्माबाबा के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें विश्व शांति का एक फरिश्ता बताया तथा उनके बताये रूहानियत मार्ग पर चलने की जरूरत बताई।

बीके रजनी ने भावी पीढ़ी को चारित्रिक ज्ञान देने की आवश्यकता बताई। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि श्यामवीर सैनी को शॉल ओढ़ाकर व ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवकुमार, श्रीगोपालनारसन, लक्ष्मण सिंह, महेंद्र सैनी, रेखा, अमरेश, राजबाला, अनिल कुमार, शिव कुमार धीमान, सपना, सूर्यकांत सैनी आदि मौजूद रहे।

# सीबीआरआई ने फिर शुरू किया भवनों का निरीक्षण

## दरारों की स्थिति का किया जाएगा आकलन

**एजेंसी, जोशीमठ**

भू-धंसाव के एक साल बाद सीबीआरआई की टीम ने जोशीमठ के भवनों का निरीक्षण फिर शुरू कर दिया है। इस निरीक्षण के तहत नगर में भवनों में आई दरारों की स्थिति का आकलन किया जाएगा। साथ ही यदि कोई नया भवन असुरक्षित श्रेणी में आया होगा या दरार वाला कोई भवन पिछले साल चिह्नित नहीं हो पाया होगा तो उसे भी चिह्नित किया जाएगा।

नगर में भू-धंसाव के समय सीबीआरआई (सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) ने भवनों का निरीक्षण किया था। आपदा के दौरान नगर में 868 भवनों में दरारें चिह्नित की गई थीं जबकि 181 भवन असुरक्षित श्रेणी में रखे गए थे। अब एक बार फिर सीबीआरआई की टीम ने भवनों का निरीक्षण शुरू कर दिया है।

बृहस्पतिवार को टीम ने वार्डों में जाकर मकानों में आई दरारों का निरीक्षण किया। टीम के साथ प्रशासन, नगर पालिका व लोनिवि सहित अन्य विभागों के 50 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जो भवन पिछले साल सर्वे में छूट गए थे उनपर भी निशान लगाए जा रहे हैं साथ ही यदि कोई भवन असुरक्षित श्रेणी में आ रखा है तो उसपर क्रॉस का निशान लगाया जाएगा। हालांकि अभी कोई नया असुरक्षित भवन टीम को नहीं मिला है। तहसीलदार रविशाह ने बताया कि सीबीआरआई की टीम आपदा प्रभावित भवनों का निरीक्षण करने जोशीमठ पहुंची है।

# अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुए दो सुपर ओवर

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच टीम इंडिया ने दूसरे सुपर ओवर में जीत लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम की। रोमांच का चरम क्या होता है, यह भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरे टी20 में देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार दो सुपर ओवर खेले गए। पहला और दूसरा टी20 छह-छह विकेट से जीतने के बाद टीम इंडिया ने तीसरे टी20 में डबल सुपर ओवर में अफगानिस्तान को हरा दिया। निर्धारित 20 ओवर में भारत ने रोहित शर्मा की नाबाद 121 रन की पारी और रिंकू सिंह के नाबाद 69 रन की बदौलत भारत ने चार विकेट पर 212 रन बनाए थे। जवाब में अफगानिस्तान की टीम भी 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 212 रन बना सकी। मैच टाई हुआ और सुपर ओवर में पहुंचा। पहले सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 16-16 रन बनाए। दूसरे सुपर ओवर में भारत के 11 रन के



जवाब में अफगानिस्तान एक रन बना सका और भारत ने मैच जीत लिया। यह मैच देर रात खत्म हुआ और भारतीय टीम पहले ही सीरीज जीत चुकी थी। ऐसे में कई फैंस ने यह मुकाबला नहीं देखा।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 212 रन बनाए। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रोहित और रिंकू का तूफान देखने को मिला। एक वक्त भारत ने 22 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल चार रन और शिवम दुबे एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, विराट कोहली और संजू सैमसन खाता नहीं खोल सके। इसके बाद रोहित और रिंकू ने पांचवें विकेट के लिए 95 गेंद में 190 रन की नाबाद साझेदारी की।

किसी ने नहीं सोचा था कि टीम इंडिया 200 के स्कोर तक पहुंच पाएगी, लेकिन हिटमैन और रिंकू ने ऐसा कर दिखाया। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का रिकॉर्ड पांचवां शतक लगाया। वह इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह 69 गेंद में 11 चौके और आठ छक्के की मदद से 121 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रिंकू ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक लगाया। वह 39 गेंद में 69 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए।

213 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम को कप्तान इब्राहिम जादरान और रहमनुल्लाह गुरबाज ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने 93 रन जोड़े। इस साझेदारी को कुलदीप यादव ने तोड़ा। उन्होंने गुरबाज को कैच आउट कराया। वह 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 50 रन बनाए। वहीं, जादरान 41 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। अजमतुल्लाह ओमरजई खाता नहीं खोल सके।

मोहम्मद नबी ने 16 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 34 रन की तूफानी पारी खेल मैच अफगानिस्तान की तरफ मोड़ दिया। हालांकि., वॉशिंगटन सुंदर ने 17वें ओवर में सधी हुई गेंदबाजी की नबी को पवेलियन भेजा। करीम जनत दो रन बनाकर रन आउट और नजीबुल्लाह जादरान पांच रन बनाकर आउट हो गए। इन विकेट ने मैच को फिर रोमांचक बना दिया। आखिरी ओवर में अफगानिस्तान को जीत के लिए 19 रन की दरकार थी। गुलबदिन नईब क्रीज पर थे। उन्होंने शराफुद्दीन अशरफ के साथ मिलकर 20वें ओवर में 18 रन बनाए और मैच टाई हो गया। गुलबदिन 23 गेंद में चार चौके और चार छक्के की मदद से 55 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने तीन विकेट लिए। वहीं, आवेश खान और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

### सुपर ओवर

पहले सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए। जवाब में भारत भी 16 रन बना सका। दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 11 रन बनाए और फिर अफगानिस्तान को एक रन ही बनाने दिया। अफगानिस्तान की टीम ने तीन गेंद में ही दो विकेट गंवा दिए और इस तरह टीम इंडिया ने जीत हासिल की। रवि बिश्नोई दूसरे सुपर ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और अफगानिस्तान की टीम उनके फिरकी में फंस गई। तीन गेंद में ही उन्होंने मोहम्मद नबी और रहमनुल्लाह गुरबाज के दो विकेट लिए। एक सुपर ओवर में किसी एक टीम के दो विकेट गिरने पर पारी वहीं समाप्त हो जाती है।


# सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में सफल सर्जरी

## साउथ अफ्रीका में फील्डिंग के दौरान हुए थे इंजर्ड

एजेंसी

सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में ग्रॉइन की सफल सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में सूचना दी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रॉइन इंजरी की सर्जरी कराई है, वह एक सप्ताह में भारत लौट सकते हैं। सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब करेंगे। जहां से उनके इस साल के आईपीएल तक फिट होने की संभावना है।

दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव की सर्जरी बुधवार को म्यूनिख के एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में हुई। उनसे पहले केएल राहुल ने भी 2022 में म्यूनिख में ही स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन करवाया था। राहुल एक महीने बाद फिट होकर खेलने लगे थे, लेकिन सूर्या को फिट होने में 2 महीने तक का समय लग सकता है। सूर्या पिछले महीने साउथ अफ्रीका में टी-20 इंटरनेशनल खेलने के दौरान इंजर्ड हुए थे। उन्हें फील्डिंग के दौरान एंकल में चोट लग गई थी। जिसके बाद उनकी एंकल सर्जरी हुई थी। उस सर्जरी के बाद अब उनकी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी भी



हुई। 2 सर्जरी होने के कारण ही उन्हें फिट होने में ज्यादा समय लगेगा।

क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि सूर्यकुमार यादव इस साल के आईपीएल तक फिट हो जाएंगे। टूनार्मेंट के मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावनाएं हैं। आईपीएल के ठीक बाद एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू होगा। सूर्या इसके लिए भी फिट हो जाएंगे। नेशनल क्रिकेट एकेडमी भारत में क्रिकेटर्स की फिटनेस और ट्रेनिंग का ध्यान रखती है। नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने ही जनवरी में सूर्या की सर्जरी करवाने पर जोर दिया था, ताकि वह वर्ल्ड कप से पहले तक पूरी तरह फिट हो सकें।

# ये तो अश्विन वाली सोच, रोहित के फैसले से राहुल द्रविड़ भी हैरान

एजेंसी, बेंगलुरू

रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट? अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल ने रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीमभावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिये आखिरी गेंद पर दो रन चाहिये थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आयें।

दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर



रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे। नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाये तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिये नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिये कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बाद में बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज नहीं हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने हालांकि कहा, मुझे नहीं पता कि क्या हुआ (रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट)। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं और उन्हें परखते रहते हैं। हमें नियम नहीं बताया गया था।

# उज्बेकिस्तान को कड़ी टक्कर देने के लिए उतरेगा भारत

एजेंसी, कतर

अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम आज एशिया कप फुटबाल टूनार्मेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान का सामना करेगी और उसका लक्ष्य पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत विश्व रैंकिंग में 102वें जबकि उज्बेकिस्तान 68वें नंबर पर है।

भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक गोल करने नहीं दिया था, लेकिन आखिर में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी। भारतीय रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे। उज्बेकिस्तान ने अपना पहला मैच सीरिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था।

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने कहा,ह्यउज्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है, लेकिन वह एक अच्छी टीम है इसलिए हमारे सामने इस मैच में भी बड़ी चुनौती होगी।ह्ल



उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत को जवाबी हमले करने पर ध्यान देना होगा। छेत्री, मनवीर सिंह जैसे अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों को जो भी मौका मिले उसका फायदा उठाना होगा। रक्षापंक्ति में संदेश झिंगन की भूमिका अहम होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने शानदार खेल दिखाया था।

पिछले एक साल में चीन, ओमान और बोलिविया जैसी टीमों को हराने वाली उज्बेकिस्तान की टीम सीरिया के खिलाफ मौकों का फायदा नहीं उठा पाई थी और वह इसकी भरपाई भारत के खिलाफ करने की कोशिश करेगी। इन दोनों टीम के बीच आखिरी मैच 2001 में कुआलालंपुर में मडेर्का कप में खेला गया था, जिसमें उज्बेकिस्तान की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। उज्बेकिस्तान पिछले छह मैच में भारत से नहीं हारा है।

# जर्मनी पर जीत भारतीय महिला हॉकी टीम को दिलाएगी पेरिस का टिकट

- पेनल्टी कॉर्नर अब भी चिंता का विषय

एजेंसी, नई दिल्ली

गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई में महिला हॉकी टीम बृहस्पतिवार को एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगी। पूल ए में शीर्ष पर रहने वाली जर्मनी पर जीत भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक का टिकट दिला देगी। टूनार्मेंट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमों को ओलंपिक में खेलने का मौका मिलेगा।

विश्व नंबर छह भारत और नंबर पांच जर्मनी के बीच मुकाबला आसान नहीं होगा। 2006 के बाद से दोनों टीमें आपस में सात बार खेली हैं,



जिसमें पांच में जर्मनी को जीत मिली है और दो में भारत जीता। जर्मनी और जापान के पूल ए में सात अंक रहे, लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर यह टीम शीर्ष पर रही।

वहीं भारत को पहले मैच में अमेरिका के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अगले दो मैचों में उसने न्यूजीलैंड पर 3-1 और इटली पर 5-1 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को ओलंपिक टिकट हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। तीसरे और चौथे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में जीतने वाली टीम भी ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेगी।

भारत की सबसे बड़ी कमजोरी पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की रही है। उदिता ने इटली के खिलाफ पेनाल्टी कॉर्नर पर जरूर गोल किए, लेकिन दीपिका ड्रैग फ्लिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं। भारत के लिए सकारात्मक पक्ष उदिता, निक्की प्रधान, मोनिका का रक्षण है। वहीं मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे की तेजी ने सभी को प्रभावित किया है।

टीम की कोच यानिके शापमेन का कहना है कि हम जर्मनी का खेल जानते हैं। हम उनसे गर्मियों में भी खेले थे और हाल ही में स्पेन में खेलकर आए हैं।

# सुमित नागल दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलियन ओपन बाहर

- बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अगले दौर में पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में सुमित नागल का सफर खत्म हो चुका है। दूसरे दौर में उन्हें चीनी टेनिस खिलाड़ी जुनचेंग शांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टूनार्मेंट के पहले राउंड में यादगार जीत दर्ज करने वाले नागल को अच्छी शुरूआत के बावजूद हार झेलनी पड़ी। वाइल्डकार्ड के जरिए टूनार्मेंट में जगह बनाने वाले 18 वर्षीय चीनी खिलाड़ी ने धीरे-धीरे गति पकड़ी और 2-6, 6-3, 7-5, 6-4 स्कोर के साथ जीत हासिल की। तीसरे सेट के बाद से शांग ने जबरदस्त सर्विस की और पहला सेट हारने के बावजूद मैच जीतने में सफल रहे।

दो घंटे 50 मिनट तक चले मुकाबले में नागल चौथे सेट में थके हुए लग रहे थे। वह बेहतरीन यादों



के साथ मेलबर्न पार्क से बाहर निकले, उन्होंने क्वालीफायर के माध्यम से मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई और दुनिया के 27वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक पर यादगार जीत हासिल की। हरियाणा के झज्जर के 26 वर्षीय नागल को 180,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जो उनके प्रयासों के लिए एक बड़ा इनाम है। यह उनके 2024 टूर बजट के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कवर करेगा। नागल ने शुरूआत में चीनी खिलाड़ी को बेसलाइन लड़ाई में उलझाए रखा और पहले गेम में शुरूआती ब्रेक अपने नाम किया। शांग ने वापसी की दमदार कोशिश की, लेकिन नागल ने अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः शुरूआती सेट जीत लिया।

दूसरे सेट में शांग अधिक आक्रामक दिखे, जिन्होंने गलतियां कम कीं, अच्छी सर्विस की और अपने कोर्ट कवरेज में सुधार किया। शांग ने दो ब्रेक के साथ 5-2 की मजबूत बढ़त ले ली और सेट अपने पक्ष में कर लिया। तीसरे सेट में कड़ी प्रतिस्पर्धा बनी रही स्कोर 5-5 था। इसके बाद शांग ने नागल की गलतियों का फायदा उठाया और महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। अंत में वह सेट जीतने में सफल रहे। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, शांग की सर्विस बेहतर होती गई, जिससे थके हुए दिख रहे नागल पर दबाव बन गया। शांग ने चौथे सेट के महत्वपूर्ण सातवें गेम में एक और ब्रेक हासिल किया और आसानी से जीत पक्की कर ली। अंत में, शांग की बेहतर सेवा और समग्र प्रदर्शन ने उन्हें नागल के खिलाफ मैच में विजयी बनाया। नागल एक सराहनीय प्रदर्शन और एक महत्वपूर्ण इनाम के साथ टूनार्मेंट से विदा हुए।

पुरुष युगल वर्ग में रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने प्रभावशाली वापसी की और पहले सेट में 0-5 की हार से उबरते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को हरा दिया। हालांकि, विजय सुंदर प्रशांत और अनिरुद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुस्कोविक्स और फैबियन मारोजसन की जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

# महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और उनके दो पूर्व कारोबारी साझेदारों का विवाद लगातार उलझता जा रहा है। पहले धोनी की तरफ से उनके कारोबारी साझेदारों के खिलाफ 15 करोड़ के नुकसान का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद पूर्व साझेदारों ने भी धोनी के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है।

अब दिल्ली उच्च न्यायालय ने रजिस्ट्री से धोनी को ईमेल करने को कहा है। इस मेल के जरिए धोनी को यह सूचित किया जाएगा कि उनके दो पूर्व कारोबारी साझेदारों ने उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज



कराया है। धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने धोनी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। दिवाकर और दास ने 2017 के अनुबंध के कथित उल्लंघन के संबंध में धोनी और उनकी ओर से काम करने वाले लोगों को उनके खिलाफ मानहानिकारक आरोप लगाने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की है।

# सचिन के धुरंधरों ने युवराज की टीम को हराया

- इरफान ने छक्के से फिनिश किया मैच

एजेंसी, बेंगलुरु

सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में वन वर्ल्ड ने 'वन वर्ल्ड वन फैमिली कप' में युवराज सिंह की वन फैमिली को चार विकेट से हराया। यह मुकाबला गुरुवार को साई कृष्णन क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में सात देशों के 24 दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वन वर्ल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के अल्विरो पीटरसन की 50 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी की मदद से जीत



हासिल की।

सचिन और नमन ओझा ने शानदार शुरूआत दी, श्रीलंका के अनुभवी चामिंडा वास की गेंद पर आउट होने से पहले ओझा ने 18 गेंदों में 25 रन में चार चौके लगाए। हालांकि, यह सचिन की पारी थी जिसने ध्यान खींचा क्योंकि उन्होंने फाइन लेग पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। उन्होंने अल्विरो के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। अपने ट्रेडमार्क कवर ड्राइव और पैड से फ्लिक के साथ, सचिन ने अपनी 27 रन की पारी में तीन चौके जमाए।

12 गेंदों में 17 रन चाहिए थे, इरफान पठान ने अपनी टीम को जीत के करीब ले जाने के लिए धैर्य बनाए रखा। अंतिम छह गेंदों पर केवल सात रनों की आवश्यकता होने पर, उन्होंने अपने भाई युसूफ पठान की गेंद पर सामने की तरफ छक्का मारकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, वन फैमिली ने डैरेन मैडी के 41 में से 51 रनों की शानदार पारी की बदौलत कुल 181 रन बनाए।

युसूफ पठान (24 में से 38) ने अपनी शानदार बल्लेबाजी कौशल से वन वर्ल्ड पारी को अंतिम रूप दिया। कप्तान युवराज सिंह ने अपने ट्रेडमार्क के साथ मिड-विकेट पर दो अधिकतम छक्के लगाए और लेग पर उनके स्वीप ने उन्हें दो चौके लगाने में मदद की, जिससे उनकी पारी 10 गेंदों में 23 रन पर समाप्त हो गई।

# न्यू हैंपशायर में ट्रंप बनाम निक्की हेली

- रोन देसांतिस ने दिए नाम वापसी के संकेत



**एजेंसी, वॉशिंगटन**

आयोवा कॉकस के मतदान में जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक उत्साहित हैं। अब उनकी निगाहें न्यू हैंपशायर में होने वाले कॉकस चुनाव पर लगी हैं। अब खबर आ रही है कि न्यू हैंपशायर में डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच ही टक्कर हो सकती है क्योंकि रोन देसांतिस न्यू हैंपशायर कॉकस के चुनाव से नाम वापस लेने पर विचार कर रहे हैं। रोन देसांतिस दरअसल साउथ कैरोलिना कॉकस के लिए होने वाले चुनाव पर ही फोकस करना चाहते हैं।

न्यू हैंपशायर में 23 जनवरी को मतदान होना है। एक ताजा पोल में दावा किया जा रहा है कि न्यू हैंपशायर में डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है क्योंकि पोल के अनुसार, दोनों को राज्य में 40-40 फीसदी वोट मिल सकते हैं। न्यू हैंपशायर के गवर्नर क्रिस सुनुनु निक्की हेली का समर्थन कर रहे हैं, ऐसे में राज्य में ट्रंप को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को हुए आयोवा कॉकस के चुनाव में जीत दर्ज की थी और उन्हें 51 प्रतिशत वोट मिले थे।

रोन देसांतिस को 21 प्रतिशत और निक्की हेली को 19 प्रतिशत लोगों ने वोट किया था। विवेक रामास्वामी, जो अब राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो चुके हैं, उन्हें 7 फीसदी मतों से संतोष करना पड़ा था। हाल के दिनों में निक्की हेली की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। न्यू हैंपशायर में जहां वह ट्रंप पर भारी पड़ सकती हैं, वहीं साउथ कैरोलिना उनका अपना राज्य है, जहां से वह दो बार गवर्नर रह चुकी हैं। यही वजह है कि ट्रंप को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से दावेदारी हासिल करने के लिए निक्की हेली की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। रोन देसांतिस को लेकर कहा जा रहा है कि उनके पास फंड की कमी है और न्यू हैंपशायर में उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद भी बहुत कम है। ऐसे में वह साउथ कैरोलिना पर फोकस कर रहे हैं। निक्की हेली खुद दावा कर रही हैं कि वह रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती उम्मीदवार हैं जो डेमोक्रेट पार्टी के जो बाइडन को पटखनी दे सकती हैं। साथ ही वह मतदाताओं को डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच होने वाले संभावित टकराव को लेकर भी सावधान कर रही हैं। उनका कहना है कि एक बार फिर इन नेताओं के बीच की टक्कर में धांधली और अराजकता देखने को मिल सकती है और नतीजा भी किसी की भी तरफ जा सकता है।

# भारतीय रेलवे और स्विट्जरलैंड रेलवे साथ मिलकर करेंगे काम

**एजेंसी, दावोस**



भारतीय रेलवे, स्विट्जरलैंड रेलवे भविष्य में साथ मिलकर काम कर सकते हैं। दरअसल भारतीय रेलवे, स्विट्जरलैंड के रेलवे के साथ एमओयू करने की योजना पर काम कर रहा है। भारतीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दावोस में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक से इतर अश्विनी वैष्णव ने एक इंटरव्यू में बताया कि स्विट्जरलैंड रेलवे की कई चीजें ऐसी हैं, जिनसे हम सीख सकते हैं। रेल मंत्री ने कहा कि मेरी स्विस रेलवे के अधिकारियों और नीति निमार्ताओं के साथ बैठक हुई। साथ ही मैं उनके केंट्रोल सेंटर भी गया। उन्हें सुरंग बनाने की तकनीक का अच्छा अनुभव है। दुनिया की सबसे लंबी रेल सुरंग भी स्विट्जरलैंड में ही है। साथ ही वहां ट्रैक तकनीक, ट्रैक की बनावट भी बहुत अच्छी है। सबसे अच्छी बात मैंने वहां ये देखी कि उनका पूरा नेटवर्क हब और स्पोक डिजाइन पर आधारित है।

रेल मंत्री ने स्विट्जरलैंड रेलवे की हब और स्पोक ने नेटवर्क की तारीफ की। उन्होंने बताया कि राजधानी ज्यूरिख में स्विस रेलवे का हब है, तो वहां एक ही समय पर कई ट्रेनें आती हैं और कई ट्रेनें एक ही समय पर रवाना होती हैं। इससे फायदा ये होता है कि अगर किसी को ट्रेन बदलनी है तो वह आराम से हब स्टेशन से दूसरी ट्रेन बदल सकता है। स्विट्जरलैंड में ऐसे ही छह हब स्टेशन हैं, जिन्हें कई स्पोक नेटवर्क से कनेक्ट किया गया है।

# नेपाल का हिंदू समुदाय उत्साहित

**एजेंसी, काठमांडू**



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। देश के साथ सरहदों के दूसरी तरफ भी भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। नेपाल में रहने वाले श्रद्धालुओं के बीच राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष उत्साह का माहौल है। नेपाल का जिक्र इसलिए भी अहम है क्योंकि इस देश को भगवान राम की ससुराल के तौर पर जाना जाता है। पौराणिक कालखंड में यह देश माता सीता / जानकी का मायका जनकपुर था। आज भी मां सीता के मंदिर का विशेष महत्व है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस खास स्थान पर दर्शन-पूजन कर चुके हैं।

ताजा घटनाक्रम में नेपाल का जिक्र इसलिए क्योंकि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पहले नेपाल के हिंदू समुदाय और श्रद्धालु खास तैयारियां कर रहे हैं। काठमांडू से 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में विराटनगर मेट्रोपॉलिटन सिटी है।

# भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू की विदाई

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू रिटायर हो गए। उनकी विदाई के मौके पर पूर्व राजनयिकों और बड़े अधिकारियों ने 35 साल के करियर को याद किया। भारत-अमेरिका संबंध को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में संधू के उल्लेखनीय योगदान की सराहना भी की गई।

अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू सेवानिवृत्त हो चुके हैं। राजनयिक के रूप में 35 साल का शानदार करियर पूरा करने पर अमेरिकी व्यापार जगत से जुड़ी हस्तियों ने इनकी विदाई के लिए समारोह का आयोजन किया। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले संधू के सम्मान में यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) ने रिसेप्शन रखा। इसमें व्हाइट हाउस, विदेश विभाग के शीर्ष अधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत की कद्दावर हस्तियां शरीक हुईं।

तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान संधू ने चार बार अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में सेवाएं दीं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका से संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।

# शेयर बाजार फिर फिसला, सेंसेक्स 750 अंक टूटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बाद भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को भी बिकवाली दिखी। शुरूआती कारोबार में बाजार के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 750 अंकों तक फिसल गया। वहीं निफ्टी भी 21450 के लेवल के नीचे पहुंच गया। सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर सेंसेक्स 565.49 (0.79%) अंकों की गिरावट के साथ 70,935.27 के स्तर पर जबकि निफ्टी 192.41 (0.89%) अंक फिसलकर 21,379.55 के आसपास कारोबार करता दिखा।

गुरुवार को बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट बैंकिंग, फाइनेंशियल और आईटी सेक्टर के शेयरों में दिखी। निफ्टी में एलटीआई माइंडट्री और एचडीएफसी बैंक के शेयर टॉप लूजर के रूप में कारोबर करते दिखे। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 1628 अंक फिसलकर 71,500 पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी बैंक के शेयरों सें हेडलाइन इंडेक्स पर बढ़ा दबाव

एचडीएफसी बैंक के शेयरों से हेडलाइन इंडेक्स सबसे ज्यादा दबाव बना क्योंकि स्टॉक बुधवार के बाद गुरुवार को भी गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। बैंक के शेयर शुरूआती कारोबार में 3% तक गिर गए, गिरावट के बाद निचले स्तरों पर पर्याप्त खरीदारों को आकर्षित करने में विफल रहा। पिछले दो सत्रों में कंपनी शेयर लगभग 12% गिर गए हैं।

# कैबिनेट से तीन पदों के सृजन को दी मंजूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

16वें वित्त आयोग का गठन करने पर अहम फैसला लिया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। गुरुवार को हुई इस अहम बैठक के बाद जारी बयान के अनुसार, 16वें वित्त आयोग के लिए सरकार एक आर्थिक सलाहकार और दो संयुक्त सचिवों के पद का सृजन करेगी। सरकार ने कहा कि आयोग के काम-काज में योगदान के लिए इन पदों का सृजन हुआ है।

सरकार ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर वित्त आयोग का गठन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने लगभग ढाई हफ्ते पहले इसकी अधिसूचना जारी की थी। कैबिनेट बैठक में मंजूरी और वित्त आयोग के गठन पर सरकार ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को जारी अधिसूचना के माध्यम से 16वें वित्त आयोग के लिए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई थी।

## फिल्म

# पैन इंडिया फिल्म 'डी 51' की शूटिंग शुरू

### पहली बार बड़े पर्दे पर यह तिगड़ी मचएगी धमाल



**तमिल** सुपरस्टार 'धनुष' अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया फिल्म 'डी 51' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा जुलाई, 2023 में की गई थी। वहीं, निमार्ताओं ने आज गुरुवार को फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म के निमार्ताओं ने सोशल मीडिया पर मुहूर्त कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमे धनुष के अलावा निर्देशक नजर आ रहे हैं।

नुष की फिल्म 'डी 51' की शूटिंग आज गुरुवार से शुरू हो गई है। निमार्ताओं ने श्री वेंकटश्वर सिनेमा प्रोडक्शन से मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अभिनेता के साथ निर्देशक समेत अन्य लोगों के साथ समारोह में शामिल हुए और शूटिंग की शुरूआत की। तस्वीरों में धनुष निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ नजर आ रहे हैं।

प्रनूतन, रहसान नूर के साथ 'कोको एंड नट' में करेंगी काम

फिल्म में मेकर्स ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'एक ब्लॉकबस्टर यात्रा जो राष्ट्र के साथ गूंजने के लिए बाध्य है, एक पूजा समारोह के साथ, एक महत्वपूर्ण शेड्यूल की शूटिंग शुरू होती है।' फिल्म 'डी 51' में अभिनेता धनुष मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अभिनेता ने आलावा नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना पहली बार किसी फिल्म में एक साथ काम करते दिखेंगे।

'डी 51' फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शेखर कम्मुला करेंगे। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, निमार्ता इस फिल्म को अगले वर्ष सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

# रोहित शेट्टी ने लगाई 'गोलमाल 5' पर मुहर



**रोहित** शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' जल्द रिलीज होने वाली है। ऐसे में इसके डायरेक्टर रोहित और सेलेब्स इसका प्रमोशन कर रहे हैं। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय नजर आने वाले हैं।

अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी की निरंतरता पर बात करते हुए अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी शेयर की। चलिए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है। पिंकविला से बात करते हुए रोहित शेट्टी ने बताया कि 'गोलमाल 5' जरूर बनेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसकी प्रतिक्रिया को देखते हुए, मुझे इसे थोड़ा जल्दी बनाना होगा। मुझे लगता है कि आपको अगले 2 साल में गोलमाल 5 मिल जाएगी'। रोहित ने गोलमाल को लेकर बात करते कहा कि 'हाल ही में सिनेमा में आए बदलाव को देखते हुए गोलमाल फ्रेंचाइजी की आने वाली फिल्म बाकी फिल्मों से ज्यादा भव्य होगी'।

रोहित शेट्टी ने कहा 'मुझे लगता है आज के समय में सिनेमा को ऑल द बेस्ट और गोलमाल जैसी फिल्मों की तुलना में ग्रैंड और बड़ा होना चाहिए। बड़े पैमाने पर मेरा मतलब किसी कार्रवाई से नहीं है। मैं कॉमेडी फिल्म गोलमाल में एक्शन नहीं जोड़ सकता, लेकिन इसकी शैली का स्तर बढ़ा सकता हूं। गोलमाल के बहुत फैंस हैं और मैं फैंस के लिए यह ब्रांड बना रहा हूं। अगली गोलमाल फिल्म बड़ी और बेहतर होनी चाहिए। भले ही यह कॉमेडी फ्रेंचाइजी है'। 'गोलमाल' की बात करें, तो रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म ऑडियंस को काफी पसंद आई थी। 'गोलमाल फन अनलिमिटिड', 'गोलमाल रिटर्न्स', 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल अगेन' आज भी फैंस की पसंदीदा फिल्मों में शामिल है। इन कॉमेडी फिल्मों को देखने के बाद लोग 'गोलमाल 5' का इंतजार कर रहे हैं।

# हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार नूतन की पोती प्रनूतन

**हिंदी** सिनेमा की महान अभिनेत्री दिवंगत नूतन की पोती और अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल अपने करियर के नए चरण की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। अब वे जल्द ही हॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। प्रनूतन फिल्म 'कोको एंड नट' में अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निमार्ता रहसान नूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी।

प्रनूतन 'कोको एंड नट' फिल्म से रहसान नूर के साथ हॉलीवुड डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं। यह रोमांटिक जॉनर की फिल्म बताई जा रही है। इसका निर्देशन खुद रहसान नूर ने किया है। उनकी आखिरी फिल्म 2018 की 'बंगाली ब्यूटी' थी, जिसे समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। 'कोको एंड नट' की कहानी की बात करें तो यह एक महत्वाकांक्षी युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रनूतन ने निभाया है, जो अपनी शादी बचाने की चुनौतियों से जूझ रही हैं। उनके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उन्हें अपने कॉलेज प्रेमी यानी रहसान नूर से समर्थन मिलता है। अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निर्मित होने वाली इस फिल्म की पूरी शूटिंग जून से जुलाई तक शिकागो में होने वाली है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत दोनों से विविध कलाकार और क्रू शामिल होंगे।

# सुरेश गोपी की बेटी की शादी में पहुंचे पीएम मोदी

- मंदिर में पीएम मोदी लड़की वाले पक्ष की ओर से पहंचे थे।

**साउथ** के जाने-माने एक्टर और पॉलिटिशियन सुरेश गोपी की बेटी भाग्या सुरेश ने 17 जनवरी को बिजनेसमैन श्रेयस मोहन से शादी की। इस शादी में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। केरल की पारंपरिक पोशाक- मुंडू और वेष्टि पहने पीएम मोदी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी दो दिनों के लिए केरल दौरे पर हैं। उन्होंने बुधवार को त्रिशूर के गुरुवायुर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद पीएम मोदी ने एक्टर- पॉलिटिशियन सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शिरकत की। शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से गुरुवायुर मंदिर में हुई। शादी के दौरान पीएम का एक अलग अंदाज देखने को मिला। मंदिर में पीएम मोदी लड़की वाले पक्ष की ओर से पहंचे थे। उन्होंने वर श्रेयस मोहन और वधू भाग्या सुरेश को जयमाला देकर प्रणाम किया। जयमाला के बाद पीएम ने दोनों को आशीर्वाद दिया और उनका मुंह भी मीठा कराया। कहा जा रहा है कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की ये अबतक की सबसे ग्रैंड वेडिंग रही है।

भाग्य सुरेश और श्रेयस मोहन की शादी के लिए पीएम मोदी ने करीब 25 मिनट बिताए। पीएम ने गुरुवायुर मंदिर में शादी कर रहे अन्य जोड़ों को भी आशीर्वाद दिया। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को तोहफा भी दिया। इस शादी में साउथ इंडस्ट्री के एक्टर ममूटी, मोहनलाल, दिलीप और बीजू मेनन अपने-अपने परिवारों के साथ नजर आए।

